# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, रविवार 8 मार्च 2026 • वर्ष : 09 • अंक : 288 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




राज्यसभा सांसद खीरू महतो तीसरी बार झारखंड जदयू के प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित

# 50 हजार रिश्वत लेते वरीय मंडल विद्युत अभियंता रंगेहाथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** सीबीआई की टीम ने धनबाद रेल मंडल में बड़ी कार्रवाई करते हुए वरीय मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) संजीव कुमार को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। शुक्रवार की शाम शुरू हुई सीबीआई की कार्रवाई देर रात तक चली। डीआरएम कार्यालय में लंबी पूछताछ और तलाशी के बाद सीबीआई की टीम संजीव कुमार को अपने साथ ले गई। डीआरएम कार्यालय में सीबीआई की टीम के पहुंचते ही हड़कंप मच गया। जैसे ही कर्मचारियों को रेड की जानकारी मिली, कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल हो गया और कई लोग बाहर निकल गए। जानकारी के अनुसार संवेदक अवजित कुमार झा ने सीबीआई से शिकायत की थी। शिकायत में बताया गया था कि धनबाद रेल मंडल में उनके द्वारा लिफ्ट और एसी लगाने का काम किया गया था, जिसके एवज में करीब 24 लाख रुपये का भुगतान होना बाकी था। भुगतान के लिए वह लगातार कार्यालय का चक्कर लगा रहे थे।



आरोप है कि वरीय मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य) संजीव कुमार द्वारा भुगतान कराने के एवज में रिश्वत की मांग की जा रही थी। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई की टीम ने मामले की जांच की, जिसमें शिकायत सही पाई गई। इसके बाद सीबीआई ने जाल बिछाकर डीआरएम कार्यालय में संजीव कुमार के दफ्तर में छापेमारी की और उन्हें 50 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। मामले को लेकर रेड में शामिल सीबीआई डीएसपी ने बताया कि रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई है।

# घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत 60 रुपये बढ़ी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत शनिवार, 7 मार्च से बढ़ा दी गई है, जिससे देश भर में 14.2 किग्रा वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 60 रुपये बढ़ गई है। इसी तरह 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत भी आज से 115 रुपये बढ़ा दी गई है जिससे होटल, रेस्टोरेंट और छोटे कमर्शियल प्रतिष्ठानों जैसे बिजनेस पर असर पड़ा है। दिल्ली में 14.2 किग्रा वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 853 रुपये से बढ़कर 913 रुपये हो गई है। मुंबई में घरेलू एलपीजी सिलेंडर का नया रेट अब 912.50 रुपये हो गया है जो पहले 852.50 रुपये था। कोलकाता में कीमत 879 रुपये से बढ़कर 930 रुपये हो गई है, जबकि चेन्नई में यह 868.50 रुपये से बढ़कर 928.50 रुपये हो गई है। बदले हुए रेट आज से लागू हो गये हैं। यह बढ़ोतरी बिजनेस में इस्तेमाल होने वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर पर भी लागू होगी। दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1768.50 रुपये से बढ़कर 1883 रुपये हो गई है। मुंबई में कीमत 1720.50 रुपये से बढ़कर 1835 रुपये हो गई है। इसी तरह कोलकाता में कीमत 1875.50 रुपये से बढ़कर 1990 रुपये हो गई है, जबकि चेन्नई में यह



1929 रुपये से बढ़कर 2043.50 रुपये हो गई है। इससे पहले घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत अप्रैल 2025 से ही स्थिर रही जब दिल्ली में बिना सब्सिडी वाला रेट 853 रुपये था। नवीनतम संशोधन घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ उन कमर्शियल उपयोगकर्ताओं के लिए भी एक महत्वपूर्ण वृद्धि दर्शाता है जो दैनिक कार्यों के लिए एलपीजी पर निर्भर हैं। यह बढ़ोतरी भारत की एनर्जी सप्लाई और फ्यूल की उपलब्धता पर चर्चा के बीच हुई है। केंद्रीय पेट्रोलियम और नेचुरल गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने पहले भरोसा दिलाया था कि देश में एनर्जी की कोई कमी नहीं है। कंज्यूमर्स को सप्लाई में रुकावट की चिंता करने की जरूरत नहीं है। मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हमारी प्राथमिकता अपने नागरिकों के लिए सस्ता और टिकाऊ फ्यूल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है और हम इसे आराम से कर रहे हैं। भारत में एनर्जी की कोई कमी नहीं है और हमारे एनर्जी कंज्यूमर्स के लिए चिंता की कोई बात नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### आग लगने से छह बाइक जलकर खाक

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के साकची थाना क्षेत्र में शनिवार को सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी कार्यालय के पास खड़ी छह बाइकें जलकर खाक हो गईं। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। आशंका जताई जा रही है कि कार्यालय के पास झाड़ियों में किसी ने जलती सिगरेट फेंक दी, जिससे आग लग गई। यह आग तेजी से फैली और पास खड़ी बाइकों को अपनी चपेट में ले लिया। बाइक टाटा स्टील के ठेका कर्मियों की थीं।

### पुल की रेलिंग से टकरा बाइक सवार की मौत

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** भतीजे के तिलक में मिली नई बाइक से हुए एक्सीडेंट में चाचा की मौत हो गई। घटना शनिवार को सतगावां थाना क्षेत्र के विशनीडीह गांव में हुई। हादसा बाइक के पुल की रेलिंग से टकराने की वजह से हुआ। मृतक की पहचान 35 वर्षीय संटू राम के रूप में की गई। संटू राम के घर में दो भतीजे के तिलक समारोह की खुशियां मनाई जा रही थीं, जो इस हादसे के बाद चीख-पुकार में बदल गईं।

### युवक ने जहर खाकर दी जान

**कोडरमा (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बदडीहा गांव में पारिवारिक विवाद के बाद एक युवक ने जहर खा लिया जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान 22 वर्षीय चंदन यादव के रूप में हुई है। उसके पिता का नाम दिलीप यादव है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की शाम किसी बात को लेकर चंदन का अपने परिजनों के साथ विवाद हो गया था। विवाद के बाद गुस्से में आकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। विषपान के कुछ देर बाद ही उसकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी जिससे घर में अफरा-तफरी मच गई।

### कुएं में गिरने से युवक की मौत

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के घाघरा थाना क्षेत्र के गम्हरिया बांग्ला टोली में कुएं में डूबने से करीब 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमित उरांव के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजन उसे आनन-फानन में घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### संदेहास्पद स्थिति में मिला युवक का शव

**पाकुड़(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के तलवाडांगा गांव के पास खेत में एक युवक के शव पाए जाने को लेकर इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना मिलते ही पुलिस पदाधिकारी दल-बल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चतरा।** जिले के इटखोरी थाना क्षेत्र में देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तीनों युवक अपने दोस्त की शादी समारोह से लौट रहे थे। यह हादसा इटखोरी थाना क्षेत्र के हजारीबाग रोड स्थित करनी इलाके में हुआ। जानकारी के अनुसार सिलाड़ गांव निवासी मिथिलेश भुइयां, धुना गांव निवासी पंकज भुइयां और नीरज कुमार भुईयां एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर शादी समारोह से अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान करनी से धुना गांव जाने के क्रम में तेज रफ्तार एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर दूर जा




गिरे। हादसे में मिथिलेश भुइयां की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही इटखोरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। गंभीर रूप से घायल पंकज भुइयां को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों के प्रयास के बावजूद उसकी भी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया है।

# सड़क हादसे में मां-बेटी की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** जिला के गोविंदपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। गहरा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार और ऑटो की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दर्दनाक दुर्घटना में एक बच्ची और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार हादसा गोविंदपुर थाना क्षेत्र के गहरा मोड़ के पास हुआ। बताया जा रहा है कि तेज गति से आ रही कार ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। ये टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो में सवार मुर्गाबानी गांव की रहने वाली 10 वर्षीय वंदना और 35 वर्षीय फूलमती देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे में ऑटो में बैठे अन्य दो से तीन लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर गोविंदपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच भेजा। वहीं पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजन गुजरा मोहली ने बताया कि वो पत्नी और बेटी के साथ एक शादी समारोह में गए थे। घर वापस लौटने के दौरान सभी एक ऑटो में सवार होकर घर जा रहे थे। इस दौरान एक कार ने उनकी ऑटो को टक्कर मार दी। इस हादसे में बेटी और पत्नी की मौत हो गई है। गोविंदपुर थाना प्रभारी विष्णु प्रसाद राउत ने कहा कि दो वाहनों की टक्कर हुई। दुर्घटना के बाद सभी को एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया गया था। किसी की मौत की जानकारी उन्हें नहीं है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और दुर्घटना कैसे हुई, इसकी पड़ताल की जा रही है।

# पश्चिम बंगाल विस चुनाव के लिए कांग्रेस ने की जिला पर्यवेक्षकों की घोषणा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव को केंद्र में रखकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे ने जिला पर्यवेक्षकों के लिए प्रस्तावित नामों पर तत्काल प्रभाव से स्वीकृति प्रदान की। संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने अपने हस्ताक्षर से सूची जारी की है। झारखंड कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने कहा कि जारी 33 जिला पर्यवेक्षकों की सूची में अकेले प्रदेश के 21 कांग्रेस नेता के नाम शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, प्रदीप बलमुचू, खूंटी से वर्तमान लोकसभा सांसद कालीचरण मुंडा, झारखंड विधानसभा में विधायक दल के नेता प्रदीप यादव और उप नेता राजेश कच्छप का नाम शामिल है। इसके अलावा पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व सांसद फुरकान अंसारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कृषि विपणन पर्षद के अध्यक्ष रविंद्र सिंह सहित कई नेताओं के नाम शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा चुनाव में झारखंड कांग्रेस के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी केंद्रीय नेतृत्व की ओर से दी गई है।

# राज्यसभा चुनाव में सीट बचाने की जुगत में जुटी भाजपा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** बिहार में राज्यसभा चुनाव और सत्ता परिवर्तन की तैयारी के बीच झारखंड में भी राज्यसभा चुनाव की गहमागहमी तेज हो गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा राज्य में मई-जून माह में होनेवाले राज्यसभा की दोनों सीटों के चुनाव के लिए दावा ठोके जाने के बाद प्रमुख विपक्षी दल भाजपा में भी मंथन का दौर शुरू हो गया है। भाजपा का मानना है कि आंकड़े भले ही ना हों, बावजूद चुनावी रण कौशल के जरिए पार्टी कम से कम एक सीट जरूर जीत जाएगी। इस संबंध में भाजपा प्रवक्ता अविनेष कुमार कहते हैं कि इस विषय पर पार्टी का शीर्ष नेतृत्व मंथन कर निर्णय लेगा लेकिन इतना तो जरूर है कि जब चुनाव की घोषणा होगी तो भाजपा के कामकाज से उत्साहित होकर विरोधी दलों के विधायक भी वर्तमान हेमंत सरकार के खिलाफ हमें समर्थन देंगे। झारखंड से राज्यसभा के लिए कुल 6 सीटें हैं। वर्तमान में एक सीट दिशोम गुरु शिबू सोरेन (झामुमो) के निधन की वजह से 4 अगस्त 2025 से खाली है, वहीं दूसरी सीट भाजपा के दीपक प्रकाश की है, जिनका कार्यकाल 21 जून 2026 को समाप्त हो रहा है। इन दोनों सीटों पर चुनाव मई-जून के आसपास होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। राज्यसभा चुनाव में आंकड़ों के गणित में सत्तारूढ़ गठबंधन मजबूत स्थिति में है। सत्तारूढ़ जेएमएम के लिए राज्यसभा की एक सीट तय मानी जा रही है, वहीं दूसरी सीट पर चुनाव दिलचस्प होनेवाला है। आंकड़ों पर नजर डालें तो 81 सदस्यीय झारखंड विधानसभा में सत्तारूढ़ महागठबंधन झामुमो-कांग्रेस-राजद-सीपीआई माले आदि के पास मजबूत स्थिति में है। झामुमो के 34, कांग्रेस के 16, राजद के 4 और सीपीआई माले के 2 विधायक सहित कुल 56 विधायक हैं। वहीं एनडीए कोटे में भाजपा के पास 21, आजसू, जदयू और लोजपा रामविलास के पास 1-1 सीट है। इस तरह से कुल 24 सीटें हैं जबकि एक सीट जेएलकेएम के पास है। राज्यसभा चुनाव में 27+1 यानी 28 वोट की आवश्यकता होगी। इस तरह से पहली सीट जेएमएम के खाते में जाना तय मानी जा रही है। दूसरी सीट पर यदि महागठबंधन एकजुट रहता है तो भाजपा के लिए मुश्किल खड़ी कर सकता है।

# जमीन विवाद को लेकर गोलीबारी में पिता की मौत, पुत्र घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र के तिमड़ा गांव में शुक्रवार रात जमीन विवाद को लेकर हुए गोलीकांड में 55 वर्षीय सुकरा महतो की मौत हो गई। जबकि उनका 19 वर्षीय बेटा अर्जुन महतो गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान यानी रिम्स रेफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात करीब आठ बजे सुकरा महतो अपने घर स्थित किराना दुकान पर परिवार के साथ बैठे थे। इसी दौरान दो हथियारबंद अज्ञात अपराधी वहां पहुंचे और सुकरा महतो के छोटे बेटे अर्जुन महतो पर गोली चला दी। अर्जुन ने बचने की कोशिश की, लेकिन गोली उसके दाहिने बांह में लग गई। इसके बाद अपराधियों ने कुर्सी पर बैठे सुकरा महतो के सीने में गोली मार दी। गोली लगने के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई और मौके का फायदा उठाकर दोनों अपराधी फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद परिजन और ग्रामीण दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्रा ले गए, जहां डॉक्टरों ने सुकरा महतो को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अर्जुन महतो की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। मृतक के बड़े बेटे नारायण महतो ने बताया कि उनका परिवार वर्ष 2013 से तिमड़ा गांव में अपने ससुराल में रह रहा था। उनके ससुर ने अपनी जमीन बेटी-दामाद के नाम लिख दी थी। जिसके बाद से गोतिया पक्ष के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। आरोप है कि विवाद को लेकर बाहरी लोगों को बुलाकर परिवार को डराने-धमकाने की कोशिश भी की जा रही थी। पूरे परिवार को बनाया था निशाना नारायण महतो के मुताबिक अपराधियों का इरादा पूरे परिवार को निशाना बनाने का था। गोलीबारी के दौरान परिवार के सदस्य इधर-उधर भागकर किसी तरह अपनी जान बचा सके नहीं तो और लोग भी इसकी चपेट में आ सकते थे। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मामले की सूचना मिलते ही कर्रा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इस संबंध में पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार सिंह और क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में पुलिस टीम मामले की छानबीन में जुटी हुई है।


# गढ़वा की शान है जैव विविधता पार्क : तिवारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गढ़वा।** जिले के रंका अनुमंडल मुख्यालय के लोहवा पुल स्थित जैव विविधता उद्यान (नक्षत्र वन) का उद्घाटन हुआ। इस मौके पर गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी, वन संरक्षक पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, डीएफओ एबिन बेनी अब्राहम, प्रमुख लिलावती देवी मौजूद रहे। इस अवसर पर गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि रंका में जैव विविधता उद्यान का निर्माण हो जाने से रंका अनुमंडल के साथ जिले की भी सुंदरता काफी बढ़ गयी। लोग यहां प्रकृति की गोद में बैठकर जैव विविधता की भव्यता का दीदार करेंगे। विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि जैव विविधता उद्यान (नक्षत्र वन) गढ़वा जिला का शान बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के साथ छेड़छाड़ के कारण पर्यावरण का नुकसान हो रहा है। इसलिए वन, प्रकृति और जैव



विविधता का संरक्षण एवं संवर्धन करना सबका कर्तव्य है। विधायक ने कहा कि पर्यावरण का नुकसान होगा तो पृथ्वी पर मानव जीवन के अस्तित्व पर भी संकट खड़ा हो जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को कोशिश करनी होगी कि पर्यावरण को नुकसान ना पहुंचे। विधायक ने मौके पर उपस्थित सभी वन पदाधिकारियों को जैव विविधता उद्यान को विस्तार करने की बात कही। साथ में यह भी कहा कि यहां अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने की जरूरत है। विधायक ने कहा कि जैव विविधता उद्यान को स्वच्छ और सुरक्षित रखने में सबको सहयोग करना होगा। इसके अलावा पार्क के नियमों का पालन करना होगा तभी हम जैव विविधता का संदेश लोगों तक पहुंचा सकते हैं। दक्षिणी वन प्रमंडल पदाधिकारी एबिन बेनी अब्राहम ने जैव विविधता के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस पार्क का निर्माण तीन फ़ेज में किया गया। अभी तक लगभग 6 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। साथ ही कहा कि जैव विविधता का उद्देश्य है कि आम नागरिकों को प्रकृति के गोद में बैठ कर पृथ्वी पर जीवन की विविधता को जानना तथा आराम करने की एक जगह प्रदान करना है। वन अधिकारी ने कहा कि जैव विविधता उद्यान में आम नागरिकों एवं बच्चों को आकर्षित करने के लिए अलग-अलग प्रजाति के औषधीय पौधे, बांस आदि जैविक चीजें सजाए गए हैं। इनमें रंगमंच, बाल वन, वन चेतना, विज्ञान केंद्र, संजीवनी, महुआ पॉइंट, लता मंडप और सनसेट पॉइंट लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जैव विविधता उद्यान में महान व्यक्तियों भगवान बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हु, नीलांबर-पीतांबर और भगवान गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की गयी है।



C M Y K

# पावर हाउस में चोरी की साजिश नाकाम, तीन अपराधी गिरफ्तार

## ट्रांसफॉर्मर से तार चोरी करने पहुंचे थे छह बदमाश, तीन फरार, कई औजार और कार बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के निमियाघाट थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के पावर हाउस में ट्रांसफॉर्मर से तार चोरी करने की साजिश को विफल कर दिया। पुलिस ने मौके से तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीन अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। पुलिस फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।जानकारी के अनुसार 6/7 मार्च की रात जीटी रोड किनारे प्रतापपुर स्थित बिजली विभाग के पावर हाउस में छह अपराधी घुसकर ट्रांसफॉर्मर खोलकर उसके तार चोरी करने की योजना बना रहे थे।




सभी अपराधी घटना को अंजाम देने के लिए विभिन्न प्रकार के औजार और हथियार लेकर पहुंचे थे। इसी दौरान गश्ती के दौरान निमियाघाट थाना पुलिस को इसकी भनक लगी और पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर दी। पुलिस को देखते ही अपराधी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने पीछा कर तीन को धर दबोचा गिरफ्तार अपराधियों में श्याम कुमार पंडित 31 वर्ष अरुण कुमार पंडित 25 वर्ष और विकास कुमार 26 वर्ष शामिल हैं। तीनों धनबाद जिले के झरिया थाना क्षेत्र के बास्ताकोला राज एरिया के रहने वाले बताए जाते हैं, जबकि अरुण कुमार का स्थायी पता नवादा बिहार बताया गया है पहले भी कई चोरी की घटनाओं में रहे शामिल पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने कई अहम खुलासे किए हैं। आरोपियों ने निमियाघाट थाना क्षेत्र के रोशनाटुंडा में बंद पड़े करीब 12 घरों में चोरी करने और खांकीकला इलाके से मोबाइल टावर की बैटरी चोरी करने की घटना में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। अपराधियों की निशानदेही पर पहले चोरी किए गए एक ट्रक का टायर रिम सहित बरामद किया गया है कार समेत कई उपकरण बरामद पुलिस ने अपराधियों के पास से चोरी की वारदात को अंजाम देने में इस्तेमाल होने वाले कई औजार भी बरामद किए हैं। बरामद सामानों में ग्रे रंग की स्विफ्ट डिजायर कार जेएच-09एएन-5965 दो सलाय रेंच, दो पाइप रेंच, 38 गोती रेंच, टी-रेंच, पेचकस, पाइप कटर, चाकू, रेंच, रिंग रेंच, टेस्टर और प्लास सहित कई उपकरण शामिल हैं।

इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरी सुमित प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक कैलाश प्रसाद महतो, पुलिस निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद, निमियाघाट थाना प्रभारी सुमन कुमार सहित थाना के अन्य पुलिसकर्मी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

पुलिस ने बताया कि फरार तीन अन्य अपराधियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही पूरे गिरोह का खुलासा किए जाने की संभावना है।

# पीरटंड में भागहाहीर बांध जीर्णोद्धार व चेक डैम निर्माण का शिलान्यास

■ मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने किया शिलान्यास, जल संरक्षण व सिंचाई व्यवस्था को मिलेगा बल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पीरटंड प्रखंड में जल संरक्षण और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने की दिशा में शनिवार को दो महत्वपूर्ण योजनाओं का



शिलान्यास किया गया। राज्य के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने भागहाहीर बांध के जीर्णोद्धार कार्य तथा शहरपूरा में चेक डैम निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र में जल संरक्षण की व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा, जिससे कृषि कार्यों को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीणों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए लगातार योजनाएं संचालित कर रही है। जल संरक्षण से जुड़ी ऐसी योजनाएं न केवल किसानों के लिए लाभकारी होंगी बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी मंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ और निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। मंत्री ने कार्यक्रम में सहयोग के लिए सभी अधिकारियों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय एकता शिविर में रिया कुमारी का चयन

**गिरिडीह (नबिटाब)।** रामकृष्ण महिला महाविद्यालय गिरिडीह की छात्रा रिया कुमारी अकाउंट्स मेजर एनएसएस स्वयंसेविका का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर कोलकाता जो दिनांक 10.03.26 से 17.03.26 तक होनेवाली है, में हुआ है।जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालय के छात्र - छात्राएं शामिल होंगे। प्राचार्य डॉ के एन शर्मा ने छात्रा की इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय के लिए गर्व की बात है। साथ ही महाविद्यालय के शिक्षक और कर्मचारी ने रिया कुमारी को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



### नामांकन के अंतिम दिन पैक्स चुनाव के लिए जमा हुए 23 आवेदन

**डंडखोरा/कटिहार (नबिटाब)।** प्रखंड क्षेत्र के सौरिया पैक्स के अध्यक्ष तथा प्रबंधकारिणी सदस्य पद के चुनाव को लेकर नामांकन की आज अंतिम तिथि रही।शनिवार को अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए 3 तथा प्रबंधकारिणी सदस्य पद के लिए कुल 10 लोगों ने अपना नामांकन पत्र प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश के समक्ष जमा किया है।इस बाबत बीडीओ ने बताया कि सौरिया पैक्स के अध्यक्ष सहित विभिन्न कोटि के 11 सदस्यों के चुनाव को लेकर नाम-



निर्देशन पत्र दाखिल करने के आज अंतिम तिथि है।चुनाव 18 मार्च को कराया जाएगा।पैक्स के वोटर लिस्ट में कुल 1716 मतदाता हैं।जिनके मतदान के लिए तीन मतदान केन्द्र बनाया गया है।9 एवं 10 मार्च को प्राप्त नामांकन पत्रों की संवीक्षा होगी।उन्होंने बताया कि 11 मार्च को पूर्वाह्न में अभ्यर्थी अपना नामांकन पत्र वापस ले सकेंगे। तो वहीं अपराह्न में अभ्यर्थियों को प्रतीक चिह्न आवंटन कर दिया जायेगा।उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर सभी प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है।उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए राम प्रसाद महतो,अमित कुमार और बाबुल कुमार ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया है।मौके पर सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संजीत कुमार, प्रधान सहायक संजीद आलम सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

### गांव गांव जाकर सेविकाओं ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**शिवाजीनगर (नबिटाब)।** प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय के निर्देश पर सभी सेविकाओं ने अपने-अपने क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया, इस दौरान विभाग के निदेर्शानुसार महिला पर्यवेक्षाका के देख-रेख में घर-घर भ्रमण कर 85 वर्ष से ऊपर सभी मतदाताओं को अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर जागरूक किया। साथ ही साथ क्षेत्र के अन्य बुजुर्ग महिला मतदाताओं से मिलकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया। उक्त जानकारी देते हुए सीडीपीओ प्रियंका ने बताया कि लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करे, जिसको लेकर विभाग के दिशा निर्देश अनुसार गांव-गांव में मतदाता जागरूकता अभियान चला कर लोगों को जागरूक किया गया। इसी मौके पर महिला पर्यवेक्षाका के साथ सेविका मौजूद थे।

# नदी में डूबने से दो युवकों की मौत, पूर्व जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह ने परिजनों से मिलकर बंधाया ढांढस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह शनिवार को देवरी प्रखंड के चतरो गांव पहुंचे, जहां होली के दिन नदी में डूबने से दो युवकों की हुई मौत के बाद उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया बताया जाता है कि होली के दिन चतरो गांव के नौ युवक आपस में होली खेलने के बाद गोदावरी नदी के त्रिबेणी संगम में स्नान करने गए थे। इसी दौरान दो युवक गहरे पानी में चले गए, जिससे उनकी डूबने से मौत हो गई। दोनों की उम्र लगभग



18 वर्ष और 20 वर्ष बताई जा रही है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है पूर्व जिलाध्यक्ष धनंजय सिंह ने मृतकों के परिजनों से मिलकर उन्हें हिम्मत देते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में वे उनके साथ खड़े हैं।

उन्होंने कहा कि प्रशासनिक स्तर पर सरकार से जो भी सहायता संभव होगी, उसे दिलाने का प्रयास किया जाएगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वे बच्चों को वापस तो नहीं ला सकते, लेकिन परिवार को हरसंभव सहयोग दिलाने का प्रयास करेंगे।धनंजय सिंह के गांव पहुंचने की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग वहां एकत्रित हो गए। इस दौरान उनके साथ प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विमल कुमार सिंह, अंबिका बरनवाल, राजीव रंजन सहित कई लोग मौजूद थे।

# पूर्व उपमुखिया प्रतिनिधि के निधन से पंचायत में शोक की लहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार) ।** प्रखंड क्षेत्र के रायपुर पंचायत के पूर्व मुखिया एवं वर्तमान वार्ड सदस्य मीना देवी के पति रमेश उरांव की असामयिक निधन से पंचायत सहित प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। परिजनों के रुदन से माहौल शोकाकुल बन गया हुआ है। बताया जाता है कि बीते कुछ दिनों से वे बीमार चल रहे थे। घटना की सूचना मिलते हीं अंतिम दर्शन को उनके घर पंचायत प्रतिनिधियों, समाजसेवियों सहित आमजनों की भीड़ उमड़ पड़ी।

पंचायत के मुखिया आलोक चौहान, सरपंच संजीव कुमार मंडल, उपमुखिया पुनम कुमारी, पूर्व उपप्रमुख सह पंचायत समिति सदस्य बसंत चौहान, युवराज मंडल सहित मनोज उरांव सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं उपप्रमुख सहेन्द्र प्रसाद मंडल, पूर्व प्रमुख सूरज कुमार साह, पंसस बरुण राय ने उनके निधन पर शोक प्रकट करते हुए उन्हें जनजाति समाज का अग्रणी नेता और समाजसेवी बताया।

# खंडोली में बन रही सड़क के लिए आदिवासियों की जमीन का मुआवजा मिले : राजेश यादव

## प्रभावित रैयतों से मिलकर फॉरवर्ड ब्लॉक ने दी आंदोलन की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** खंडोली डैम के समीप बनाई जा रही सड़क में स्थानीय आदिवासियों की करीब 4 एकड़ जमीन ली गई है, लेकिन अभी तक उन्हें मुआवजा नहीं मिला है। आदिवासी रैयतों को इस बात का भय सता रहा है कि, अन्य कई जगहों की तरह कहीं उन्हें भी सड़क बनने के बाद मुआवजे से वंचित न कर दिया जाए उक्त बातें स्थानीय पूर्व जिप सदस्य एवं ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला संयोजक राजेश यादव ने आज सुबह सड़क निर्माण स्थल पर प्रभावित आदिवासी परिवारों के सदस्यों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनने के उपरांत कही।

उन्होंने कहा कि आदिवासी परिवारों की चिंता जायज है, क्योंकि पूर्व में कई जगहों पर ऐसा देखा गया है कि, निर्माण कार्य होने के बाद मुआवजा नहीं मिल पाया है प्रभावित



परिवारों से मुलाकात क्रम में यह भी निर्णय लिया गया कि, यदि प्रशासन ने इस समस्या का संज्ञान लेकर मुआवजा भुगतान नहीं करवाया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे यादव ने कहा कि, प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त जमीन बेंगाबाद अंचल अंतर्गत करणपुरा पंचायत के मौजा कारीचट्टान के खाता 10 एवं प्लॉट 113, 214 और 241 में स्थित है, जिसका मूल खतियान रामसाय मांझी के नाम से है मौके पर मुआवजा के हकदार चुड़का चौड़े, दुर्गा चौड़े, बाबूलाल चौड़े, मुंशी चौड़े, जीवन चौड़े, नुनुलाल चौड़े, सीतालाल चौड़े, मनोज चौड़े, चुड़का चौड़े, श्यामलाल मरांडी, महेंद्र चौड़े आदि मौजूद थे।

# खीरू महतो पुन: बने जदयू के प्रदेश अध्यक्ष, संगठन होगा मजबूत : सरयु गोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रदेश कार्यालय, रांची में सांगठनिक चुनाव को लेकर पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से खीरू महतो को पुनः झारखंड जदयू का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया।




उनके पुनर्निर्वाचन पर पार्टी नेताओं और कार्यकताओं में खुशी की लहर देखी गई इस अवसर पर जदयू नेता सरयु गोप ने नव-निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि खीरू महतो एक जमीनी और कर्मठ नेता हैं, जो लंबे समय से संगठन को मजबूत करने में जुटे हुए हैं। उनके नेतृत्व में पार्टी का संगठन पूरे प्रदेश में और अधिक मजबूत होगा। सरयु गोप ने विश्वास जताया कि खीरू महतो के नेतृत्व में जनता दल यूनाइटेड झारखंड में बेहतर तरीके से काम करेगी और आने वाले समय में पार्टी का जनाधार भी तेजी से बढ़ेगा बैठक के दौरान पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने खीरू महतो के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# गिरिडीह में डिप्टी मेयर की कुर्सी किसे मिलेगी? सात दावेदारों के नाम चर्चा में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम में डिप्टी मेयर (उपमहापौर) पद को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। नगर निगम के 36 वार्ड पार्षदों द्वारा चुने जाने वाले इस पद के लिए कई नामों की चर्चा जोरों पर है। फिलहाल सात पार्षदों को संभावित दावेदार माना जा रहा है, जिनमें दो भाजपा से और पांच झामुमो से जुड़े बताए जा रहे हैं। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि पार्षदों का बहुमत किसके पक्ष में जाता है और किसे उपमहापौर की कुर्सी मिलती है भाजपा से दो नाम चर्चा में भाजपा की ओर से दीपक कुमार यादव और संजीव कुमार का नाम प्रमुख रूप से सामने आ रहा है दीपक कुमार यादव पहले भी वार्ड पार्षद रह चुके हैं और शहर की राजनीति में उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। उनके बड़े भाई दिनेश कुमार यादव गिरिडीह नगर परिषद के अध्यक्ष रह चुके हैं।

वर्तमान में दीपक यादव भाजपा से जुड़े होने के साथ-साथ कोडरमा सांसद के प्रतिनिधि के रूप में भी सक्रिय हैं वहीं संजीव कुमार पहली बार वार्ड पार्षद बने हैं। उनके पिता भी पहले गिरिडीह नगर परिषद अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ चुके हैं और भाजपा की राजनीति से जुड़े रहे हैं। ऐसे में संजीव कुमार को भी संभावित दावेदारों में गिना जा रहा है झामुमो से पांच पार्षद दावेदारी में झामुमो की ओर से सुमित कुमार, बुलंद अख्तर रूमी, लालो राईन, शगुफ्ता परवीन और नीलम झा के नाम चर्चा में हैं सुमित कुमार लगातार तीसरी बार वार्ड पार्षद बने हैं और जिले के सक्रिय झामुमो नेताओं में उनकी गिनती होती है। इस बार उन्होंने भाजपा जिला महामंत्री संदीप डांगाइच को हराकर अपनी मजबूत पकड़ साबित की है।बुलंद अख्तर रूमी दूसरी बार वार्ड पार्षद चुने गए हैं और पार्टी संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं लालो राईन पहली बार पार्षद बने हैं, लेकिन राजनीति में उनका लंबा अनुभव रहा है। वे पहले गिरिडीह नगर परिषद उपाध्यक्ष चुनाव, नगर निगम उपमहापौर चुनाव और गिरिडीह सदर विधानसभा सीट से भी चुनाव लड़ चुके हैं। 2018 के नगर निगम उपमहापौर चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर करीब 24 हजार वोट हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया था। वहीं 2019 के विधानसभा चुनाव में उन्हें 2493 वोट मिले थे शगुफ्ता परवीन भी पहली बार पार्षद बनी हैं। हालांकि उनके पति सैफ अली गुड्डू इसी वार्ड से लगातार तीन बार पार्षद रह चुके हैं।



# भाजपा महानगर की बैठक में प्रशिक्षण शिविर की बनी रूपरेखा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** भारतीय जनता पार्टी गिरिडीह महानगर की एक आवश्यक बैठक शनिवार को जिला कार्यालय हरिचक में महानगर जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी प्रशिक्षण शिविर को लेकर योजना तैयार करना था बैठक में कोडरमा के पूर्व जिलाध्यक्ष नीतिश चंद्रवंशी प्रभारी के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि सभी मंडलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर कार्यकताओं को 7 विषयों पर 7 सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा।




इससे कार्यकताओं में ऊर्जा का संचार होता है और उन्हें संगठनात्मक संकल्प के साथ सामाजिक दायित्व निभाने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बताया कि मंडल अध्यक्ष अपने-अपने मंडलों की बैठक की तिथि जिला कमेटी को देंगे, जिसके बाद मंडलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा प्रशिक्षण शिविर के संयोजक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष यदुनंदन पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अन्य दलों से अलग है, जहां कार्यकताओं को प्रशिक्षण देकर सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया जाता है और संगठनात्मक कार्ययोजना बनाई जाती है महानगर जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार राय ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर के लिए गिरिडीह महानगर से यदुनंदन पाठक को संयोजक तथा श्याम कुमार, संजीव कुमार और शालिनी वैश्खीयार को सह संयोजक बनाया गया है।

उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर 20 मार्च से 14 अप्रैल के बीच महानगर के सभी 16 मंडलों में आयोजित किया जाएगा। शिविर शाम 4 बजे से प्रारंभ होकर रात्रि विश्राम तक चलेगा और अगले दिन शाम 4 बजे इसका समापन होगा, जो कुल 24 घंटे का शिविर होगा। प्रत्येक सत्र में अलग अलग वक्ता अपने विचार रखेंगे, जिसके लिए जल्द ही पूरी टीम की घोषणा की जाएगी बैठक में महादेव दुबे, एंथोनी स्वामी, सिकंदर हेंब्रम, नवीन सिन्हा, संगीता सेठ, राजेश जायसवाल, मिथुन चंद्रवंशी, संत कुमार लल्लू, सुमन सिन्हा, सदानंद वर्मा, चिंतामणि सिंह, सुरेश मंडल, मनोज पांडे, अजय सिंह, सौरभ मिश्रा, पुरुषोत्तम चौधरी, देवराज, शिवकुमार यादव राजू मंडल राजू पंडित अरविंद राय फूलचंद प्रसाद विवेक गुप्ता जय मंगल राय खीरोधर दास पवन कंधवे सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे बैठक का संचालन श्याम कुमार ने किया, जबकि नवीन सिन्हा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# सम्मान समारोह के बहाने डिप्टी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने दिखाई ताकत

## 34 पार्षदों ने दिया साथ, मनोज सिंह का डिप्टी मेयर बनना लगभग तय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर निगम चुनाव में वार्ड 23 के निर्विरोध पार्षद रहे मनोज सिंह को डिप्टी मेयर बनने का रास्ता लगभग साफ हो गया है।

शनिवार को सुमति होटल में आयोजित पार्षदों के सम्मान समारोह में डिप्टी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने अपनी ताकत दिखा दी। उन्होंने मेदिनीनगर निगम के पूरे 35 वार्ड में एक पार्षद विवेकानंद त्रिपाठी को छोड़ सभी को अपने साथ जोड़ लिया। उन्होंने डिप्टी मेयर के प्रत्याशी के रूप में उनके साथ देने के लिए सभी पार्षदों का अभिनंदन किया। साथ ही अंग वस्त्र व फूल माला देकर सम्मानित किया। मौके पर वार्ड 5 की निर्विरोध पार्षद नीरा देवी ने कहा कि वे पहले ही कह चुकी थी कि उनके बड़े भैया मनोज सिंह डिप्टी मेयर बनेंगे अथवा वे स्वयं बनेंगी। सभी पार्षदों ने एक स्वर से डिप्टी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह को समर्थन देने का फैसला किया है।



मौके पर डिप्टी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह ने कहा कि मेदिनीनगर नगर निगम के विकास के नए अध्याय की शुरूआत हो रही है। डिप्टी मेयर पद के लिए उन्हें साथ देने पर सभी पार्षदों का दिल से आभार व्यक्त करते हैं। ?सभी ने निर्विरोध रूप से उनके उपर अभूतपूर्व विश्वास जताया है वह उनके राजनीतिक जीवन की केवल एक उपलब्धि नहीं बल्कि एक ऐसी अमूल्य निधि है जिसे वे हमेशा अपनी सर आंखों पर सजाकर रखेंगे। सभी का सहयोग व विश्वास इस बात का प्रमाण है कि वे सभी मेदिनीनगर की प्रगति के लिए एकमत हैं। पार्षदों को भरोसा दिलाया। कहा- मैं आप सभी को यह वचन देता हूं कि आपके द्वारा सौंपे गए उत्तरदायित्व की मयार्दा व विश्वास की रक्षा करना मेरा परम धर्म होगा। सभी मिलकर मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में 'विकास व विश्वास' का एक ऐसा पारदर्शी वातावरण कायम करेंगे, जहां विकास की किरणें अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकें। उन्होंने पार्षद बहन नीरा देवी, छोटे भाई गौतम सिंह उर्फ डब्लू सिंह, राजू तिर्की व गौरव सिंह का विशेष रूप से आभार प्रकट किया।

मौके पर वार्ड 1 की पार्षद मंजू देवी, वार्ड 2 के पार्षद सुनील राम, वार्ड 3 के पार्षद राहुल कुमार, वार्ड 4 की पार्षद बिंदिया देवी, वार्ड 6 की पार्षद आशना पांडेय, वार्ड 7 की पार्षद रीता शुक्ला, वार्ड 8 की पार्षद पुष्पा देवी, वार्ड 9 के पार्षद सोनू कुमार, वार्ड 10 के पार्षद रौशन मेहता, वार्ड 11 की पार्षद कविता देवी, वार्ड 12 के पार्षद अनूप सिंह, वार्ड 13 के पार्षद धीरेंद्र पांडेय, वार्ड 14 की पार्षद संजू सिंह, वार्ड 15 के पार्षद अमित कुमार सिंह उर्फ मिनी सिंह, वार्ड 17 की पार्षद नमिता कुमारी, वार्ड 19 के पार्षद नवीन प्रसाद, वार्ड 20 की पार्षद ममता कुमारी, वार्ड 21 के पार्षद साहेब सिंह, वार्ड 22 की पार्षद नीतू सिंह, 24 वार्ड के पार्षद रौशन कुमार नाग, वार्ड 25 की पार्षद मनीषा कुमारी, वार्ड 26 की पार्षद अख्तरी बेगम, वार्ड 27 की पार्षद कमर याष्मीन, वार्ड 28 के पार्षद सैफुल्लाह खान, वार्ड 29 के निर्विरोध पार्षद नवीन गुप्ता उर्फ लाल बाबू, वार्ड 30 के पार्षद रवि पासवान, वार्ड 31 की पार्षद मुमताज बानो, वार्ड 32 की पार्षद अनीश खातून, वार्ड 33 की पार्षद सोनी कुमारी, वार्ड 34 की पार्षद अर्चना देवी, वार्ड 35 की पार्षद दीपिका कुमारी, वार्ड 16 के पार्षद प्रतिनिधि रविशंकर गुप्ता शामिल थे।

# शतचंडी महायज्ञ का हुआ शुभारंभ, रेखा सिंह बनी यजमान

## क्षेत्रीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह हुए यज्ञ में शामिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)** । ऊंटारी रोड के मुरमा कला में शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार को यजमान रेखा सिंह के नेतृत्व में जलयात्रा निकाली गई थी। पलामू जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष रेखा सिंह ने अपने गांव में यज्ञ कमिटी के सदस्यों के अनुरोध पर यजमान बनना स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मौके बिना मां दुर्गा की कृपा के नहीं मिलते। उन्होंने अपने पति दिलीप कुमार सिंह उर्फ छोटन सिंह के साथ तन, मन व धन से यज्ञ के अनुष्ठान कार्यक्रम में लगी हुई हैं। गांव में रह कर हफ्ता भर पूरी अनुशासन के साथ अनुष्ठान में भाग लेना यह साबित करता है कि रेखा सिंह केवल राजनीति में ही नहीं बल्कि धार्मिक व सामाजिक मामलों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेती हैं। जिला के साथ अपने प्रखंड व गांव के लोगों के साथ आत्मीय लगाव है।

जमीनी नेता के सभी गुण इनमें मौजूद हैं। यज्ञ शनिवार से 10 मार्च तक होगा। उन्होंने जिले के सभी धर्म अनुरागी सज्जनों व बहनों से यज्ञ में भ्रमण कर पुण्य का भागी बनने व सनातन धर्म के प्रति आस्था को बढ़ावा देने का आग्रह किया है । यज्ञ अनुष्ठान में जिला परिषद सदस्य सह यह कमेटी केअध्यक्ष अरविंद सिंह, श्याम बिहारी सिंह, धनंजय कुमार सिंह, महेंद्र नाथ दुबे, आचार्य रमाकांत पाठक, भृगु नाथ सिंह, रामसुंदर ठाकुर, अरुण कुमार, जितेन्द्र नाथ सिंह, मिथलेश प्रकाश, अरविन्द पाठक सहित दर्जनों धर्म प्रेमी शामिल हैं । इन सभी ने मंदिर निर्माण से लेकर यज्ञ के अनुष्ठान कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी अपने कंधों पर लेते हुए समाज को एक सुंदर व भव्य देवी मंदिर बनाने का काम किया है । यज्ञ कार्यक्रम में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह भी यज्ञ में शामिल हुए। यज्ञशाला का परिभ्रमण किया। साथ ही मंदिर में शीश नवाया।

## दिशा की बैठक में भड़के सांसद

**आरा।** भोजपुर जिले में चल रही विकास योजनाओं की पूरी जानकारी नहीं मिलने पर जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद सुदामा प्रसाद ने नाराजगी जताई।

शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि चार बैठकों से लगातार जानकारी मांगी जा रही है, लेकिन अब तक विभागों की ओर से स्पष्ट आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। यदि अगली बैठक से पहले पूरी जानकारी नहीं दी गई तो बैठक का बहिष्कार किया जाएगा।

सांसद ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के दौरान जिले में कितनी योजनाएं स्वीकृत हुईं, कितनी पर कार्य चल रहा है और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है, इसकी जानकारी बार-बार मांगने के बावजूद अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व की बैठकों में रेल प्रशासन के दोनों डीआरएम, पुलिस अधीक्षक, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के अधिकारियों सहित जिले के कई वरीय अधिकारियों को बैठक में शामिल होने के लिए कहा गया था, लेकिन अधिकांश अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

# रेस्टोरेंट में लगी भीषण आग



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत मधु बाजार में शुक्रवार की देर रात एक रेस्टोरेंट में भीषण आग लग गई। इस हादसे में रेस्टोरेंट के अंदर रखा लगभग सारा कीमती सामान जलकर राख हो गया है।

अग्निशमन विभाग की तत्परता से एक बड़ा हादसा टल गया और आग को आसपास की दुकानों में फैलने से रोक लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, मधु बाजार स्थित रोल्लिक रेस्टोरेंट में यह घटना शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात हुई।

रेस्टोरेंट के संचालक अनिल कुमार अग्रवाल ने बताया कि रोजाना की तरह शुक्रवार रात काम खत्म कर सभी कर्मचारी घर चले गए थे। तड़के करीब 3 बजे उन्हें फोन पर सूचना मिली कि रेस्टोरेंट से आग की लपटें उठ रही हैं।

आग इतनी जबरदस्त थी कि रेस्टोरेंट के भीतर रखे रेफ्रिजरेटर, एसी, पंखे, फर्नीचर, रसोई के आधुनिक उपकरण और महत्वपूर्ण दस्तावेज पूरी तरह नष्ट हो गए। संचालक के मुताबिक, इस अग्निकांड में लगभग 20 लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है।

हालांकि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्राथमिक तौर पर शॉर्ट सर्किट मुख्य वजह माना जा रहा है। संचालक का कहना है कि रात में गैस और अन्य उपकरण पूरी तरह बंद कर दिए जाते हैं, इसलिए बिजली की गड़बड़ी की ही आशंका अधिक है।

# जनजाति की महिलाओं को दिया गया रोप क्राफ्ट प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़ (झारखंड)।** पीवीयूएनएल ने सामाजिक दायित्व के अंतर्गत स्वर्ण रेखा महिला समिति के सहयोग से बिरहोर जनजाति की 15 महिलाओं के लिए 35 दिवसीय रोप क्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया। बता दें कि बिरहोर जनजाति एक विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह है, जो लंबे समय से मुख्य धारा के विकास से वंचित रहा है। उल्लेखनीय है कि इस प्रशिक्षण से पहले इन महिलाओं ने कभी किसी संगठित या औपचारिक कौशल विकास कार्यक्रम में भाग नहीं लिया था। बता दें कि यह प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हुआ। समापन समारोह में स्वर्ण रेखा महिला समिति की अध्यक्ष रेनू सहगल ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए उनके समर्पण और सीखने की लगन की सराहना की। कहा कि रोप क्राफ्ट जैसे कौशल इन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सशक्त करेंगे। इन महिलाओं द्वारा तैयार किए गए रोप क्राफ्ट उत्पाद न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में सहायक होंगे, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा देंगे क्योंकि ये उत्पाद पूरी तरह से इको फ्रें डली हैं।

# राउरकेला-पुरी एक्सप्रेस की गई शॉर्ट टर्मिनेट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** ओडिशा के पुरी रेलवे स्टेशन पर विकास कार्य के चलते दक्षिण पूर्व रेलवे ने यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की है। ईस्ट कोस्ट रेलवे के इस कार्य के कारण चक्रधरपुर रेल मंडल से होकर गुजरने वाली राउरकेला-पुरी एक्सप्रेस को अगले दो महीनों के लिए शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट करने का निर्णय लिया गया है।

रेलवे से मिली आधिकारिक जानकारी के अनुसार, यह बदलाव 15 मार्च से शुरू होकर 15 मई 2026 तक लागू रहेगा। इस दौरान ट्रेनें पुरी स्टेशन तक न जाकर रास्ते में ही अपनी यात्रा समाप्त और वहीं से शुरू करेंगी।

ट्रेन नंबर 18125 (राउरकेला-पुरी एक्सप्रेस): राउरकेला से प्रस्थान करने वाली यह ट्रेन अब केवल खुर्दा रोड स्टेशन तक ही जाएगी। खुर्दा रोड से पुरी के बीच इसका परिचालन पूरी तरह रद रहेगा।



ट्रेन नंबर 18126 (पुरी-राउरकेला एक्सप्रेस): यह ट्रेन पुरी स्टेशन के बजाय खुर्दा रोड स्टेशन से अपनी यात्रा शुरू करेगी और राउरकेला तक जाएगी। पुरी से खुर्दा रोड के बीच यह ट्रेन रद रहेगी।

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे अपनी यात्रा की योजना इसी बदलाव को ध्यान में रखकर बनाएं।

# मनरेगा बचाओ संग्राम को ले कांग्रेस की बैठक सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोडरमा (कोडरमा)।** कोडरमा परिसदन में शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रजक एवं संचालन कांग्रेस नेता अज्जू सिंह ने किया।बैठक में मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर जिले के सभी प्रखंडों में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। तय कार्यक्रम के अनुसार



15 मार्च को चंदवारा प्रखंड, 16 मार्च को डोमचांच प्रखंड, 17 मार्च को कोडरमा प्रखंड तथा 18 मार्च को मरकच्चो प्रखंड में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में मनरेगा मजदूरों और किसानों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक ने कहा कि मनरेगा मजदूरों और किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा और सरकार तक पहुंचाने का काम किया जाएगा।मनरेगा गरीबों और मजदूरों के लिए जीवन रेखा है। यदि इसमें किसी भी तरह की कटौती या अनियमितता होती है तो कांग्रेस पार्टी इसका जोरदार विरोध करेगी।

उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक करें और जन संवाद कार्यक्रम को सफल बनाएं।मौके पर संजय कुमार सेठ, प्रदीप कुमार सिंह, राजू सिंह,मोहम्मद कासिम, एम. चंद्रा,विजय प्रसाद सिंह,रामचंद्र गोस्वामी, कयुम उद्दीन, अनंत कुमार मेहता, विनोद कुमार, संचित कुमार मेहता सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कांग्रेस ने भाजपा के आरोपों को बताया निराधार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने भाजपा के आरोपों को निराधार, भ्रामक और जनता का ध्यान भटकाने वाला करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन को वापस पाने के लिए अब झूठ की फैक्ट्री बन गई है। भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव के आरोपों का जवाब देते हुए कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति नहीं, बल्कि एक सरकारी संस्थान है।

जो आवास बन रहा है, वह भविष्य की जरूरतों और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। भाजपा जिस शीशमहल की बात कर रही है, वह दरअसल राज्य की गरिमा और प्रशासनिक आवश्यकता का हिस्सा है।उन्होंने सवाल किया कि जो भाजपा आज 100 करोड़ के खर्च पर विलाप कर रही है, उसने प्रधानमंत्री के लिए बन रहे हजारों करोड़ के सेंट्रल विस्टा और आलीशान विमानों पर चुप्पी क्यों साधे रखी?झारखंड में भाजपा के शासनकाल के दौरान हाथी उड़ाने और मोमेंटम झारखंड के नाम पर जो करोड़ों की लूट हुई, क्या भाजपा के प्रवक्ता भूल गए हैं?

दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट ने जमीन घोटाला मामले में आरोपित आइएएस विनय कुमार चौबे की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड सरकार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई 23 मार्च को होगी। इसके पूर्व झारखंड हाई कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

इसके बाद विनय कुमार चौबे ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है।

# छात्रों को दी गयी विद्युतस्पर्शाघात और अगलगी के खतरे की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत मार्च माह के प्रथम शनिवार को छात्र-छात्राओं को आगलगी और विद्युतस्पर्शाघात से खतरे और इसमें होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में जानकारी दी गई। प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कलवाड़ा, मध्य विद्यालय बुनियादपुर, उमवि चित्तोड़ा बेला,मध्य विद्यालय लक्ष्मीनियां, मध्य विद्यालय दसौत, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंदा कन्या, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बंदा कॉलोनी, उमवि घिवाही, उमवि जन्दाहा , मवि शिवाजीनगर, उमवि रजौर राम भद्रपुर, उ म वि शंकरपुर, प्रावि कनखरिया आदि में सुरक्षित शनिवार इस संदर्भ में मॉक ड्रिल का अभ्यास करवाया गया। जिसमें अगर शरीर में आग लग गई तो मॉक ड्रिल रुको, लेटो और लुढको का अभ्यास करवाया गया। बिजली के प्रतीक चिन्ह के बारे में जानकारी दी गई ।गिले हाथों से बिजली के स्विच या छुएं उपकरण न छुएं जाने की



जानकारी दी गई। बिजली के खंभे या ट्रांसफार्मर के पास न खेलने की सलाह दी गई।किसी को करंट लग जाए तो उसे सीधे हाथ से न छुंने और पहले बिजली का स्विच बंद कर दें । बरसात के दिनों में पानी से लिए खंबे से दूर रहे, करंट लगने वाले व्यक्ति को न छूना चाहिए। बिजली से लगी आग को पानी से ना बुझायें , टुटी तार गिरी हुई तारों खुले बिजली के तार से दूर रहे नजदीक न जाएं। आदि अन्य आवश्यक जानकारी आप बच्चों को दी गई। मौके पर पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह, मृत्युंजय कुमार राय, देवानंद कामत, बिहारी दास, सुभाष सिंह, मो अब्दुल्ला, प्रदीप कुमार, राम नाथ पंडित, प्रदीप पासवान, प्रकाश कुमार, अरूण कुमार पासवान, मदन कुमार सहित ने सुरक्षित शनिवार को छात्र छात्राओं को जानकारी दी।

# कल्याणबिगहा में सीएम के निर्णय से छलका लोगों का दर्द

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे के राज्यसभा जाने के फैसले ने उनके पुश्तैनी गांव कल्याणबिगहा में लोगों को भावुक कर दिया है। गांव में इस फैसले को लेकर नाराजगी और मायूसी दोनों नजर आ रही है।नालंदा जिले के इस छोटे से गांव में लोग मुख्यमंत्री के फैसले को लेकर खुलकर अपनी भावनाएं जाहिर कर रहे हैं। कई ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जाने का फैसला करेंगे।

गांव की कई महिलाओं ने कहा कि वे इस फैसले को समझ नहीं पा रही हैं। उनका कहना है कि इतने वर्षों तक बिहार का नेतृत्व करने वाले नेता अचानक मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़कर राज्यसभा क्यों जा रहे हैं, यह बात उन्हें समझ में नहीं आ रही।

महिलाओं का कहना है कि नीतीश कुमार ने बिहार के लिए बहुत काम किया है और उन्हें उम्मीद थी कि वे आगे भी मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य का नेतृत्व करते रहेंगे।

कल्याण बिगहा में इन दिनों यही चर्चा का सबसे बड़ा विषय बना हुआ है। गांव के चौपाल से लेकर घरों तक लोग इसी फैसले पर बात कर रहे हैं। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि यह फैसला अचानक लिया गया लगता है, इसलिए लोग इसे लेकर हैरान हैं। वहीं कई लोग इसे राजनीतिक रणनीति का हिस्सा भी मान रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि नीतीश कुमार का इस गांव से गहरा भावनात्मक रिश्ता रहा है। जब भी वे गांव आते थे तो लोगों से सीधे मिलते थे और उनकी समस्याएं सुनते थे।

यही वजह है कि उनके मुख्यमंत्री पद छोड़ने की खबर से गांव के लोग भावुक हो गए हैं। कई लोग मानते हैं कि मुख्यमंत्री के रूप में उनकी पहचान ही गांव के लिए गर्व की बात रही है।गांव के लोगों के बीच इस बात को लेकर भी चर्चा है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि नीतीश कुमार ने यह फैसला लिया।

# मानदेय के अभाव में मनरेगाकर्मी आर्थिक तंगी के शिकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोड्डा।** जिले में मनरेगा योजना को संचालित करने में लगे जिले के ढाई सौ से अधिक मनरेगा कर्मियों का बुरा हाल है। मनरेगा कर्मी मानदेय के अभाव में आर्थिक तंगी के शिकार हो गए हैं। कर्मियों का मानदेय बीते छह माह से बकाया है। हालांकि, पिछले दशहरा में भी कर्मियों को मानदेय नहीं दिया गया था जिसके बाद कर्मियों ने फाकाकशी में दशहरा मनाया था।

कुछ प्रखंड में तो मनरेगा कर्मियों को बीते आठ माह से मानदेय का भुगतान नहीं हो पाया है। पहले तो आवंटन की कमी थी, बाद में ट्रेजरी में तकनीकी समस्या के कारण परेशानी हुई है। अब यह हाल हो गया है कि मनरेगा कर्मी मानदेय के अभाव में मानसिक रूप से भी परेशान हो गए है।

बीते कई सालों से विभाग को अपनी सेवा दे रहे मनरेगा कर्मी आर्थिक तंगी के कारण कई स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझ रहे हैं। बीते दो माह पहले सदर प्रखंड के रोजगार सेवक सुमन कुमार की जान




इसलिए नहीं बचाई जा सकी थी कि उनके पास इलाज के लिए पैसे नहीं थे। वे सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए थे। चंदा आदि कर मनरेगा कर्मियों ने उनका दाह संस्कार कराया था।कर्मियों की परेशानी किसी से छिपी नही हैं। जिला म नरेगा कर्मी संघ के पदधारकों ने बताया कि पूरे राज्य भर के कर्मी बीते कई माह से सरकार की नयी व्यवस्था से परेशान हुए हैं तथा अब तो आजिज हो गए हैं। उनके पास आंदोलन करने तथा हड़ताल पर जाने के अलावा अब कोई विकल्प नहीं बचा है।

राज्य के मनरेगा कर्मचारी पिछले छह माह से अधिक समय से बकाया मानदेय भुगतान, वर्षों से लंबित नियमितीकरण नीति निर्माण, समान वेतन संरचना, सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था एवं मृत मनरेगा कर्मियों के आश्रितों को न्यायसंगत मुआवजा देने की मांग को लेकर दिनांक 9, 10 एवं 11 मार्च 2026 को सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे।

यदि सरकार द्वारा समुचित समाधान नहीं किया गया तो 12 मार्च 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ कर दिया जाएगा।संघ के जिला अध्यक्ष मो अकरम ने कहा कि क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत मनरेगा कर्मी अत्यंत गंभीर आर्थिक और मानसिक संकट से गुजर रहे हैं। छह माह से अधिक समय से मानदेय नहीं मिलने के कारण परिवार का भरण-पोषण कठिन हो गया है। संसाधनों के अभाव में रोजगार सेवक एवं अन्य फील्ड कर्मी कार्यस्थल तक जाने में भी असमर्थ हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक स्तर पर अतिरिक्त कार्यबोझ थोपा जा रहा है। लगातार बढ़ते कार्यबोझ, लक्ष्य का दबाव, प्रशासनिक तनाव और आर्थिक तंगी के कारण कई कर्मी दुर्घटनाओं का शिकार हुए हैं तथा कुछ ने इलाज के अभाव में दम तोड़ दिया। राज्य सरकार की ओर से न तो स्वास्थ्य बीमा की समुचित व्यवस्था है और न ही मृत्यु पर मुआवजा नीति।

जिला मंत्री निशी कुमार ने कहा कि वर्ष 2024 की हड़ताल के दौरान हुआ लिखित समझौता आज तक लागू नहीं किया गया है। ग्रामीण विकास मंत्री के साथ हुई वार्ता में बनी सहमति भी धरातल पर लागू नहीं हुई। साथ ही कहा कि अब तक म नरेगा कर्मियों को नियमित नहीं किया जा सका है।

# गुस्साये ग्रामीणों ने स्कूल में जड़ा ताला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** कतरीसराय प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कोयरी बिगहा में विभागीय अधिकारियों की कथित निष्क्रियता से नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को विद्यालय में ताला जड़ दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत करनी पड़ी।

अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने विद्यालय का ताला खुलने दिया। जानकारी के अनुसार विद्यालय का प्रभार संभाल रहे प्रधान शिक्षक उमेश कुमार शर्मा के साथ पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापिका उषा कुमारी सिन्हा के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापिका अक्सर प्रधान शिक्षक के साथ गाली-गलौज करती थी। इस संबंध में प्रधान शिक्षक द्वारा कई बार बीआरसी कार्यालय से लेकर जिला शिक्षा कार्यालय तक लिखित शिकायत भी की गई, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों के अनुसार पूर्व में तीन-चार बार मारपीट की घटना भी हो चुकी है। एक बार दोनों पक्षों द्वारा स्थानीय थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी, जिससे विद्यालय का शैक्षणिक माहौल प्रभावित हो गया था। बताया जाता है कि 6 मार्च को पांच-छह अज्ञात लोगों द्वारा रास्ते में प्रधान शिक्षक पर जानलेवा हमला कराया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस घटना के पीछे भी पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापिका का हाथ है। इसी घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने विद्यालय में ताला जड़कर संबंधित शिक्षिका को विद्यालय से हटाने, निलंबित करने तथा जेल भेजने की मांग कर दी।

सूचना मिलने पर डीपीओ, बीडीओ रजनीश कुमार, प्रभारी बीईओ अमरजीत कुमार, थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार, अपर थानाध्यक्ष आदित्य कुमार तथा पावापुरी थानाध्यक्ष गौरव कुमार सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से बातचीत की। अधिकारियों ने पूरे मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# '25 से 30 फिर से नीतीश'

## प्रेस प्रतिनिधियों से आज होगी वार्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** '25 से 30 फिर से नीतीश'-नारे के बाद बिहार चुनाव में जीत के तीन महीने के दरम्यान जिस तरह से नीतीश कुमार ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन भरा, उससे चर्चा है कि भारतीय जनता पार्टी ने उनके साथ खेला कर दिया। अब भाजपा के साथ भी खेला होने के आसार सामने आए हैं। पहली बार जनता दल यूनाईटेड के किसी जिम्मेदार पदाधिकारी ने खुलकर कहा है कि अभी मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली नहीं हुई है तो नए सीएम के नाम की चर्चा का सवाल ही बेकार है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने शनिवार को नए सीएम के चेहरे पर चल रही चचाओं का जवाब देते हुए सवाल किया-₹जब हमारे नेता ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा ही नहीं दिया तो यह सवाल ही बेकार और बेमतलब का है।

उमेश कुशवाहा के इस चौंकाने वाले बयान के कुछ ही घंटे बाद जनता दल यूनाईटेड की ओर से रविवार 8 मार्च को संवाददाता सम्मेलन की जानकारी दी गई। इस प्रेस कांफ्रेंस में जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा और प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा मीडिया के सवालों का जवाब देंगे।

इससे पहले शनिवार को मीडिया में प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने बड़ा बयान देकर चौंका दिया है। रविवार को नीतीश कुमार की जगह निशांत कुमार के मुद्दे पर बात होने की उम्मीद है। निशांत रविवार दोपहर बाद एक बजे जदयू की सदस्यता लेंगे। उमेश कुशवाहा ने उनकी भूमिका के सवाल पर कहा कि ₹निश्चित तौर पर हम उनके नेतृत्व में काम करेंगे।

कुशवाहा ने कहा कि जदयू के सभी नेताओं की भारी मांग पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार जदयू ज्वाइन कर रहे हैं। सभी विधायकों, कार्यकर्ताओं की इच्छा से मुख्यमंत्री से आग्रह किया। लंबी मांग के बाद सहमति दी उन्होंने। भाजपाई सीएम के लिए तैयार हैं आप? इस सवाल के जवाब में उमेश कुशवाहा ने कहा- ₹एनडीए के नेता हमारे नेता नीतीश कुमार हैं। नीतीश कुमार को जनादेश मिला है। ₹ नई सरकार का गठन कब होगा? इस सवाल के जवाब में उमेश कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार ने इस्तीफा तो दिया नहीं है।

नई सरकार की गठन की चर्चा अभी कहां! जब समय आएगा, तब जनादेश हासिल करने वाले नीतीश कुमार तय करेंगे कि सीएम कौन हो।₹ कुशवाहा ने कहा कि नीतीश कुमार ने कुछ सोच-समझ कर राज्यसभा के लिए नामांकन किया है।

# सीएम ने लिया विकास कार्यों का जायजा

## सुरक्षा घेरा तोड़कर लोगों से मिले सीएम

### अधिकारियों को लगायी फटकार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को बख्तियारपुर स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए बनाए जा रहे आरओबी और करजान-ताजपुर पुल का निरीक्षण किया। उन्होंने बख्तियारपुर में अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि आरओबी का अधूरा काम जल्द पूरा कीजिए। इस पर अधिकारियों ने हाथ जोड़कर उन्हें एक महीने में काम पूरा करने का आश्वासन दिया। वहीं करजान-ताजपुर फोरलेन का निरीक्षण करने के दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

सुरक्षा अधिकारी तब हैरान रह गए, जब मुख्यमंत्री अचानक जनता से मिलने के लिए लोगों के बीच पहुंच गए। अथमलगोला में मुख्यमंत्री ने जनता से कहा कि जब इस पुल का निर्माण हो जाएगा तो इधर से उधर आने-जाने में लोगों को हर तरह से सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि यह काम बहुत पहले से चल रहा है, कई बार निरीक्षण कर चुके हैं और आज भी देखने आए हैं। करजान-ताजपुर प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है। यहां वे अन्य अधिकारियों को निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश देते भी दिखे।

दरअसल मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ड्रीम प्रोजेक्ट ताजपुर-करजान पथ अब तक कई डेडलाइन मिस कर चुका है। अब नया डेडलाइन 2027 का दिया गया है। अधिकारी 62 प्रतिशत काम पूरा होने का दावा कर रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग बताई जा रही है। पथ निर्माण विभाग ने भी कई बार निर्माण कंपनी को प्रोजेक्ट समय पर पूरा करने की हिदायत दी है।

नवयुगा कंस्ट्रक्शन कंपनी ने 2011 में करजान-ताजपुर प्रोजेक्ट शुरू किया था। कंपनी ने इस प्रोजेक्ट को 2016 तक पूरा करने की समय-सीमा तय की थी। इस दौरान चार बार पुल निर्माण की अवधि बढ़ाई जा चुकी है। पहले मई 2016, फिर 2018, मार्च 2020 और अब मई 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन कई बार निर्माण के दौरान स्लैब गिर जाने और आर्थिक परेशानियों के कारण प्रोजेक्ट में लगातार विलंब होता गया।

मुख्यमंत्री कई बार इस ड्रीम प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर अधिकारियों को समय पर काम पूरा करने की हिदायत दे चुके हैं, लेकिन निर्माण कार्य में अब तक अपेक्षित प्रगति नहीं दिख रही है। गंगा नदी पर करीब साढ़े पांच किलोमीटर के क्षेत्र में पुल बनना है, लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी आज तक पिलर के ऊपर स्लैब तक नहीं रखा गया है। इस दौरान प्रोजेक्ट की लागत 1604 करोड़ रुपये से बढ़कर 3923 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है, लेकिन प्रोजेक्ट की धीमी रफ्तार के कारण इसके 2027 तक पूरा होने की उम्मीद भी कम ही नजर आती है। इस पथ की कुल लंबाई 51.26 किलोमीटर है। गंगा नदी पर 5.51 किलोमीटर लंबे पुल के साथ 45.75 किलोमीटर सड़क मार्ग का भी निर्माण होना है। इस प्रोजेक्ट के निर्माण से महात्मा गांधी सेतु और राजेंद्र सेतु पर यातायात का बोझ कम होगा तथा उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार के बीच आवागमन में लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।

# नाबालिग से दुष्कर्म के तीन आरोपित धराये



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पाकुड़।** झारखंड के पाकुड़ जिले में नाबालिग लड़की के अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जबकि इस मामले में शामिल तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

पुलिस के अनुसार घटना 17 फरवरी की है, हालांकि इस मामले में प्राथमिकी शुक्रवार को मालपहाड़ी थाना में दर्ज कराई गई। शिकायत में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसके गांव के चार लोगों और दो अन्य व्यक्तियों ने उसका अपहरण कर लिया और उसे एक ट्रक में ले जाकर दुष्कर्म किया।

पाकुड़ की पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी ने पत्रकारों को बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है।

एसआईटी की कार्रवाई के दौरान मालपहाड़ी और मझडीहा इलाके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की उम्र 20 से 22 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले में फरार चल रहे बाकी तीन आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# परिवार नियोजन पखवाड़ा को ले बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड मुख्यालय के बीडीओ कार्यालय में शनिवार को परिवार नियोजन पखवाड़ा को लेकर कन्वेंशन बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ आलोक कुमार सिंह ने की। इस दौरान परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मियों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि 6 मार्च से 20 मार्च तक प्रखंड क्षेत्र में परिवार नियोजन पखवाड़ा मनाया जाएगा। इसके तहत लोगों को छोटे परिवार के महत्व, परिवार नियोजन साधनों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

बीडीओ आलोक कुमार सिंह ने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को परिवार नियोजन कार्यक्रम से जोड़ें। बैठक में स्वास्थ्य प्रबंधक अमानुल्ला, जीविका बीपीएम मीनू कुमारी, यूनिसेफ से बीएमसी विक्रम कुमार चौधरी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं संबंधित विभागों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी /गयाजी।** बहेरा थाना पुलिस ने कांड संख्या 41/25 में कार्रवाई करते हुए प्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस कांड में बीपीई एक्ट के तहत नामजद अभियुक्त सदाबृक्ष मांझी, पिता राजेंद्र मांझी, निवासी ग्राम गुरियामा, थाना मोहनपुर, जिला गया को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। बहेरा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को उसके आवास से पकड़ा। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर उसे माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प के मामले में 8 गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** थाना क्षेत्र अंतर्गत उज्जे गांव में दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों से चार-चार लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दो विधि विरुद्ध नाबालिग भी शामिल हैं, जिन्हें निरुद्ध करते हुए बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार गांव में पहले से चले आ रहे आपसी विवाद के कारण तनाव की स्थिति बनी हुई थी। इसी बीच कलश यात्रा के दौरान दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा यात्रा को रोकने और पथराव किए जाने की घटना सामने आई थी। चार दिन बाद क्रिकेट खेलने को लेकर हुए विवाद में कई लोग घायल हो गए थे। जिसमें दोनों पक्ष से अलग अलग प्राथमिकी दर्ज की गई थी। घटना की सूचना मिलते ही बेलागंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद उस समय मामला शांत कराया गया था, लेकिन दोनों पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था। बताया जाता है कि इस मामले को लेकर चार दिन पूर्व भी दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद थाना में मामला दर्ज कराया गया था।

ताजा घटना के बाद पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए कार्रवाई की और दोनों पक्षों से कुल आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में दो नाबालिग भी शामिल हैं, जिन्हें विधि विरुद्ध नाबालिग के रूप में निरुद्ध कर बाल सुधार गृह भेज दिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष्य ने बताया कि गांव में फिलहाल स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। किसी भी तरह की अप्रिय घटना से निपटने के लिए इलाके में पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई है। दोनों पक्षों की गिरफ्तारी के बाद फिलहाल गांव में शांति बनी हुई है। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

# पेड़ से लटकी मिली किशोर-किशोरी की लाश

## एक ही गांव के बताये जा रहे दोनों मृतक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेतिया।** जिले में शनिवार को एक बेहद मार्मिक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। सिकटा थाना क्षेत्र के सिरसिया गांव के एक बगीचे में पेड़ से लटके किशोर और किशोरी के शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और पूरे गांव में शोक का माहौल छा गया।

मृतकों की पहचान सिरसिया गांव निवासी शेख बुनाद के 15 वर्षीय बेटे सैदुल्लाह आलम और इजहार अंसारी की 14 वर्षीय बेटी सहबुन नेशा के रूप में हुई है। दोनों की कम उम्र और इस दर्दनाक अंत ने हर किसी को स्तब्ध कर दिया है। घटना की सूचना मिलते ही सिकटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिजनों के अनुसार शुक्रवार की रात दोनों अपने-अपने घरों में खाना खाकर सो गए थे। लेकिन शनिवार सुबह जब परिवार के लोग सेहरी के लिए जागे तो दोनों अपने घरों में नहीं थे। पहले तो परिजनों ने सोचा कि शायद वे कहीं आसपास गए होंगे, लेकिन काफी तलाश के बाद भी उनका कोई पता नहीं चला। इसी बीच गांव के कुछ लोगों ने बगीचे में एक पेड़ से दोनों के शव लटके देखे, जिसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया और परिजनों को इसकी सूचना दी गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद दोनों परिवारों में कोहराम मच गया है।

एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह ने बताया कि बगीचे से युवक और युवती के शव बरामद किए गए हैं और दोनों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही यह साफ हो सकेगा कि यह मामला आत्महत्या का है या इसके पीछे कोई और साजिश छिपी है। फिलहाल पूरे गांव में शोक और सन्नाटा पसरा हुआ है।

## नाबालिक सहित दो गिरफ्तार

**नगरनौसा(नालंदा)।** नगरनौसा पुलिस ने थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव में छापेमारी कर मारपीट के आरोपी एक नाबालिक सहित दो लोग को गिरफ्तार किया।थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव से मारपीट के आरोपी बबलू शर्मा सहित एक नाबालिक को गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा ने दी।

# बौद्ध विहार बचाओ संघर्ष मोर्चा का 158 वें दिन भी धरना जारी

## शिवजी सिंह ने उपवास रहकर भूमि अधिग्रहण का किया विरोध




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मिल्किपुर (चंदौली)।** बौद्ध बिहार बचाओ संघर्ष मोर्चा के के बैनर तले उत्तर प्रदेश के चंदौली जिलान्तर्गत रामनगर के समीप गंगा के पूर्वी तट पर स्थित बौद्ध बिहार की भूमि को जबरन भूमि अधिग्रहण से बचाने के लिए पिछले 28 सितम्बर, 2025 से अब तक अहिंसात्मक एवं शांतिमय तरीके से अनवरत अनिश्चतकालिन धरना जारी है। जिसका सामूहिक नेतृत्व तथागत बौद्ध बिहार चैरिटेबुल ट्रस्ट मिल्कीपुर (चन्दौली) के अध्यक्ष अमरेश कुशवाहा, गाँधीवादी चिंतक एवं ट्रस्ट के महामंत्री विद्याधर, बीरेन्द्र कुमार मौर्य (संयुक्त मंत्री), पवन कुमार मौर्य (कोषाध्यक्ष), चन्द्र प्रकाश मौर्य, सत्य नारायण मौर्या, श्रीविनय कुमार मौर्य, विनय कुमार (अधिवक्ता) अखिलेश सिंह श्रीगोपाल मौर्य, बच्चालाल मौर्य सन्तराम मौर्य, मस्तराम मौर्य, मुन्ना सिंह मौर्य वगैरह गणमान्य लोग कर रहें है।

ज्ञातव्य है कि फ्रेट विलेज निर्माण के नाम पर सरकार तथागत बौद्ध विहार, सहित मिल्कीपुर एवं ताहिरपुर लगभग की लगभग हजारों एकड भूमि को जबरन अधिग्रहण करने के लिए तुगलकी फरमान जारी कर दिया है।जो कतई न्याय संगत नहीं है।

इसलिए इसका पुरजोर विरोध हो रहा है।बौद्ध बिहार के सटे बन्दरगाह बना है।जिसका उद्घाटन आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। गंगा नदी में पानी के कमी के कारण बन्दरगाह वाली परियोजना फेल हो गयी है।

आज धरना का 158 वॉ दिन है। इस मौके पर उपस्थित लोक नायक जयप्रकाश नारायण द्वारा स्थापित गैर दलीय राष्ट्रीय जन संगठन बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महामंत्री शिवजी सिंह ने पूरा दिन उपवास रहकर धरना का पुरजोर समर्थन किया।

श्री सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश और केन्द्र की सरकार मिलीभगत एवं मनमानी ढंग से जबरन भूमि अधिग्रहण कर रही है। अगर ऐसा होता है तो इस क्षेत्र की गरीब जनता और किसानों का बहुत बड़ा नुकसान होगा।

जानकार सूत्रों से जानकारी मिली है कि सरकार हजारों-हजार एकड भूमि का बल पूर्वक अधिग्रहण कर अपने मित्र अडानी को सौपने जा रही है। इससे गरीब किसानों को कोई लाभ नहीं मिलेंगा।

आज धरना में सर्व चेखुर प्रसाद प्रजापति, राममूरत, गणेश प्रसाद, आदित्य सहनी,प्रिंस सहनी ,राहुल कुमार मौर्य,सिन्टू कुमार ,संजीव कुमार,मीरा देवी,राम अवतार बौद्ध ,जगदीश सिंह प्रो.प्रकाश चन्द्र पटेल,डॉ. राधेश्याम मौर्य,सुरेश कुमार, लाल जी,वगैरह मुख्य रूप से उपस्थित रहें। धरना के अन्त में ट्रस्ट के अध्यक्ष अमरेश कुशवाहा ने शाम 5 बजे बिहार प्रदेश लोक समिति के प्रांतीय महामंत्री शिवजी सिंह को जूस पिलाकर उपवास तुड़वाया।

# ग्रामीणों ने जताया विरोध

**आरा।** भोजपुर जिले के बहोरनपुर थाना क्षेत्र के गौरा गांव में होली के दिन हुए गोलीकांड मामले में गिरफ्तार तीन नामजद आरोपितों को जमानत मिलने के बाद जख्मी के स्वजन एवं स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश शनिवार को भड़क उठा। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार को बहोरनपुर थाना के बाहर बीच सड़क पर पुलिस की कथित रूप से लापरवाह भूमिका को लेकर टायर जलाकर आगजनी की एवं पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। करीब चार घंटे तक सड़क को जाम रखा गया। बिहिया-बहोरनपुर मुख्य सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई एवं आवागमन पूरी तरह ठप रहा। इधर सड़क जाम की सूचना पाकर जगदीशपुर एसडीपीओ राजेश कुमार शर्मा, एसडीओ एवं बीडीओ मौके पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटवाया।

प्रदर्शन के दौरान घायल के स्वजन मनोज ठाकुर का आरोप था कि पुलिस ने गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध ठोस साक्ष्य कोर्ट में नहीं प्रस्तुत किया गया। केस को कमजोर किया गया।

# बेलागंज की बेटी वैष्णवी ने बढ़ाया बिहार का मान

## पहले ही प्रयास में यूपीएससी में लायी 298वीं रैंक




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** गया जिले के बेलागंज प्रखंड अंतर्गत दादपुर गांव की बेटी सुश्री वैष्णवी ने यूपीएससी परीक्षा में 298वीं रैंक प्राप्त कर अपने परिवार, प्रखंड तथा जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोगों में गर्व की भावना देखी जा रही है। वैष्णवी के पिता राजीव नयन कुमार कोल इंडिया लिमिटेड में वरीय सर्वे ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। वे पूर्व में झारखंड के रामगढ़ स्थित अरगड्डा एरिया में पदस्थापित थे और वर्तमान में मध्यप्रदेश के सिंगरौली में कार्यरत हैं। उनका मूल निवास गया जिले के बेलागंज प्रखंड के दादपुर गांव में है। वैष्णवी की प्रारंभिक शिक्षा झारखंड के रामगढ़ में हुई। उन्होंने वहां के आर्मी स्कूल से दसवीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। इसके बाद उन्होंने रांची के जवाहर विद्या मंदिर से 11वीं और 12वीं की पढ़ाई पूरी की।

उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से इतिहास विषय में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। स्नातक के बाद वैष्णवी ने सिविल सेवा की तैयारी शुरू की और अपनी कड़ी मेहनत, लगन तथा अनुशासन के बल पर पहले ही प्रयास में यूपीएससी परीक्षा में 298वीं रैंक हासिल कर सफलता प्राप्त की। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे बेलागंज क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है।

वैष्णवी की इस सफलता पर दादपुर गांव सहित बेलागंज प्रखंड के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है और उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वैष्णवी की यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी और वे भी बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित होंगे।

उनकी इस सफलता से गया जिला और बिहार का नाम भी पूरे देश में गौरवान्वित हुआ है। परिवार के सदस्यों ने बताया कि वैष्णवी बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी और अनुशासित रही हैं तथा उन्होंने हमेशा बड़े लक्ष्य के साथ पढ़ाई की। मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है।

# निरीक्षण के दौरान वसूली का मामला हुआ उजागर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** कांटी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में मेडिकल प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर 400 से 500 रुपये तक वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। इसका खुलासा कांटी विधायक व पूर्व मंत्री ई. अजीत कुमार के औचक निरीक्षण के दौरान हुआ।

निरीक्षण के दौरान कई मरीजों ने विधायक से शिकायत की कि मेडिकल प्रमाण पत्र बनवाने के लिए उनसे 400 से 500 रुपये तक लिए जा रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने इसकी शिकायत सिविल सर्जन डॉ. सुधीर कुमार से की।

शिकायत मिलने के बाद शुक्रवार सुबह सिविल सर्जन कांटी पीएचसी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पूरे परिसर का निरीक्षण किया और मामले की जांच कराने की बात कही।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में जगह-जगह कचरा फैला मिला, जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगा।

सिविल सर्जन ने बताया कि निरीक्षण के समय चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे तथा ओपीडी का संचालन भी हो रहा था। उन्होंने कर्मचारियों को रोस्टर का सख्ती से पालन करने और अस्पताल परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि एक सप्ताह बाद दोबारा निरीक्षण कर स्थिति की समीक्षा की जाएगी।

इस दौरान सिविल सर्जन ने मोतीपुर पीएचसी का भी निरीक्षण किया, जहां ओपीडी सामान्य रूप से संचालित मिला।

विधायक ई. अजीत कुमार ने बताया कि करीब तीन महीने पहले भी पीएचसी का निरीक्षण किया गया था। उस समय कर्मचारियों और चिकित्सकों को गरीब मरीजों के इलाज की बेहतर व्यवस्था करने और ड्यूटी रोस्टर जारी करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ।

# जापानी मेहमानों को भाया बिहार, फिर आने के वादे के साथ हुए विदा

## विदाई के समय हुए भावुक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** होली उत्सव और भारतीय ग्रामीण जीवन का अनुभव लेने के बाद जब जापानी मेहमान अपने देश लौटने लगे तो उनके चेहरे पर पिरौटा गांव की यादों की झलक साफ दिखाई दे रही थी।

विदेशी मेहमानों ने कहा कि इस गांव में बिताया गया समय उनके लिए जीवन भर की अमूल्य स्मृति बन गई है। जापान से आई टेलीविजन टैलेंट कायो बाकाटाबे, प्रसिद्ध जापानी गायक ताकेरु और मशहूर शेफ आसामी ने कहा कि पिरौटा के लोगों का स्नेह, आत्मीयता और अपनापन उन्हें हमेशा याद रहेगा।उन्होंने कहा कि यहां का सरल ग्रामीण जीवन, खेत-खलिहान, परंपराएं और होली का उत्सव उनके लिए एक अनोखा अनुभव रहा। जो दुनिया के किसी बड़े शहर में नहीं मिल सकता।

टेलीविजन कलाकार कायो बाकाटाबे ने कहा कि पिरौटा गांव में लोगों ने हमें जिस प्यार और सम्मान के साथ अपनाया, वह दिल को छू लेने वाला है। यहां की संस्कृति और लोगों की सादगी ने हमें बहुत प्रभावित किया है।

जापानी गायक ताकेरु ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यहां का माहौल बहुत ही शांत और प्राकृतिक है। ग्रामीणों के साथ होली खेलना और खेतों के बीच समय बिताना हमारे लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा। हम फिर से यहां आना चाहेंगे। भारत की संस्कृति अनुठी है। वहीं, प्रसिद्ध शेफ आसामी ने कहा कि गांव का पारंपरिक भोजन, मिट्टी की खुशबू और लोगों का अपनापन हमारे दिल में बस गया है। यह यात्रा हमारे जीवन की सबसे खास यात्राओं में से एक रहेगी।

जापानी मेहमानों ने पिरौटा निवासी एडवोकेट रंजन कुमार की विशेष सराहना करते हुए कहा कि उनका सपना भारतीय ग्रामीण संस्कृति को दुनिया तक पहुंचाने का एक सराहनीय प्रयास है।

उन्होंने बिहार सरकार और जिला प्रशासन से भी आग्रह किया कि यदि ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बेहतर बुनियादी ढांचा और सुविधाएं विकसित की जाएं तो नवादा जिले का पिरौटा गांव देश का एक प्रमुख पर्यटन केंद्र बन सकता है।उन्होंने कहा कि विश्व प्रसिद्ध महाबोधि मंदिर, बोधगया और प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के खंडहर जैसे ऐतिहासिक स्थलों के पास स्थित होने के कारण इस क्षेत्र में ग्रामीण पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

यदि इसे योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जाए तो पिरौटा भविष्य में मेघालय के प्रसिद्ध पर्यटन गांव मेंमावलिनॉन्ग की तरह एक नई पहचान बना सकता है।

जापानी मेहमानों ने कहा कि पिरौटा में रहने के दौरान हमें ऐसे अनुभव मिले जो सामान्यतः कहीं और नहीं मिलते। इसके लिए हम दिल से धन्यवाद देते हैं और हम फिर से पिरौटा गांव जरूर आएंगे।

इस अवसर पर जापानी मेहमानों ने यह भी कहा कि पिछले कई दिनों से दैनिक जागरण में उनके पिरौटा प्रवास से जुड़ी खबरें लगातार प्रकाशित की जा रही थीं, जिसके लिए वह इस राष्ट्रीय समाचार पत्र के संवाददाता और पूरे संस्थान के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।


उन्होंने कहा कि पिरौटा गांव और यहां के अनुभव पर प्रकाशित समाचारों की कटिंग को वे जापान में भी साझा करने और प्रकाशित कराने का प्रयास करेंगे। ताकि वहां के लोग भी भारत के ग्रामीण जीवन की सुंदरता को जान सकें।

# गंगा पर बन रहा मेगा पुल, उत्तर-दक्षिण बिहार की दूरी होगी कम

## 3 किमी का यह पुल बदलेगा बिहार की तस्वीर, नेपाल से भी होगा सीधा जुड़ाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** खगड़िया और भागलपुर के बीच गंगा नदी पर बनाए जा रहे 3 किमी 160 मीटर लंबा फोर लेन ब्रिज (चार लेन पुल) का निर्माण कार्य नवंबर 2027 तक पूरा कर लिया जाएगा। इस ब्रिज के बन जाने से उत्तर-दक्षिण बिहार के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल से सीधा जुड़ाव आसान होगा और राज्य में व्यावसायिक गतिविधियों को एक नई उड़ान मिलेगी।



**बदल जाएगी बिहार की कनेक्टिविटी**

बिहार पुल निर्माण निगम की ओर से निर्माणाधीन पुल की लागत 1 हजार 710 करोड़ रुपये निर्धारित है। गंगा नदी पर भागलपुर के सुल्तानगंज और खगड़िया के अगवानी घाट को जोड़ने वाले पुल के साथ 20 किलोमीटर लंबा पहुंच पथ का निर्माण भी किया जा रहा है। पहुंच पथ का चार किमी का हिस्सा सुल्तानगंज और 16 किमी अगवानी घाट की ओर होगा।

पुल निर्माण निगम के अधिकारियों का कहना है कि सुल्तानगंज-अगवानी घाट के बीच चार लेन पुल के बनने से क्षेत्रीय, अंतरराज्यीय बिहार के साथ झारखंड, बंगाल के बीच की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बिहार और नेपाल के बीच का सीधा जुड़ाव संभव हो सकेगा। इससे कृषि उत्पादों के साथ-साथ औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों को एक नई ऊर्जा मिलेगी।

**कांवड़ियों की बढ़ेगी सहूलियत**

सुल्तानगंज-अगवानी घाट के बीच गंगा नदी पर बनाए जा रहे चार लेन पुल से बैजनाथ धाम दर्शन-पूजन के लिए आने वाले लाखों, करोड़ों श्रद्धालुओं की सहूलियत बढ़ेगी। दरअसल, श्रावण मास और दूसरे अवसरों पर श्रद्धालु सुल्तानगंज में गंगा का पवित्र जल उठाव करते हैं। फोर लेन पुल के बन जाने से जल का उठाव कर बैजनाथ धाम जाने वाले इन कांवड़ियों की सहूलियत बढ़ जाएगी और समय की भी बचत होगी।

**झारखंड-बंगाल और नेपाल के साथ मिलेगा व्यापार को बढ़ावा**

भागलपुर और खगड़िया के साथ ही दूसरे जिलों के किसान व्यापक स्तर पर गन्ना, आलू, मक्का, केला, आम, धान-गेहूं, दलहनी आदि फसलों की खेती करते हैं। सुल्तानगंज-अगवानी घाट के बीच फोर लेन ब्रिज के बनने के बाद इन किसानों की फसलों के आयात-निर्यात के लिए एक नया रास्ता बनेगा और उन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा। यह किसान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल के साथ भी अपनी व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा दे सकेंगे।

**एनएच-31 पर पसराहा के पास आरओबी का निर्माण**

सुल्तानगंज-अगुवानी घाट पुल के एप्रोच रोड को सुगम बनाने की दिशा में एनएच-31 पर पसराहा के पास एक रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया जा रहा है। पुल निर्माण निगम के अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षित और सुचारू यातायात के लिए पसराहा में ही ट्रैफिक रोटरी और ग्रेड सेपरेटर का भी निर्माण होगा। इससे खगड़िया, भागलपुर, पूर्णिया और आसपास के क्षेत्रों को जाम से राहत मिलेगी। साथ ही लोगों को तेज़ आवाजाही और बेहतर कनेक्टिविटी का सीधा लाभ मिलेगा।

## गंगा पर दौड़ेगी वाटर मेट्रो, पटना में चार्जिंग प्वाइंट बनाने का काम शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना वालों को जल्द ही वाटर मेट्रो की सौगात मिल सकती है। इसके लिए कई जगहों पर चार्जिंग पॉइंट का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। ताकि इनकी मदद से वाटर मेट्रो के इंजन को परिचालन के दौरान चार्ज किया जा सके। पटना के गांधी घाट पर इस चार्जिंग पॉइंट का फिलहाल निर्माण शुरू हो किया गया है। इसके बाद कंगन घाट और दीघा घाट पर भी यह चार्जिंग प्वाइंट का निर्माण शुरू किया जाएगा। वाटर मेट्रो का यह सफर 10.5 किमी लंबा होगा। प्रथम चरण में गांधी घाट और गायघाट पर मुख्य पड़ाव होंगे। इसके बाद दूसरे चरण में हाजीपुर, सोनपुर में भी वाटर मेट्रो चलने की योजना है।

**10.5 किलोमीटर लंबा होगा पटना वाटर मेट्रो का रूट**

पटना वाटर मेट्रो का पहला रूट दीघा घाट और कंगन घाट के बीच 10.5 किलोमीटर लंबा होगा। वाटर मेट्रो का यह सफर कंगन घाट से शुरू होकर गायघाट होते हुए गांधी घाट, दीघा घाट, फरक्का महतो घाट, नारियल घाट, पानापुर, कोंहरा घाट, कलि घाट (सोनपुर) और छेछर घाटों तक पहुंचेगा। पर्यटन विकास निगम लिमिटेड से मिली जानकारी के अनुसार, भविष्य में योजनाओं को 10 टर्मिनल के साथ 4 रूट तक विस्तार किया जायेगा। इससे पटना और उसके आस-पास के जिलों (वैशाली, छपरा) के प्रमुख हिस्सों से संपर्क स्थापित होगा। यह प्रोजेक्ट राष्ट्रीय जलमार्ग-1 (गंगा) को मजबूत करेगा और पटना वासियों को सस्ती और वैकल्पिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

**12 करोड़ रुपये से अधिक है बोट की कीमत**

पटना वाटर मेट्रो के लिए जिस बोट का इस्तेमाल किया जायेगा उसका नाम ल्लएमवी-गोमधर कुंवरङ्क है। इस बोट की कीमत 12 करोड़ रुपए से अधिक है। पूरे पटना वाटर मेट्रो प्रोजेक्ट की लागत लगभग 908 करोड़ रुपए से है। यह प्रोजेक्ट इनलैंड वाटरवेज अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईडबल्यूएआई) और बिहार सरकार का एक संयुक्त प्रयास है। इसमें कोचीन जहाज निर्माण स्थल के इंजीनियरों से तकनीकी मदद ली जा रही है। पर्यटकों के लिए दो पर्यावरण अनुकूल वाटर मेट्रो हाइब्रिड मोड में चलाई जाएंगी। यह इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड मोड में काम करेंगे। आपातकालीन स्थिति के लिए 3-4 रेस्क्यू बोट रहेंगी। इन जहाजों में नई तकनीक की बैट्री का इस्तेमाल किया जायेगा। बैकअप के लिए बोट में जेनरेटर की व्यवस्था होगी। गर्मी के दिनों में यात्रा का आनंद लेने में परेशानी ना हो इसके लिए हर बोट को एसी युक्त बनाया जा रहा है। वाटर मेट्रो में कांच की बड़ी खिड़कियां हैं। बोट को ऑटोमेटिक बोट लोकेशन सिस्टम से लैस किया गया है, जिससे इसकी निगरानी होगी। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए बोट पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। बोट को इस तरीके से तैयार किया जा रहा है जिससे हाई स्पीड में भी कम लहरें पैदा होंगी। इससे छोटी नाव में सवारी कर रहे लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी।

## आइसीएल फिनकॉर्प ने पटना में क्षेत्रीय कार्यालय और तीन नई शाखाओं का किया शुभारंभ




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** देश की प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी आईसीएल फिनकॉर्प लिमिटेड ने बिहार की राजधानी पटना में अपने वित्तीय सेवाओं का विस्तार करते हुए नए क्षेत्रीय कार्यालय के साथ तीन नई शाखाओं की शुरुआत की। इस अवसर पर एक विशेष उद्घाटन समारोह का आयोजन ताज सिटी सेंटर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी, गुडविल एंबेसडर, आईसीएल फिनकॉर्प के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एवं एलएसीटीसी गुडविल एंबेसडर एडवोकेट के जी अनिल कुमार, पूर्णकालिक निदेशक, उपाध्यक्ष और सीईओ, आईसीएल फिनकॉर्प उमा अनिल कुमार, कार्यकारी निदेशक डॉ. राजश्री अजीत, एजीएम, संचालन और विकास सतीशन के पी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने आईसीएल फिनकॉर्प की टीम को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि बिहार में नए क्षेत्रीय कार्यालय के साथ नई शाखाओं के खुलने से लोगों को सीधा इसका लाभ मिलेगा। वहीं आईसीएल फिनकॉर्प के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एवं एलएसीटीसी गुडविल एंबेसडर एडवोकेट के जी अनिल कुमार ने कहा कि नया क्षेत्रीय कार्यालय ओल्ड बाईपास रोड, राजेंद्र नगर टर्मिनल के सामने, कंकड़बाग, चित्रगुप्त नगर, पटना में स्थित है जबकि नई शाखाएं राजेंद्र नगर, मैनपुरा और दानापुर में खोली गई हैं। यह विस्तार आईसीएल फिनकॉर्प की वित्तीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और ग्राहक-सहभागिता समाधान उपलब्ध कराने की पहुंच को खोलता है। उन्होंने कहा कि नया क्षेत्रीय कार्यालय बिहार के लिए मुख्य संचालन केंद्र के रूप में कार्य करेगा और पटना की बढ़ती आर्थिक महत्वता को बताएगा। तीन नई शाखाएं क्षेत्र में आईसीएल फिनकॉर्प की उपस्थिति को और मजबूत बनाएगी, जिससे ग्राहकों को तेजी से और व्यक्तिगत सेवाएं मिल पाएंगी।

## बजट सत्र में 388 ध्यानाकर्षण और 1109 शून्यकाल की सूचनाएं मिली : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ प्रेम कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के दौरान प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना, शून्यकाल, निवेदन, गैर सरकारी संकल्प और याचिका से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक संबंधित समिति के पदाधिकारियों के साथ की। समीक्षा के दौरान पाया गया कि बजट सत्र में कुल 388 ध्यानाकर्षण सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें 36 सूचनाएं सरकारी वक्तव्य के लिए स्वीकृत की गईं, 334 सूचनाएं लिखित उत्तर के लिए स्वीकृत हुईं और 18 सूचनाएं अमान्य कर दी गईं। शून्यकाल के अंतर्गत 619 सूचनाएं ऑफलाइन और 490 सूचनाएं ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त हुईं। इस प्रकार बजट सत्र के दौरान कुल 1109 शून्यकाल की सूचनाएं प्राप्त हुईं। निवेदनों की समीक्षा में पाया गया कि बजट सत्र में कुल 779 निवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 14



अस्वीकृत किए गए और 765 निवेदन प्रक्रियाधीन हैं। बजट सत्र के दौरान गैर सरकारी संकल्प के लिए 25 फरवरी 2026 और 27 फरवरी 2026 की तिथि निर्धारित थी। 25 फरवरी को कुल 141 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत हुए, जिनमें 59 सदन द्वारा वापस लिए गए और तीन सदन द्वारा स्वीकृत किए गए, जबकि शेष संकल्पों को पढ़ा माना गया। इसी प्रकार 27 फरवरी को भी 141 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत हुए, जिनमें 60 सदन द्वारा वापस लिए गए और तीन सदन द्वारा स्वीकृत किए गए तथा शेष संकल्पों को पढ़ा माना गया। समीक्षा में यह भी बताया गया कि बजट सत्र के दौरान कुल 569 याचिकाएं प्राप्त हुईं, जिनमें 532 स्वीकृत की गईं और 37 अस्वीकृत कर दी गईं। बैठक के दौरान अध्यक्ष ने प्रश्न और ध्यानाकर्षण समिति को निर्देश दिया कि विभागों से उत्तर प्राप्त करने के लिए समय सीमा तय की जाए। उन्होंने कहा कि सदस्यों से प्राप्त निवेदन पर विभाग से उत्तर प्राप्त करने के लिए 15 दिन की समय सीमा निर्धारित है। यदि समय पर उत्तर प्राप्त नहीं होता है तो स्मार पत्र भेजा जाए और हर स्थिति में समय सीमा का पालन सुनिश्चित किया जाए। अध्यक्ष ने कहा कि ऑनलाइन व्यवस्था लागू होने के बाद शून्यकाल की सूचनाओं की संख्या में वृद्धि हुई है, इसलिए यह सुनिश्चित किया जाए कि विभागों को भेजे जाने के बाद उनका उत्तर समय पर प्राप्त हो। उन्होंने यह भी बताया कि याचिकाओं की संख्या भी पहले के सत्र की तुलना में बढ़ी है। इस संबंध में 12 मार्च 2026 को याचिका समिति की विभागीय बैठक संसदीय कार्य विभाग के साथ आयोजित होगी, जिसमें समय पर कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया जाएगा। अध्यक्ष ने समितियों के सुचारू संचालन के लिए कहा कि सभी समिति सभापतियों के साथ शीघ्र बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें इस बात पर विचार किया जाएगा कि प्रत्येक समिति महीने में कम से कम एक बार विभागीय बैठक करे। उन्होंने यह भी कहा कि इन बैठकों में विभागों के वरीयतम पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जानी चाहिए। समीक्षा के दौरान यह भी सामने आया कि लगभग 24 हजार से अधिक आश्वासन लंबित हैं। इस संबंध में समिति के साथ बैठक कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अंत में अध्यक्ष ने सभी समितियों के पदाधिकारियों और कर्मचारियों को सक्रियता, सजगता और मुस्तैदी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया।

## भारतीय स्टेट बैंक में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय पटना में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसबीआई पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने की। कार्यक्रम का उदघाटन बैंक की महिला स्टाफ सदस्यों, बैंक के उच्चाधिकरीओं तथा मुख्य अतिथि हरप्रीत कौर, उप महानिरीक्षक, पटना की उपस्थिति में केक काटकर किया गया। समारोह में श्रीमती कौर ने महिला आत्मरक्षा कौशल पर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की और बताया कि कैसे किसी समस्या में पड़ने पर महिलाएं आसानी से पुलिस की सहायता ले सकती हैं। इसी क्रम में बैंक की मनोवैज्ञानिक चिकित्सक श्रीमती निधि के द्वारा मानसिक चिकित्सा पर एक सत्र का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने मानसिक तनाव को कम करने के बहुत सरे उपाय




बताये। दोनों अतिथियों ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में भारतीय स्टेट बैंक की पहल की भूरी- भूरी प्रशंसा की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में मुख्य महाप्रबंधक श्री जोशी ने समाज और राष्ट्र के विकास में महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय स्टेट बैंक 'महिला सशक्तिकरण' की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहा है। इस मौके पर महाप्रबंधक (नेटवर्क-दक्षिण बिहार), रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (नेटवर्क- उत्तर बिहार) आर. नटराजन, महाप्रबंधक (नेटवर्क- झारखंड) विवेक चन्द्र जायसवाल भी मौजूद रहे म्समारोह का समापन उप महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी देवेश मित्तल के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

## प्रखंड प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव निरस्त

**दानापुर।** प्रखंड कार्यालय में सात पंचायत समिति सदस्यों ने पंचायती राज अधिनियम के तहत प्रखंड प्रमुख वंदना राय के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए लिखित आवेदन दिया गया था। जिसको लेकर शनिवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में उप प्रमुख की अध्यक्षता में प्रखंड प्रमुख वंदना राय के खिलाफ पंचायत समिति सदस्यो के द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की गयी। बैठक में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर उपस्थित पंचायत समिति सदस्यों की संख्या पर्याप्त नहीं रहने के कारण प्रमुख के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव को निरस्त कर दिया गया। बैठक का संचालन कर रहे कार्यपालक पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि बैठक में मजिस्ट्रेट के रूप में सुनील कुमार सिंह अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी दानापुर एवं तेज प्रताप सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी दानापुर दोनों उपस्थिति और उन्हीं के देखरेख में नियम अनुसार बैठक की कार्यवाही की गई।

## 'महिला सुरक्षा' पर प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अभियोजन निदेशालय, बिहार पटना के सभा कक्ष में अभियोजन पदाधिकारियों का 'महिला सुरक्षा' विषय पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अभियोजन निदेशालय के स्तर से किया गया। उक्त कार्यक्रम में अभियोजन निदेशालय, गृह विभाग, बिहार, पटना द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों से नामित कुल 25 अभियोजन पदाधिकारियों ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शलिलेश कुमार, पूर्व निदेशक अभियोजन, अभियोजन निदेशालय, रंजीत शंकर प्रसाद, वरीय विधि पदाधिकारी, गृह विभाग, बिहार भूपेन्द्र नारायण सिंह, पूर्व जिला अभियोजन पदाधिकारी, ब्रजेश पाण्डेय, विधि पदाधिकारी, निगरानी अन्वेषण ब्यूरों, पटना उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा0 रविकान्त देव, उपनिदेशक, अभियोजन निदेशालय, बिहार द्वारा किया गया। उनके द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागीयों का स्वागत किया गया। श्री देव द्वारा इस पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए प्रतिभागियों को अपनी कार्यशैली को सुदढ़ बनाते हुए महिला के परिपेक्ष में कार्य करने का अनुरोध किया गया ताकि महिलाओं को वर्तमान विधियों के अन्तर्गत त्वरित न्याय प्रदान कराया जा सके।

रंजीत शंकर प्रसाद, वरीय विधि पदाधिकारी, गृह विभाग, बिहार ने प्रतिभागियो को संबोधित किया तथा अपने संबोधन में कहा कि यह सिर्फ प्रशिक्षण नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण का मिशन है, साथ ही 05 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य पर विशिष्ट प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि शलिलेश कुमार, पूर्व निदेशक अभियोजन, अभियोजन निदेशालय, अभियोजन पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने अन्दर ज्ञान, कौशल एवं मनोदृष्टि को आत्मसात करें एवं पीड़ित पक्षकार (महिला) को त्वरित न्याय प्रदान करने की दिशा में कार्य करें। यह प्रशिक्षण सिर्फ किताबी विधिक ज्ञान हेतु नहीं बल्कि आपको इस प्रकार से संवेदनशील बनाने के लिए है ताकि आप सभी अपने कार्यस्थल पर जा कर धारदार तरीके से पीडिता को न्याय दिला सके। अपने संबोधन में उन्होंने निदेशालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को इस अवसर पर आमंत्रित किये जाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया। अभियोजन निदेशालय के प्रभारी निदेश धर्मेंद्र कुमार सिंह के स्तर से मंचासीन अतिथियों प्रतिभागियों एवं निदेशालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों धन्यवाद ज्ञापित किया।

## नारी नेतृत्व का असर, पंचायतों में बढ़ रही महिला साक्षरता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में महिला साक्षरता का सफर पिछले दो दशकों में उल्लेखनीय रहा है। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2001 में जहां महिलाओं की साक्षरता दर मात्र 33.12 प्रतिशत थी, वह 2025 में बढ़कर लगभग 74 प्रतिशत पहुंच चुकी है। यह प्रगति न सिर्फ शिक्षा और जागरूकता अभियानों का नतीजा है, बल्कि ग्रामीण स्तर पर महिला मुखियाओं के मजबूत नेतृत्व का भी इसमें उल्लेखनीय परिणाम रहा है। पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी ने स्थानीय स्तर पर साक्षरता और आत्मनिर्भरता को गति दी है।

**अफसाना बेगम- पूर्णिया जिले की प्रेरणादायक मुखिया**

पूर्णिया जिले के धमदाहा ब्लॉक के अंतर्गत कुकरौन पश्चिम पंचायत की मुखिया अफसाना बेगम बचपन से ही महिलाओं की बेरोजगारी, असाक्षरता और आत्मविश्वास की कमी को करीब से देखती थीं। सरकारी स्कूल से 8वीं तक पढ़ाई करने के बाद उन्होंने मदरसे से इंटर किया। गांव में बदलाव लाने की इच्छा थी तो पंचायत चुनाव में खड़ी हुईं और जीत हासिल की। मुखिया बनने के बाद अफसाना ने पंचायत को महिला-केंद्रित बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने बाल विवाह पर रोक लगाने और लड़कियों की शिक्षा पर विशेष जोर दिया। नतीजा यह रहा कि बीते चार वर्षों में आधा दर्जन लड़कियां सरकारी शिक्षक बन गईं, जबकि कई अन्य इंटर के बाद ग्रेजुएशन कर रही हैं। महिलाओं को अंगूठे के निशान की बजाय हस्ताक्षर करना सिखाने के लिए विशेष ट्रेनिंग दी, परिणामस्वरूप पंचायत की करीब 80 प्रतिशत महिलाएं स्वयं कागजातों पर हस्ताक्षर करती हैं।

यहां एक अन्य बड़ी समस्या बाजार की दूरी थी। महिलाओं को ताजे फल-सब्जियां खरीदने के लिए रोजाना 12 किलोमीटर दूर जाना पड़ता था। अफसाना ने पंचायत में ही हाट बसाया, जहां महिलाएं भी अपनी दुकानें चला रही हैं। इसके अलावा अन्य जरुरी सामानों के लिए 10 दर्जन से अधिक दुकानें खुलीं। इससे न केवल स्थानीय रोजगार में वृद्धि हुई, बल्कि अन्य पंचायतों से आने-जाने का समय और खर्च भी बचा। आज कुकरौन पश्चिम पंचायत की लगभग 70 प्रतिशत महिलाएं किसी न किसी रूप में रोजगार से जुड़ी हुई हैं।

**आरती कुमारी- मिश्रौलिया पंचायत की पहली महिला मुखिया**

सीतामढ़ी जिले के डुमरा ब्लॉक अंतर्गत मिश्रौलिया पंचायत की मुखिया आरती कुमारी गांव की पहली महिला मुखिया बनीं। इससे पहले गांव वालों की सोच थी कि महिलाएं घर तक सीमित रहती हैं, लेकिन आरती ने इसे पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने साबित किया कि एक साक्षर और जागरूक महिला किसी पुरुष से कम नहीं होती। आरती घर संभालने के साथ-साथ पंचायत के विकास के लिए सक्रिय रूप से काम करती हैं। उन्होंने स्कूलों में लड़कियों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान चलाए। महिला सभाओं में लड़कियों की शिक्षा की महत्वपूर्णता बताई और उन्हें आत्मविश्वास के साथ करियर चुनने के लिए प्रेरित किया। आरती बताती हैं कि पहले मैं कम बोलती थी, घर में रहती थी। मुखिया बनने का ख्याल भी नहीं आया था। लेकिन लॉकडाउन के दौरान ससुराल लौटने पर गांववालों ने साक्षर उम्मीदवार के रूप में मेरा समर्थन किया। कुछ लोगों ने विरोध भी किया कि अच्छे घर की बहू घर में ही शोभा देती है, लेकिन मैंने सजावटी पद नहीं, बल्कि वास्तविक काम चुना। आज वे दो बच्चों की मां होने के साथ-साथ गांव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन चुकी हैं।

## दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शाहपुर थाना क्षेत्र के जमालुद्दीनचक के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने अपनी शादी का कार्ड बांटने जा रहे हैं बाइक सवार युवक को कुचल डाला। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक के पीछे बैठा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान जमसौत के रहने वाले राजवंशी मांझी के 20 वर्षीय पुत्र सतीश कुमार के रूप में हुई है।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर फिल्म 'हक' का प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड (कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार) की ओर से शनिवार को फिल्म 'हक' का विशेष प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड की महाप्रबंधक श्रीमती रूबी ने कहा कि महिलाओं को अपने सम्मान और अधिकारों के लिए केवल पुरुषों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वयं भी एक-दूसरे को सम्मान देना चाहिए तथा एक-दूसरे को आगे



बढ़ने के अवसर प्रदान करने चाहिए। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं परस्पर सहयोग और सम्मान की भावना के साथ आगे बढ़ेंगी, तभी वास्तविक रूप से महिला सशक्तिकरण संभव हो सकेगा। उन्होंने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में संग्रहालय निदेशालय के निदेशक कृष्ण कुमार ने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी पुरुषों पर भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं का विषय नहीं है, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि यह दिन उनके लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि उनकी दो बेटियां हैं और हमें ऐसा वातावरण बनाना चाहिए जहां बेटियां सुरक्षित और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। कार्यक्रम के अंतर्गत फिल्म 'हक' का प्रदर्शन किया गया। इस फिल्म का निर्देशन शूर्ण वर्मा ने किया है, जबकि इसके निर्माता विनीत जैन, विशाल गुरनानी, जूही पारेख मेहता, हरमन बावेजा एवं विक्की जैन हैं। फिल्म महिलाओं के अधिकार, संघर्ष और सामाजिक परिस्थितियों के बीच उनके आत्मसम्मान और न्याय की लड़ाई को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है। इस अवसर पर विभाग के अन्य पदाधिकारी, कर्मी और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## चार दिवसीय स्वास्थ्य सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रोटरी क्लब ऑफ पटना के तत्वावधान में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी राजयोग ध्यान केंद्र, कंकड़बाग, पटना में 'मर्म दाब चिकित्सा' एवं 'आधुनिक एक्यूप्रेशर' विषय पर चार दिवसीय स्वास्थ्य सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगभग 93 प्रतिभागियों ने भाग लेकर स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया।कार्यशाला में जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के रिवर्सल, पेन मैनेजमेंट तथा स्ट्रेस मैनेजमेंट से संबंधित चिकित्सा




तकनीकों का विस्तार से प्रदर्शन किया गया। यह प्रशिक्षण रोटेरियन डॉ. सैकत सेन गुप्ता, निदेशक, स्वास्थ्य रक्षक (बिहार सरकार पंजीकृत स्टार्टअप) के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को आधुनिक एक्यूप्रेशर और मर्म बिंदुओं के माध्यम से प्राकृतिक तरीके से स्वास्थ्य सुधार की जानकारी दी गई। मौके पर एम पी जैन ने बताया कि प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र रोटरी क्लब ऑफ पटना की अध्यक्षा रोटेरियन रश्मि मंडल, रोटेरियन विनोद भांति, रोटेरियन रवि कुमार सिन्हा, रोटेरियन अंशुल, रोटेरियन मिथलेश मंडल, रोटेरियन संजय पांडे, एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर अशोक जी तथा ब्रह्माकुमारी संस्था एवं रोटरी क्लब के अन्य गणमान्य व्यक्तियों बी.के. संगीता जी, बी.के. स्नेहा जी और सीनियर थेरेपिस्ट अनूप सिंह चौहान द्वारा वितरित किए गए। यह मॉडर्न एक्यूप्रेशर हेल्थ सेमिनार एवं प्रशिक्षण कार्यशाला क्रमशः 8 फरवरी 2026, 15 फरवरी 2026, 22 फरवरी 2026 और 1 मार्च 2026 को आयोजित की गई थी। प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए अगले महीने पुनः ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा भी व्यक्त की, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ प्राप्त कर सकें।

## संपादकीय

# होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होते ही बढ़ा वैश्विक खतरा

होर्मुज को एक सबसे महत्त्वपूर्ण समुद्री जलमार्ग माना जाता है, जहां से दुनिया भर में तेल और गैस आपूर्ति का करीब बीस से पच्चीस फीसद हिस्सा गुजरता है।इस बात की आशंका पहले से ही थी कि ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद युद्ध का दायरा दूसरे क्षेत्रों में भी फैलेगा और इससे वैसे देश भी प्रभावित होंगे, जो इस जंग में भागीदार नहीं हैं। दोनों पक्षों के बीच घातक हथियारों के जरिए जारी हमले युद्ध के प्रत्यक्ष स्वरूप हैं, तो इसके समांतर अब ऐसे फैसले भी सामने आने लगे हैं, जो अगर लंबे समय तक टिके, तो इससे दुनिया के कई देशों की अर्थव्यवस्था बुरी तरह प्रभावित होगी।गौरतलब है कि अमेरिका और इजराइल के हमले के जवाब में ईरान ने भी मिसाइलों के जरिए सैन्य हमलों का मोर्चा खोला हुआ है। मगर एक बड़े रणनीतिक फैसले के तहत उसने अपने प्रभाव क्षेत्र में आने वाले होर्मुज जलडमरूमध्य को जिस तरह बंद कर दिया है, अगर जल्द ही उसे खोलने के लिए ठोस प्रयास नहीं हुए, तो कई देशों के सामने ऊर्जा का संकट गहरा सकता है। होर्मुज को एक सबसे महत्त्वपूर्ण समुद्री जलमार्ग माना जाता है, जहां से दुनिया भर में तेल और गैस आपूर्ति का करीब बीस से पच्चीस फीसद हिस्सा गुजरता है।स्वाभाविक ही इस बात की आशंका अभी से जताई जाने लगी है कि अगर संकट गहराया, तो कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू सकती हैं और इसके बाद हवाई किराए, माल ढुलाई और खाद्य पदार्थों की कीमतों में भारी बढ़ोतरी हो सकती है। साथ ही केंद्रीय बैंकों के सामने मुद्रास्फीति पर काबू पाने के लिए ब्याज दरों में बदलाव करना एक मजबूरी की नीति बन सकती है। यानी होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग के बाधित होने का व्यापक और बहुस्तरीय असर पड़ सकता है। फिलहाल ईरान ने इस रास्ते से सिर्फ चीन को आवाजाही की अनुमति दी है और कहा है कि अन्य देशों के जहाजों, खासतौर पर इजराइल और अमेरिका के समर्थक देशों के टैंकरों को रास्ता नहीं दिया जाएगा।अंदाजा लगाया जा सकता है कि तेल और ऊर्जा के लिए जिन देशों की होमुर्ज जलडमरूमध्य के रास्ते पर निर्भरता है, वहां ईरान के इस फैसले का क्या प्रभाव पड़ सकता है। निश्चित तौर पर भारत पर भी इसका गंभीर असर पड़ेगा और अभी से इसका हल खोजने की कोशिश शुरू हो गई है, लेकिन जिस रास्ते से भारत अपने चालीस फीसद तेल की आपूर्ति पूरी करता है, उसमें तुरंत इसका नया विकल्प निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी होगी।होर्मुज जलडमरूमध्य को एक संकरे समुद्री रास्ते से ज्यादा आधुनिक वैश्विक अर्थव्यवस्था की 'धड़कती नस' और ऊर्जा सुरक्षा की दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण माना जाता है।

**होली के दिन पहले कच्चे बांस की खोखली नलियों से पिचकारी बनाई जाती थी। कोई-कोई ऐसा होता था, जिसके पास लोहे या पीतल की पिचकारी होती। अन्यथा ज्यादातर लोगों के पास बांस की पिचकारी होती, जिसका पंच किसी लकड़ी पर कपड़े लपेटकर बनाया जाता था। देसज बढ़ई इन पिचकारियों को तैयार करते थे। रहन-सहन में अब भी पारंपरिक देसज गंध से भरा है पूर्वांचल का इलाका। पूर्वांचल यानी पूर्वी उत्तर प्रदेश, उससे सटा बिहार और झारखंड का इलाका। भारतीय नक्शे में इस इलाके में मोटे तौर पर भोजपुरी बोली जाती है।**

# खो रहे होरी के पूर्वांचली रंग

(उमेश चतुर्वेदी)

यह इलाका पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, वाराणसी और आजमगढ़ मंडल के साथ ही बिहार के सारण मंडल के साथ ही मोतीहारी, चंपारण, आरा, बक्सर, सासाराम तक फैला हुआ है। वाराणसी और सासाराम से सटा हुआ है झारखंड का पलामू इलाका। यहां भी भोजपुरिया संस्कृति के रंग बिखरे हुए हैं। अब भी यहां के रहन-सहन, बोली-बानी में देसज भोजपुरिया मिठास भरी हुई है। लेकिन आधुनिक आर्थिकी के साथ यहां भी कुछ बदलाव आए हैं। शादी-विवाह, मुंडन-जनेऊ और अंतिम संस्कार में परंपराओं का पालन तो होता है, लेकिन उन पर बाजार का रंग अब पहले की तुलना में कहीं गहरे छा गया है। यही हाल यहां के पारंपरिक त्योहारों पर भी दिखने लगा है।

पूरे देश में होली, रंग और उल्लास का त्योहार है। बासंती बयार के बीच दस्तक देने वाले इस त्योहार के वक्त समूचा देश रंगों में डूबता रहा है। लेकिन महानगरीय असर में अब रंगों की चमक और उल्लास कहीं खोती हुई नजर आ रही है। हास्य और लास्य का भी त्योहार है होली, लेकिन अब पूर्वांचल में हास्य की जगह फूहड़ता ने ले ली है, लास्य की लय भी कहीं खो गई है। अब पूर्वांचल का शायद ही कोई गांव बचा हो, जहां पारंपरिक भोजपुरी रंग में फाग के राग सुनाई देते हों। कभी भंग के संग होली का रंग चढ़ता था, अब भांग की जगह आधुनिक अंगूर की बेटी ने ले ली है। चूंकि अंगूर की बेटी तक सबकी पहुंच नहीं, इसलिए सरकारी ठेके का पौव्वा आज की होली के उल्लास का सबसे बड़ा साथी नजर आ रहा है।

पूर्वांचल में होली को फगुआ भी कहा जाता है। भोजपुरिया इलाके में आज से तीन दशक पहले तक लोग परदेस में नौकरी कर रहे लोग 'होली' की छुट्टी पर नहीं, 'फगुआ' की छुट्टी पर आते थे। जैसे ही खेतों में फसलें गोटाने लगती थीं, यानी उनके दानों का दूध गाढ़ा होकर अन्न का रूप लेने लगता था, बहरवांसु यानी बाहर कमाने गए लोगों के इंतजार की घड़ियां गिनी जाने लगती थीं। जब परदेसी कमासुत यानी कमेरा घर लौटता, घर ही नहीं, पूरे मोहल्ले में हर्ष की लहर दौड़ जाती थी। होली पर नवेली भौजाइयों को रंगने के लिए घेरने के उपाय सोचे जाने लगते, वहीं नवोढ़ा भाभियां भी देवरों पर आक्रमण का इंतजार करने लगतीं। देवर जी थोड़े भी लापरवाह हुए नहीं कि छपाक..और पूरा बदन भाभी के हाथों की मिठास भरे रंगों से सराबोर..

पूर्वांचल में फगुआ का त्योहार महाशिवरात्रि के बाद से छिटफुट शुरू हो जाता था। किंचित अब भी होता है। लेकिन अब पहले जैसी गाढ़ी चाहत अब नहीं रही। हर उम्र की भाभियां अपने-अपने देवरों को रंगने की जुगत में जुट जाती थीं, इसके लिए वक्त की परवाह नहीं होती थी। रात का भोजन करते वक्त हर उम्र के देवर भौजाइयों के सबसे ज्यादा शिकार बनते थे..इसलिए उन दिनों कई लोग बेहद सावधानी बरतते थे..हालांकि सावधानी अक्सर हट जाती थी और रंग रूपी दुर्घटना का हमला हो जाता था।

होली के दिन पहले कच्चे बांस की खोखली नलियों से पिचकारी बनाई जाती थी। कोई-कोई ऐसा होता था, जिसके पास लोहे या पीतल की पिचकारी होती। अन्यथा ज्यादातर लोगों के पास बांस की पिचकारी होती, जिसका पंच किसी लकड़ी पर कपड़े लपेटकर बनाया जाता था। देसज बढ़ई इन पिचकारियों को तैयार करते थे। लेकिन अब ये पिचकारियां बीते दिनों की बात हो गई हैं। अब प्लास्टिक ने घर-घर जगह बना ली है।

पूर्वांचल में सवर्ण मोहल्लों की होली और दलित या मजदूर मोहल्लों की होली में किंचित अंतर होता था। दलित या मजदूर मोहल्ले से होली के मौसम में अच्छे-भले लोग गुजरने से परहेज करते थे। कारण यह कि कब ठाकुर साहब या पंडिजी की चमकती धोती पर गोबर या नाले का कीचड़ छपाक से आ गिरे, कोई गारंटी नहीं। इसका बुरा कोई-कोई ही मानता था। आज ऊंच-नीच की बातें बहुत होती हैं। लेकिन तीन दशक पहले तक कम से कम होली में जमींदार हो या पुरोहित या बड़े ठाठ वाले ठाकुर साहब, दलित या कमेरी बस्तियों की ओर काम से भी गुजरने से परहेज करते थे, क्योंकि गोबर, कीचड़, कूड़ा कुछ भी उनके स्वागत में उन पर बरस सकता था। ज्यादातर ये हमले उन मोहल्लों की महिलाएं ही करतीं।

फगुआ के दिन पूर्वांचल में सुबह हर मोहल्ले में रंग-पानी की होली होती। हर दरवाजे पर झंड बनाकर पहुंचते, एक-दूसरे को रंग लगाते और पुए खाते हुए दूसरे दरवाजे का रूख करते। इस दौरान शौकीन लोगों को भंग की ठंडाई भी मिलती, हालांकि तब भी भांग खाने या उसकी ठंडाई पीने वालों की संख्या बहुत कम होती। दलित और कमेरा बस्तियों में रंग और पानी के साथ गोबर और कीचड़ भी जुड़ जाता। जिस समय दरवाजे के बाहर होली का रंग बरस रहा होता या कीचड़ की बौछार हो रही होती, उस समय घरों में अपने-अपने इष्ट देवताओं और कुल देवताओं की पूजा हो रही होती है। यह परंपरा अब भी बदस्तूर जारी है। इस पूजा में कहीं पुए तो कहीं आटे का पीठा चढ़ाया जाता है। ये पुए भी पूरी पवित्रता से तैयार किए गए गेहूं के आटे और गुड़ से बनाए जाते हैं। इन पुओं को देसी गाय के घी में ही तला जाता है। उसे ही देवताओं को भोग लगाया जाता है। पूजा के बाद घर की महिलाएं होली खेलती हैं। रिश्ते के देवरों को भी घरों में प्रवेश की इजाजत तभी मिलती है, जब उसकी रिश्ते की भाभी घर में हो।

दोपहर तक रंग और पानी का खेल चलता है। उसके बाद तालाब, नदी या ट्यूबवेल पर स्नान का त्योहार चलता है। स्नान के बाद पूर्वांचल के लोग अपने घरों को लौटते हैं और घर में बने पकवान का भोजन करते हैं। फगुआ पर पूर्वांचल में हर घर में पुए बनना जरूरी है। इसके साथ ही कटहल की सब्जी भी तकरीबन हर रसोई में बनती है। पूड़ी और चावल भी लोग बनाते खाते हैं। इसलिए इस दौरान पूर्वांचल के बाजारों में कटहल की कीमत और दिनों की तुलना में बहुत ज्यादा बढ़ जाती है।



फगुआ के दिन शाम को पूर्वांचल में नए कपड़े पहनने का चलन है। नए कपड़े पहन लड़कों का झुंड अबीर की पोटलियां लेकर निकल पड़ता है। इसकी शुरूआत घर के बड़े-बुजुर्गों के पैर पर अबीर रखकर प्रणाम करने से होती है। बराबरी के लोगों के चेहरे पर अबीर पोता जाता है। देवर-भौजाई के बीच भी कुछ इसी अंदाज में अबीर की सूखी होली खेली जाती है। इसी तरह नए कपड़े पहनकर लड़कियों का झुंड भी अबीर की पोटली के साथ पूरे गांव के लिए निकल पड़ती हैं। पूर्वांचल में गांव के लड़के-लड़कियों को भाई-बहन माना जाता है। चाहे वे किसी भी बिरादरी के हों, इसलिए उनके बीच देवर-भाभी जैसी होली खेलना समाज और परंपरा विरुद्ध माना जाता है। लड़कियां झुंड में घर-घर जाती हैं, अबीर लगाती हैं, इस दौरान लोगों को सूखे मेवे और गुझिया खिलाने का चलन है। यानी अवध में राम अपने भाइयों के साथ होली खेल रहे हैं। किसके हाथ में सोने की पिचकारी है और किसके हाथ में अबीर है। राम के हाथ में सोने की पिचकारी है और लक्ष्मण के हाथ में अबीर है। अवध में इस तरह भाइयों संग राम होली खेल रहे हैं। पूर्वांचल के पारंपरिक होरी गीतों में सौंदर्य छलक-छलक उठता है। इन गीतों में सौंदर्य के देसी उपमान रहे हैं, जैसे- गंगा जी आपका नाम ठीक ही सुरसरि है , सुर यानी देवताओं की नदी। आप सबको पार लगाती है, इस बार आप मेरी जीवन नैया को पार लगा दो। पहले के दौर में ढोल-मंजीरों के साथ हर दरवाजे पर गायकों की टीम पहुंचती थी, उनका पान, लौंग और अबीर से स्वागत होता था..इस दौरान कुछ गांवों में हर दरवाजे से कुछ पैसे भी लिए जाते थे। उन पैसों को इकट्ठा करके सामाजिक कार्य के लिए सार्वजनिक सामान खरीदे जाते थे, जिनका उपयोग शादी-विवाह, मुंडन-जनेऊ में किया जाता था। इस गायन की शुरूआत आम तौर पर गांव के डीह बाबा के स्थान से होती थी। पूर्वांचल में गांव का डीह बाबा गांव के कुल देवता को या गांव के रक्षक को कहा जाता है। वैसे इस गीत की शुरूआत बसंत पंचमी के दिन होती थी, जिसे ताल ठोकना कहा जाता है। होली की रात को जब तकरीबन पूरे गांव की यह गायक टोली परिक्रमा पूरी कर लेती तो आखिरी ताल ठोकने गांव के किसी प्रतिष्ठित मंदिर पर जाती और वहां होरी के भक्ति गीत गाने के बाद आखिरी गीत चैता गाया जाता था। वह मंदिर हनुमान जी का भी हो सकता है या शंकर जी का भी...हर गांव में ऐसी प्रतिष्ठा अलग-अलग मंदिरों की रही है। पूर्वांचल में कुछ खास जातियों के अपने होरी गीत रहे हैं। उनकी अपनी लय और ताल भी रही है। कहीं-कहीं यह परंपरा आज भी जिंदा है। जैसे धोबी समुदाय का अपना गीत है तो गोंड़ समुदाय का अपना। उनके अपने वाद्य भी हैं। धोबी समुदाय पखावज के साथ मजीरे की ताल पर गीत गाता रहा है तो गोंड़ समाज हुड़का और बड़े-बड़े मजीरे के ताल पर अपनी लय छेड़ता रहा है। एक प्रसिद्ध धोबी गीत अब भी याद आता है, जिसमें सौंदर्य के अनुपम देसज रूप दिखते हैं,

हर गायन दल अपने हिसाब से जोगीरा भी गाता रहा है। अब भी किंचित गाया जाता है। लेकिन सबका समापन किसी न किसी मंदिर पर ही होता है...और इसके साथ ही पूर्वांचल की होरी का त्योहार पूरा हो जाता था, अगले साल तक के लिए उसका इंतजार शुरू हो जाता था। पूर्वांचल के मूल निवासी वरिष्ठ पत्रकार। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# संजू सैमसन होना आसान नहीं, सेमीफाइनल में पहुंचाकर दिया होली का तोहफा

(प्रियम सिन्हा)

भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। संजू सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जो जुझारू पारी खेली, वो दशकों तक याद रखी जाएगी। उन्होंने अकेले दम पर ओपनिंग से अंत तक नाबाद रहते हुए 50 गेंद पर 97 रन बनाए। संजू सैमसन एक ऐसा नाम जो इंटरनेशनल क्रिकेट में कभी-कभी सुनाई देता था। कभी-कभी इसलिए क्योंकि इस खिलाड़ी की जगह कभी भी भारतीय टीम में स्थाई नहीं रहती। आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए बेहतरीन कप्तानी, टी20 फॉर्मेट में 8 हजार से ज्यादा रन, फिर भी भारतीय टीम के लिए मैदान से ज्यादा यह खिलाड़ी बेंच पर रहता है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले भी कुछ ऐसा ही था। संजू सैमसन का फॉर्म भी लगातार उनका साथ नहीं देता है। उनके क्लास, उनके बैटिंग स्टाइल और उनके टैलेंट पर किसी को कभी शक नहीं रहा, लेकिन उसको साबित करने में कई बार संजू की किस्मत ने धोखा दिया। ऐसा ही टी20 वर्ल्ड कप से पहले देखने को मिल रहा था। 2024 में पूरे टूर्नामेंट में यह खिलाड़ी बेंच पर ही था। इस बार भी हालात ऐसे ही बनते दिख रहे थे। वर्ल्ड कप से ठीक पहले उनकी ओपनिंग पोजीशन और विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी इशान किशन को दे दी गई।

**खत्म होती कहानी में आया नया मोड़:** हर किसी का मानना था कि यह संजू की कहानी का अंत हैज। पर किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। भगवान ने संजू के लिए जिंदगी का एक ऐसा खूबसूरत लम्हा संजो कर रखा था जिसकी भनक किसी को नहीं थी। बीच वर्ल्ड कप सुपर 8 के पहले मैच में टीम इंडिया साउथ अफ्रीका से हारती है। फिर सवाल उठते हैं, आलोचना होती है। इसके बाद कोच और कप्तान कॉम्बिनेशन को खंगालते हैं और फिर संजू को आजमाते हैं। इस तरह एक बार फिर संजू की बतौर ओपनर वापसी होती है। पहले मैच में वह अच्छा स्टार्ट देते हैं और टीम को लंबे अरसे बाद अच्छी ओपनिंग पार्टनरशिप देखने को मिलती है। उसके बाद आता है वो मैच जो शायद संजू की खत्म होती कहानी का अब सबसे खूबसूरत चैप्टर बनकर याद किया जाएगा। वेस्टइंडीज के खिलाफ ओपनिंग से अंत तक 50 गेंद पर 97 रन की पारी और अकेले दम पर भारत को सेमीफाइनल में पहुंचाने वाले चेट्टा ने साबित कर दिया कि क्यों उनकी इतनी फैन फॉलोइंग है। संजू सैमसन की बात करें तो यह खिलाड़ी सबसे दुर्भाग्यशाली खिलाड़ी है। संजू ने 2015 में अपना टी20 करियर शुरू किया था। उसके बाद से अभी तक 11 साल में वह सिर्फ 60 इंटरनेशनल मुकाबले ही टीम इंडिया के लिए खेले हैं। 52 पारियों में 1221 रन, 150 से ऊपर का स्ट्राइक रेट और तकरीबन 26 का औसत, यह बताता है कि इस खिलाड़ी में कितना दम है, लेकिन दबाव, प्लेइंग कॉम्बिनेशन इन सबके कारण कभी इस खिलाड़ी की टीम में जगह पक्की नहीं हो पाई।

संजू सैमसन ने हर बड़े मौके पर भारत के लिए उपयोगी पारियां खेलीं। एशिया कप फाइनल में टॉप ऑर्डर के फेल होने पर संजू ने ही तिलक के साथ पारी को संभाला था। साउथ अफ्रीका दौरे पर वनडे मैच में जब टीम डगमगाई थी तो संजू ने ही शतक लगाकर टीम को जिताया था। अब टी20 वर्ल्ड कप 2026 में जब भारत फंसा था तो संजू आए, संजू चमके और संजू ने टीम इंडिया को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। इस पारी और पिछली कुछ पारियों में अंतर बस इतना था कि वहां संजू साइड हीरो थे लेकिन अब संजू लीड हीरो बनकर सामने आए हैं।

इतने दबाव, इतने प्रेशर, इतनी अस्थिरता के बीच सबसे अहम मैच में संजू सैमसन का जो मैच विनिंग परफॉर्मेंस आया है, यह दिखाता है कि वह कितने सरल, शांत स्वभाव के खिलाड़ी हैं। इसलिए हम भी कहते हैं कि संजू होना आसान नहीं है। इस खिलाड़ी ने विनिंग चौका लगाते ही मैदान पर बैठकर ईश्वर का शुक्रिया कहा, ड्रेसिंग रूम में जाकर अपनी किट और बैट को प्रणाम किया। यह दिखाता है कि इस खिलाड़ी के संस्कार क्या हैं। संजू ने बता दिया कि संजू होना आसान तो नहीं है लेकिन संजू जैसा होना सबके बस की बात भी नहीं है।

# आधुनिक संदर्भों पिता-पुत्र संस्कृति को नया आयाम दे

(ललित गर्ग)

**हमारे इतिहास और पुराणों में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं जिन्होंने पुत्र धर्म को सर्वोच्च आदर्श के रूप में स्थापित किया। भगवान श्रीराम का जीवन इसका सर्वोत्तम उदाहरण है। जब राजा दशरथ ने परिस्थितिवश उन्हें चौदह वर्ष का वनवास दिया, तब श्रीराम ने बिना किसी विरोध, बिना किसी आक्रोश के पिता की आज्ञा को धर्म मानकर स्वीकार किया। राष्ट्रीय पुत्र दिवस, जो प्रतिवर्ष 4 मार्च को मनाया जाता है, केवल एक पिता-पुत्र संस्कृति को जीवंतता देने का ही उत्सव नहीं है, बल्कि भारतीय परिवार व्यवस्था की आत्मा को स्पर्श करने वाला अवसर है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि पुत्र केवल परिवार की वंश परंपरा का वाहक नहीं, बल्कि संस्कारों, उत्तरदायित्वों और सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतिनिधि है।**

आधुनिक समय में जब संयुक्त परिवार बिखर रहे हैं, पीढ़ियों के बीच संवाद कम हो रहा है और विशेष रूप से पिता और पुत्र के बीच मानसिक दूरी बढ़ती जा रही है, तब यह दिवस एक गहन आत्ममंथन का अवसर बन जाता है। भारतीय चिंतन में पुत्र का अर्थ केवल जन्म से जुड़ा नहीं है। शास्त्रों में कहा गया है-पुंनाम्नो नरकाद् यः त्रायते सः पुत्रः अर्थात जो कुल और संस्कृति को पतन से बचाए वही सच्चा पुत्र है। इस परिभाषा में पुत्र को एक उत्तरदायी व्यक्तित्व के रूप में देखा गया है, जो अपने आचरण से परिवार की मर्यादा और मूल्यों की रक्षा करता है। हमारे इतिहास और पुराणों में ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं जिन्होंने पुत्र धर्म को सर्वोच्च आदर्श के रूप में स्थापित किया। भगवान श्रीराम का जीवन इसका सर्वोत्तम उदाहरण है। जब राजा दशरथ ने परिस्थितिवश उन्हें चौदह वर्ष का वनवास दिया, तब श्रीराम ने बिना किसी विरोध, बिना किसी आक्रोश के पिता की आज्ञा को धर्म मानकर स्वीकार किया। यह केवल आज्ञापालन नहीं था, बल्कि परिवार और वचन की मर्यादा को सर्वोपरि रखने का संदेश था। श्रीराम ने यह सिद्ध किया कि अधिकारों से पहले कर्तव्य आते हैं और व्यक्तिगत सुख से ऊपर परिवार की प्रतिष्ठा होती है। आज का युग अधिकारों की चर्चा करता है, परंतु कर्तव्यों का स्मरण कम होता है। यही कारण है कि पिता-पुत्र संबंधों में संवाद का अभाव दिखाई देता है। पिता अक्सर अपने उत्तरदायित्वों की दौड़ में व्यस्त है और पुत्र प्रतिस्पर्धा और अपेक्षाओं के दबाव में उलझा हुआ है। दोनों के बीच भावनाओं का पुल कमजोर होता जा रहा है। ऐसे में राष्ट्रीय पुत्र दिवस हमें यह अवसर देता है कि हम इस दूरी को कम करें। पुत्र को केवल आर्थिक साधन या भौतिक सुविधाएँ नहीं चाहिए, उसे चाहिए समय, स्नेह और समझ। जब पिता अपने पुत्र के साथ बैठकर उसके सपनों, उसके डर, उसकी असफलताओं और उसकी आकांक्षाओं पर खुलकर बात करता है, तब संबंधों में विश्वास का संचार होता है। यही विश्वास भविष्य की मजबूत नींव बनता है।

आधुनिक संदर्भ में पुत्र के सामने चुनौतियाँ भी नई हैं। करियर की अनिश्चितता, सोशल मीडिया का प्रभाव, मानसिक तनाव और मूल्य भ्रम उसे अक्सर द्वंद्व में डाल देते हैं। समाज ने लड़कों से अपेक्षा की है कि वे कठोर बनें, अपनी भावनाएँ न प्रकट करें, हर परिस्थिति में मजबूत दिखें। परिणामस्वरूप कई बार वे भीतर से अकेले और दबावग्रस्त हो जाते हैं। राष्ट्रीय पुत्र दिवस इस मानसिक स्वास्थ्य के विषय को भी छूता है। यह माता-पिता को प्रेरित करता है कि वे अपने पुत्र से पूछें-तुम सच में कैसा महसूस कर रहे हो? यह एक साधारण प्रश्न नहीं, बल्कि संवेदनशीलता की शुरुआत है। जब पुत्र को यह अनुभव होता है कि वह सुना जा रहा है, समझा जा रहा है, तब उसका आत्मविश्वास बढ़ता है। भारतीय संस्कृति में पिता केवल अनुशासन का प्रतीक नहीं, बल्कि आदर्श का आधार रहा है। पुत्र वही सीखता है जो वह अपने पिता के आचरण में देखता है। यदि पिता सत्यनिष्ठ है, तो पुत्र में भी सत्य के प्रति सम्मान विकसित होगा। यदि पिता संयमी और धैर्यवान है, तो पुत्र भी वही गुण आत्मसात करेगा। इसलिए पिता की भूमिका केवल निर्देश देने की नहीं, बल्कि उदाहरण प्रस्तुत करने की है। श्रीराम ने केवल दशरथ की आज्ञा का पालन नहीं किया, बल्कि रघुकुल की उस परंपरा को जीवित रखा जिसमें वचन और मर्यादा सर्वोपरि मानी जाती थी। यह परंपरा केवल अतीत की कहानी नहीं, बल्कि वर्तमान की आवश्यकता है।



भारतीय लोक-स्मृति में श्रवण कुमार पुत्र धर्म के सर्वोच्च प्रतीक माने जाते हैं। उन्होंने अपने नेत्रहीन माता-पिता को कंधों पर बिठाकर तीर्थयात्रा कराते हुए यह सिद्ध किया कि सेवा केवल कर्तव्य नहीं, प्रेम का उत्कर्ष है। आधुनिक युग में यद्यपि परिस्थितियाँ बदल गई हैं, जीवन की गति तेज हो गई है और करियर की चुनौतियाँ अधिक जटिल हो गई हैं, फिर भी श्रवण का आदर्श अप्रासंगिक नहीं हुआ; बल्कि वह और अधिक आवश्यक हो गया है। आज के पुत्र का दायित्व है कि वह माता-पिता के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ा रहे, उनसे संवाद बनाए रखे और उनकी आवश्यकताओं को समझे। सेवा का अर्थ अब केवल शारीरिक श्रम नहीं, बल्कि समय देना, उनकी बात सुनना, उनके एकाकीपन को समझना और उनके आत्मसम्मान की रक्षा करना है। भौतिक आकांक्षाओं की अंधी दौड़ में यदि माता-पिता उपेक्षित हो जाएँ, तो सफलता खोखली हो जाती है। त्याग का अर्थ यह नहीं कि करियर छोड़ दिया जाए, बल्कि यह है कि प्राथमिकताओं में परिवार को स्थान दिया जाए-व्यस्त दिनचर्या में भी नियमित संवाद, स्वास्थ्य का ध्यान, आवश्यक सहयोग और निर्णयों में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। आधुनिक पुत्र अपने पेशेवर जीवन की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए भी पारिवारिक जिम्मेदारियों का संतुलित निर्वाह कर सकता है, यदि वह अपने भीतर यह भाव जागृत रखे कि माता-पिता उसके अस्तित्व की जड़ हैं। जब करियर और कर्तव्य के बीच संतुलन स्थापित होता है, तब श्रवण की सेवा-भावना आधुनिक जीवन में जीवंत हो उठती है और पुत्र धर्म केवल कथा नहीं, व्यवहार बन जाता है।

आधुनिक स्वतंत्रता का अर्थ यह नहीं कि वह परिवार से विमुख हो जाए। सच्ची स्वतंत्रता वही है जिसमें व्यक्ति अपनी जड़ों से जुड़ा रहे और अपने मूल्यों का सम्मान करे। पुत्र यदि अपने करियर में सफल होता है परंतु परिवार से दूर हो जाता है, तो वह सफलता अधूरी रह जाती है। परिवार की शक्ति केवल आर्थिक समृद्धि में नहीं, बल्कि भावनात्मक एकता में है। जब पुत्र अपने माता-पिता के त्याग और संघर्ष को समझता है, उनका सम्मान करता है और वृद्धावस्था में उनका सहारा बनता है, तब वह पुत्र धर्म का वास्तविक निर्वाह करता है। पुत्र केवल परिवार की आशा नहीं, राष्ट्र की संभावना भी है। इतिहास गवाह है कि जब-जब युवाओं ने अपने कर्तव्यों को पहचाना, तब-तब समाज में परिवर्तन आया। आज आवश्यकता है कि पुत्र संस्कृति को राष्ट निर्माण से जोड़ा जाए। एक संस्कारवान पुत्र ही आदर्श नागरिक बन सकता है। यदि परिवार में सत्य, सेवा और संयम के मूल्य विकसित होंगे, तो वही मूल्य समाज में भी प्रसारित होंगे। इस प्रकार पुत्र का निर्माण केवल निजी विषय नहीं, सामाजिक उत्तरदायित्व भी है। आज जब वैश्वीकरण और भौतिकता का प्रभाव बढ़ रहा है, तब परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन आवश्यक है। पुत्र को आधुनिक ज्ञान, तकनीकी दक्षता और वैश्विक दृष्टि मिलनी चाहिए, परंतु उसके भीतर भारतीयता की जड़ें भी गहरी हों। यदि वह विज्ञान में आगे बढ़े परंतु संस्कृति से कट जाए, तो विकास अधूरा रहेगा। यदि वह परंपरा में बंधा रहे और नवीनता को अस्वीकार करे, तो प्रगति रुक जाएगी। इसलिए संतुलन ही समाधान है। यही संतुलन पुत्र संस्कृति को नया आयाम दे सकता है। राष्ट्रीय पुत्र दिवस को संवाद और संकल्प का दिवस बनाएं। जब पिता का अनुभव और पुत्र का उत्साह मिलते हैं, तब परिवार सशक्त होता है। सशक्त परिवार ही सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। हम अपने पुत्रों को केवल सफल नहीं, सार्थक बनाएं। उन्हें केवल ऊँचाई न दें, गहराई भी दें, केवल स्वतंत्रता न दें, उत्तरदायित्व भी दें, केवल संसाधन न दें, संस्कार भी दें। यदि हम श्रीराम की मर्यादा, श्रवण की सेवा भावना और आधुनिक युग की वैज्ञानिक दृष्टि को एक सूत्र में पिरो दें, तो ऐसा पुत्र तैयार होगा जो परंपरा का रक्षक और भविष्य का निर्माता दोनों होगा। यही पुत्र संस्कृति का नवोदय है, यही भारतीय परिवार व्यवस्था की शक्ति है और यही राष्ट्रीय पुत्र दिवस का सच्चा संदेश है।लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है।

# पिकअप ने साइकिल सवार को रौंदा, एक की मौत, एक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के कुरसेला थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार यह हादसा कुरसेला थाना क्षेत्र के मुरादपुर पंचायत के समेली वार्ड संख्या-19 के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर हुआ। बताया गया कि दो युवक साइकिल से सड़क किनारे जा रहे थे। इसी दौरान पूर्णिया की ओर से तेज गति से आ रहे एक पिकअप वाहन ने साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।





टक्कर इतनी भीषण थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक होली पर्व में मौसा के घर समेली आया था। घटना में मृत युवक की पहचान मनिहारी थाना क्षेत्र के पागलवाड़ी निवासी रामविलास यादव के पुत्र सुजीत कुमार यादव (18) के रूप में हुई है। सुजीत होली पर्व के अवसर पर अपने मौसा अजय यादव के घर समेली आया हुआ था। वहीं दूसरा घायल युवक की पहचान अजय यादव के पुत्र सुमन यादव के रूप में हुई है। समेली निवासी है। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेली में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज जारी है। वही घटना पर पहुंची कुरसेला वो पोठिया पुलिस जांच में जुट गयी। घटना की सूचना मिलते ही सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी टु रंजन कुमार सिंह, पोठिया थाना, कुरसेला थाना पुलिस सहित बिहार पुलिस के जवान सहित मौके पर पहुंच गई और स्थिति का जायजा लिया। समेली के अंचलाधिकारी प्रियरंजन कुमार, समेली प्रखंड के प्रमुख प्रतिनिधि संतोष कुमार पप्पू भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। हादसे के बाद मृतक के परिजन घटना स्थल पर पहुंचे है। वही पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है। वही कुरसेला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कटिहार सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं सड़क हादसे को लेकर करीब 3 घंटे तक राष्ट्रीय राजमार्ग 31 को स्थानीय ग्रामीण एवं परिजनों ने जाम किया। वही मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटना को लेकर जांच की मांग की है। वहीं मृतक के परिजनों को कटिहार जिला प्रशासन के द्वारा 4 लाख मुआवजे की मांग की है। घटना की जानकारी मिलते ही सभी प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधि की घटना स्थल पर पहुंचकर दुख जताया है।

# एसपी शिखर चौधरी ने किया आबादपुर थाना का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने शनिवार को आबादपुर थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। थाना पहुंचने पर एसपी को पुलिस बल द्वारा भव्य गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने की कार्यप्रणाली, रिकॉर्ड-



रजिस्टर और लंबित मामलों की गहनता से समीक्षा की।पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर सतर्कता के निर्देश।आबादपुर थाना क्षेत्र पश्चिम बंगाल की सीमा से सटा होने के कारण एसपी ने इस पर विशेष ध्यान केंद्रित किया।

उन्होंने थाना प्रभारी एवं पुलिस बल को निर्देश दिया कि पड़ोसी राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरती जाए। सीमा पर अवैध गतिविधियों, आवाजाही और किसी भी प्रकार की उत्तेजना पर कड़ी नजर रखने को कहा गया।युवाओं में बढ़ते 'सूखे नशे' पर गहरी चिंता एसपी ने थाना क्षेत्र में युवाओं के बीच तेजी से पैर पसार रहे सूखे नशे पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि नशा तस्करों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाए और सघन छापेमारी अभियान चलाया जाए। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय नागरिकों से भी अपील की कि वे नशे के विरुद्ध एकजुट होकर पुलिस का सहयोग करें, ताकि क्षेत्र के युवाओं का भविष्य सुरक्षित हो सके।लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के आदेश।निरीक्षण के क्रम में एसपी ने थाने में लंबित आपराधिक मामलों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुराने और अनसुलझे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए तथा पीड़ित पक्षों को समय पर न्याय सुनिश्चित किया जाए। ईद और रामनवमीः सांप्रदायिक सौहार्द की अपील। एसपी शिखर चौधरी ने आगामी ईद-उल-फित्र एवं रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाए जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या उकसावे पर ध्यान न दें और प्रशासन के साथ पूर्ण सहयोग करें। पुलिस बल को भी त्योहारी मौसम में विशेष गश्त और सतर्कता बनाए रखने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर बारसोई के डीएसपी अजय कुमार, आबादपुर थानाध्यक्ष शादाब आलम सहित थाने के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जनता दरबार में उभय पक्षों की सहमति से दो मामलों का निष्पादन

**मनिहारी/कटिहार (नबिटासं)।** अंचल कार्यालय परिसर मनिहारी में शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राजस्व रामसागर पासवान ने भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई करते हुए लंबित आठ मामलों में से दो मामले का उभय पक्षों की सहमति



से निष्पादन किया। शनिवार को जनता दरवार में दो नये मामले प्रतिवेदित हुये। जनता दरवार के बाद आर ओ श्री पासवान ने जानकारी दी कि पूर्व से लंबित भूमि विवाद से जुड़े मामलों में से दो का निष्पादन आपसी सहमति से कर दिया गया। जबकि दो नये मामले विचारण के लिए प्रतिवेदित हुए। इस अवसर पर एस आई सहित दर्जनों फरियादी मौजूद रहे।

### पैक्स चुनाव नामांकन को लेकर गहमागहमी

**हसनगंज/कटिहार (नबिटासं)।** हसनगंज प्रखंड मुख्यालय कार्यालय में पैक्स चुनाव के नामांकन को लेकर शनिवार को काफी गहमागहमी देखी गई। ढेरुआ पंचायत से पैक्स अध्यक्ष पद के लिए मो. मुख्तार ने शनिवार को अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उनके समर्थकों में काफी उत्साह देखा गया और प्रखंड मुख्यालय परिसर



में काफी भीड़ जुटी रही।पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन दाखिल करने की समय सीमा शुक्रवार और शनिवार निर्धारित की गई थी। इसके बाद सोमवार और मंगलवार को नामांकन पत्रों की समीक्षा की जाएगी, जबकि बुधवार को नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 18 मार्च 2026 को मतदान कराया जाएगा तथा 19 मार्च को प्रखंड कार्यालय में मतगणना की जाएगी।सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी शानू कुमार झा ने बताया कि ढेरुआ पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए कुल पांच तथा सदस्य पद के लिए कुल 10 नामांकन दाखिल किए गए हैं। वहीं कालसर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए एक और सदस्य पद के लिए आठ नामांकन प्राप्त हुए हैं।

### पहले प्रयास में किसान के बेटा को मिला युपीएसी 526वां रैंक

**फलका/कटिहार (नबिटासं)।** प्रखंड क्षेत्र के हथवाड़ा पंचायत के फूलडोभी गांव के किसान कन्हैया सिंह के पुत्र सन्नी राज ने देश की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में पहले ही प्रयास में 526 वीं रैंक हासिल कर अपने गांव और पूरे प्रखंड का नाम रोशन किया है।उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल है। सन्नी राज की सफलता की खबर जैसे ही गांव और आसपास के क्षेत्रों में फैली, उनके घर बधाई देने वालों का तांता लग गया। ग्रामीणों,एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उन्हें इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परिजनों के अनुसार सन्नी राज बचपन से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं। संसाधनों के बावजूद उन्होंने कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उनका सपना शुरू से ही सिविल सेवा में जाकर देश और समाज की सेवा करना था। जिसे उन्होंने पहले ही प्रयास में साकार कर दिखाया।



# कटिहार में खुले में मांस बिक्री पर रोक

## बिना लाइसेंस दुकान चलाने पर होगी कार्रवाई : नगर आयुक्त संतोष कुमार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** शहर में अब खुले में मांस की बिक्री पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। नगर निगम की ओर से इस संबंध में सख्त फैसला लिया गया है। नगर निगम कार्यालय में मेयर ऊषा देवी अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में डिप्टी मेयर मंजूर खान,नगर आयुक्त संतोष कुमार समेत नॉनवेज दुकानों से जुड़े कई विक्रेता भी मौजूद रहे।



नगर आयुक्त संतोष कुमार ने बताया कि बैठक में तय किया गया कि अब सड़क किनारे या खुले स्थान पर मांस की बिक्री नहीं की जा सकेगी। मांस बेचने के लिए दुकानदारों के पास नगर निगम का वैध लाइसेंस होना अनिवार्य होगा। बिना लाइसेंस दुकान चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम ने दुकानदारों के लिए कुछ जरूरी दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। इसके तहत मांस और मछली बेचने वाली दुकानों के सामने काला शीशा या गहरा पर्दा लगाना अनिवार्य होगा। ताकि बाहर से गुजरने वाले लोगों को मांस दिखाई न दे। इसके अलावा धार्मिक स्थलों, स्कूल, कॉलेज और अन्य सार्वजनिक स्थानों के आसपास मांस और मछली की दुकानें पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगी। निगमायुक्त श्री कुमार ने साफ किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मेयर ऊषा देवी अग्रवाल ने बताया कि इस संबंध में आधिकारिक पत्र जारी कर दिया गया है और सभी दुकानदारों को नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि यह फैसला शहर में व्यवस्था बनाए रखने और सभी वर्गों की भावनाओं का सम्मान करने के उद्देश्य से लिया गया है। मौके पर स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार, मो. नुर आलम सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ग्यारह मवेशी के साथ तीन पशु तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार )।** पोठिया पुलिस ने अवैध पशु तस्करी के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन में लदे ग्यारह मवेशी को जब्त करने के साथ-साथ तीन पशु तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन पर क्रूरता पूर्वक पशुधन का अवैध परिवहन करते हुए कुसियारी गाँव की ओर जा रही है। सत्यापन हेतु दलबल के साथ कुसियारी गाँव के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया। वाहन जांच के दौरान एक पिकअप चालक पुलिस बल को देखकर वाहन



लेकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ा गया।पकड़ाये व्यक्ति ने अपना नाम मो. तबरेज आलम कुसियारी, मो. जैदुल, सैदुर रहमान दोनों बैसा गोविंदपुर थाना-बरारी निवासी बताया।

पिकअप वाहन की तलाशी के क्रम में कुल ग्यारह पशुओं को क्रूरतापूर्वक परिवहन करते हुए बरामद किया गया। जिसके बाद आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# पैक्स चुनाव के लिए अंतिम दिन 27 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** प्रखंड में पैक्स अध्यक्ष चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हुई थी। पहले दिन जहां अध्यक्ष पद के लिए सात उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। वहीं शनिवार को नामांकन के अंतिम दिन विभिन्न छह पंचायतों से कुल 27 उम्मीदवारों ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया।



इस प्रकार दो दिनों में महिलाओं और पुरुषों को मिलाकर कुल 34 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया है। नामांकन की पूरी प्रक्रिया निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ सनत कुमार तथा उप निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सोनू कुमार गुप्ता की देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। नामांकन के दौरान प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं व्यवस्था के भी पर्याप्त इंतजाम किए गए थे। इस संबंध में निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ सनत कुमार ने बताया कि पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए सात अभ्यर्थियों ने नामांकन किया था। जबकि शनिवार को नामांकन के दूसरे और अंतिम दिन दोपहर 3 बजे तक कुल 27 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस तरह दोनों दिनों को मिलाकर कुल 34 अभ्यर्थी चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। उन्होंने बताया कि मनिहारी प्रखंड की छह पंचायतों केवाला, दिलारपुर, धुरियाही, नवाबगंज और नारायणपुर में पैक्स अध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराया जाएगा। इन पंचायतों से अलग-अलग उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। बीडीओ ने बताया कि नीमा पंचायत से केवल एक ही उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। ऐसे में यदि नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद सब कुछ सही पाया जाता है,तो नीमा पंचायत से उक्त उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जा सकते हैं। उम्मीदवारों द्वारा दाखिल नामांकन पत्रों की जांच 9 और 10 मार्च को सुबह 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक की जाएगी। इस दौरान सभी अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की विधिवत समीक्षा की जाएगी। वहीं नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 11 मार्च निर्धारित की गई है। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव मैदान में बचे उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी।

# विधायक ने सड़क निर्माण का किया शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए बलरामपुर विधानसभा की विधायक संगीता देवी ने शनिवार को भाग बारसोई पीडब्ल्यूडी रोड से उत्क्रमित गर्ल्स स्कूल बारसोई तक बनने वाली सड़क का विधिवत शिलान्यास किया। मौके पर मौजूद संवेदक सुनील विश्वास एवं कनीय अभियंता विकास कुमार ने बताया कि सड़क का निर्माण पीसीसी एवं पिचिंग के समायोजन से कराया जाएगा। यह सड़क लगभग 1350 मीटर लंबी तथा 12 फीट 4 इंच चौड़ी होगी। जिसकी अनुमानित लागत करीब एक करोड़ 51 लाख रुपये है।



उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है और इसे बरसात से पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। विधायक संगीता देवी ने कहा कि सड़क बनने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत मिलेगी। खासकर बारसोई बाजार, आबादपुर तथा आजमनगर के सालमारी और नौरंगा जाने के लिए यह एक महत्वपूर्ण वैकल्पिक मार्ग के रूप में विकसित होगा। उन्होंने कहा कि यह सड़क बनने से मुख्य बाजार जाने के लिए यह सड़क वरदान साबित होगा। लोगों ने बताया कि इस सड़क के निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। शिलान्यास होने से लोगों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर मिठू साह, सागर साहा, रोहन महतो, महबूब आलम, उदय शंकर भगत, अनिल भगत आदि दर्जनों लोग मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

# छात्र-छात्राओं को कराया गया शैक्षणिक परिभ्रमण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** मुख्यमंत्री शैक्षणिक परिभ्रमण योजना के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसंतपुर मनसाही के छात्र - छात्राओं को शनिवार को शैक्षणिक परिभ्रमण कराया गया। विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष खुशबू खातून सचिव वंदना देवी एवं प्रधानाध्यापक गुरुदेव प्रसाद यादव ने छात्र-छात्राओं के दल को हरी झंडी दिखाकर विदा किया। प्रधानाध्यापक श्री यादव ने बताया कि उक्त योजना के तहत विद्यार्थियों को पूर्णिया कस्बा स्थित कृषि विश्वविद्यालय एवं अररिया के कुशियार गांव स्थित बायोडायवर्सिटी पार्क का भ्रमण कराया जाएगा।




इस शैक्षणिक परिभ्रमण से छात्र-छात्राओं को किताबों में वर्णित चीजों को प्रत्यक्ष देखकर उसके बारे में समझ विकसित करने में मदद मिलेगी। साथ ही बाहरी वातावरण से वे कनेक्ट हो पाएंगे। इस तरह की योजना से छात्र - छात्राओं के मानसिक एवं बौद्धिक ज्ञान को बढ़ावा देने में मदद मिलती हैं । उन्होंने बताया कि कक्षा आठ के सभी नामांकित छात्राओं को इस परिभ्रमण के लिए भेजा गया। परिभ्रमण दल में विद्यालय की वरीय शिक्षिका अंजली देवी,गुड्डी देवी, ज्योति कुमारी सहित शिक्षक प्रेम कुमार परदेसी, संजीव कुमार पासवान और विक्रम कुमार शामिल रहे।

# सालमारी में जिला स्तरीय 47वां सत्संग संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सालमारी (कटिहार)।** सालमारी के ढोलमारा मैदान में जिला स्तरीय संतमत सत्संग के अंतिम दिन श्रद्धालुओं की भीड उमड़ पड़ी। इस अवसर पर पुरा माहौल भक्तिमय रहा। लोग ध्यानपूर्वक महात्माओं के विचार मंत्रमुग्ध हो कर सुने। सत्संग कमेटी सदस्यों ने बताया कि अधिवेशन के अंतिम दिन प्रवचन दो पालियों में आयोजन हुआ।



दोनों पालियों में महात्माओं के कल्याणकारी उपदेश श्रद्धालुओं को प्रस्तुत किये। भागलपुर कुप्पा घाट से पुज्य गुरूसेवी भगीरथ बाबा, गुरूचरण देव, प्रमोद बाबा, डॉ. स्वामी विवेकानंद बाबा, स्वामी सत्य प्रकाश बाबा, स्वामी प्रमोद बाबा के प्रवचनों से श्रद्धालुओं को लाभान्वित किये। स्थानीय पुज्य स्वामी योगीराज, नागेश्वर बाबा, स्वामी तेज प्रकाश बाबा, स्वामी दीनदयाल बाबा,स्वामी बासुदेव बाबा भी अपने उपदेश प्रदान किये। अंतिम दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो कर शांतिपूर्ण सत्संग श्रवण करते रहे। अधिवेशन को सफल बनाने में जिला अध्यक्ष डॉ. सत्यनारायण मंडल, सचिव डॉ. अशोक कुमार विश्वास, बलदेव प्रसाद, सुबोध गुप्ता, गणेश साह, दिनेश मंडल सहित सालमारी कमेटी के पुर्व एमएलसी मोहनलाल अग्रवाल, डॉ.मनोज कुमार,प्रो. जनार्दन यादव, ललित बुबना, विष्णु अग्रवाल, विजय सरावगी, सुबोध शर्मा, अमित कुमार अग्रवाल, अशोक सरावगी, अरूण सिंघानिया, राजेश मंडल, रंजीत बुबना, मनोज सिंह, रंजीत मंडल,लेघु सिंह, मनोज अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, प्रमोद शर्मा सहित अन्य का सराहनीय सहयोग रहा। सुरक्षा व्यवस्था के लिए सालमारी थानाध्यक्ष कुमारी जुली दल-बल के साथ उपस्थित रही।

# जमीन अधिग्रहण वापसी की मांग को लेकर सांसद से मिले किसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार) ।** 252.34 एकड़ जमीन जो कि भारत सरकार उद्योग लगाने के लिए मरंगी पंचायत के नारायणपुर मौजा एवं फुलहरा पंचायत के बसंतपुर मौजा में चिन्हित किया हैं जिस पर भारत सरकार उद्योग लगाने की बात कर रही हैं। इसको लेकर मरंगी पंचायत एवं फुलहरा पंचायत के किसानों ने विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और जमीन बचाने के लिए किसान हाई कोर्ट पटना एवं सुप्रीम कोर्ट दिल्ली का दरवाजा खटखटा दिए हैं।



इस बाबत ग्राम पंचायत राज मरंगी के मुखिया सह संघ के अध्यक्ष शंकर कुमार यादव ने बताया कि मरंगी पंचायत के नारायणपुर मौजा एवं फुलहरा पंचायत के बसंतपुर मौजा में कुल 252 एकड़ जमीन भारत सरकार चिन्हित क्या हैं। जिसपर उद्योग लगाने की बात कही जा रही हैं। इसको लेकर किसान विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बाबत शनिवार को सांसद मरंगी गांव आगमन के दौरान किसानों ने अपनी जमीन बचाने को लेकर सांसद से गुहार लगाई। कहा कि हम लोग किसी भी कीमत पर जमीन उद्योग लगाने के लिए नहीं देंगे इसके लिए हम लोग सुप्रीम कोर्ट में केस लड़ रहे हैं। वहीं किसानों ने चांदनी चौक मरंगी अंडरपास पुल में जमा पानी रहने से आवागमन में होने वाली परेशानी पर ध्यान आकृष्ट कराया। इस बाबत सांसद ने आश्वस्त किया कि इन दोनों मुद्दों को हम संसद भवन में रखेंगे सभी किसानों की जमीन को उद्योग के लिए नहीं दिए जाने का प्रस्ताव रखेंगे। वहीं पानी की समस्या पर कहा कि चांदनी चौक मरंगी में गोलंबर का निर्माण जल्द से जल्द किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव मरंगी पंचायत के किसान नीरज यादव,इंदु भूषण यादव, सुभाष कुमार यादव, संतोष यादव,विकास कुमार हिमांशु, बादशाह खान,इमरान खान, महफूज खान,फुल कुमार यादव आदि सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

● सेबी ने शुरू कर दिया नया फीचर

# म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए जरूरी खबर

**नई दिल्ली एजेंसी।** सर्कुलर में कहा कि यह सुविधा डीमैट वाले और बिना डीमैट वाले दोनों तरह के फोलियो के लिए उपलब्ध होगी। इसके तहत निवेशक अपना फोलियो लॉक कर सकेंगे, जिससे लॉक रहने तक उस फोलियो से म्यूचुअल फंड यूनिट डेबिट नहीं की जा सकेंगी। म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए जरूरी खबर है। बाजार नियामक सेबी ने म्यूचुअल



फंड निवेशकों की डिजिटल सुरक्षा बढ़ाने के लिए स्वैच्छिक डेबिट फ्रीज सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक सर्कुलर में कहा कि यह सुविधा डीमैट वाले और बिना डीमैट वाले दोनों तरह के फोलियो के लिए उपलब्ध होगी। इसके तहत निवेशक अपना फोलियो लॉक कर सकेंगे, जिससे लॉक रहने तक उस फोलियो से म्यूचुअल फंड यूनिट डेबिट नहीं की जा सकेंगी। बाजार नियामक ने कहा कि स्वैच्छिक डेबिट फ्रीज सुविधा 30 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। सेबी के मुताबिक, म्यूचुअल फंड फोलियो लॉक करने की सुविधा पहले चरण में रजिस्ट्रार एंड ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) के जरिये एमएफ सेंट्रल मंच पर उपलब्ध कराई जाएगी। यह सुविधा केवल उन निवेशकों के लिए होगी जिनका केवाईसी पूरा है और जिनके वैध ईमेल आईडी एवं मोबाइल नंबर दर्ज हैं। एम्फी को प्रक्रिया तय करने का निर्देश म्यूचुअल फंड उद्योग संगठन एम्फी को फोलियो लॉक और अनलॉक करने की विस्तृत प्रक्रिया तय करने का निर्देश दिया गया है। यह भी तय किया जाएगा कि लॉक अवधि के दौरान कौन-कौन से वित्तीय और गैर-वित्तीय लेनदेन की अनुमति होगी। सेबी ने कहा कि सभी परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियां (एएमसी) और आरटीए इस सुविधा को अपनाने की प्रक्रिया तथा लॉक अवधि के दौरान लेनदेन पर इसके प्रभाव से जुड़ी जानकारी अपनी वेबसाइट और अतिरिक्त सूचना विवरण (एसएआई) में सार्वजनिक करेंगे।

### सेबी ने सोने-चांदी पर भी लिया फैसला

हाल ही में सेबी ने म्यूचुअल फंड योजनाओं के तहत फिजिकल रूप से रखे गये सोने और चांदी की मूल्यांकन व्यवस्था में संशोधन किया है। इसके तहत शेयर बाजारों द्वारा सर्वेक्षण के आधार पर जारी हाजिर मूल्यों का उपयोग मूल्य निर्धारण के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। फिजिकल रूप से वितरित सर्राफा डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान के लिए उपयोग किए जाने वाले हाजिर मूल्य अब ऐसी संपत्ति के मूल्य निर्धारण का आधार बनेंगे, जो पहले के मानक का स्थान लेंगे। वर्तमान में सोने और चांदी के ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) अपनी होल्डिंग्स का मूल्यांकन लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन (एलबीएमए) की सुबह 10.30 बजे की नीलामी मूल्यों के आधार पर करते हैं। अन्य शुल्कों को समायोजित करके घरेलू मूल्य निर्धारित किए जाते हैं।

# अमेरिका ने रूसी तेल खरीदने भारत को दी इजाजत, सामने आई मंशा



**नई दिल्ली एजेंसी।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद मिडिल ईस्ट में टेंशन है। इसने इंटरनेशनल ऑयल मार्केट में हलचल पैदा कर दी है। इस बीच अमेरिका ने अचानक भारत को रूसी तेल खरीदने की इजाजत दे दी। इसके लिए 30 दिन की छूट मिली है। अब अमेरिका के ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने इसके पीछे की मंशा बताई है। उन्होंने बताया कि अमेरिका ने तेल की कीमतें कम रखने में मदद के लिए शॉर्ट टर्म उपाय लागू किए हैं। इसके तहत वह चाहता है कि भारत जल्दी से तेल लेकर उसे रिफाइन करके मार्केट में लाए। अमेरिका का यह रुख इसलिए भी अहम है क्योंकि अब तक वह रूसी तेल का दुश्मन रहा है। रूसी तेल खरीदने के लिए उसने भारत पर एक्स्ट्रा 25 प्रतिशत भी टैरिफ लगाया था। अमेरिकी ऊर्जा मंत्री क्रिस राइट ने भरोसा दिलाया कि ईरान युद्ध के बीच गैस की कीमतों में बढ़ोतरी टेम्पररी है। इंटरव्यू के एक हिस्से को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया। हमने तेल की कीमतें कम रखने में मदद के लिए शॉर्ट टर्म उपाय लागू किए हैं। हम भारत में अपने दोस्तों को पहले से जहाजों पर मौजूद तेल लेने, उसे रिफाइन करने और उन बैरल को जल्दी से मार्केट में लाने की इजाजत दे रहे हैं। सप्लाई फ्लो और प्रेशर कम करने का यह एक प्रैक्टिकल तरीका है। जियोपॉलिटिकल अस्थिरता के बावजूद भारत को एनर्जी की कमी का सामना नहीं करना पड़ रहा है।

# तेल पर कतर की एक चेतावनी और भरभरा गया ग्लोबल मार्केट

**नई दिल्ली एजेंसी।** इंटरव्यू में अल-काबी ने कहा कि अगर पश्चिम एशिया में युद्ध और तेज हुआ तो दुनिया की इकोनॉमी पर इसका बुरा असर पड़ सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि संघर्ष बढ़ने की स्थिति में खाड़ी क्षेत्र के ऊर्जा निर्यातक देशों को कुछ ही दिनों में उत्पादन बंद करना पड़ सकता है। पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध तनाव के बीच कतर के ऊर्जा मंत्री साद अल-काबी ने एक ऐसी चेतावनी दी है जिससे ग्लोबल मार्केट के निवेशकों में टेंशन आ गई है। इस बयान ने शुक्रवार को वैश्विक वित्तीय बाजारों में अचानक हलचल मचा दी। उनकी टिप्पणी के बाद भारतीय शेयर बाजार समेत दुनिया के कई बाजारों में तेज गिरावट देखी गई और तेल की कीमतों में भी तेजी दर्ज की गई। ब्रिटेन के अखबार फाइनेंशियल टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में अल-काबी ने कहा कि अगर पश्चिम एशिया में युद्ध और तेज हुआ तो दुनिया की इकोनॉमी पर इसका बुरा असर पड़ सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि संघर्ष बढ़ने की स्थिति में



खाड़ी क्षेत्र के ऊर्जा निर्यातक देशों को कुछ ही दिनों में उत्पादन बंद करना पड़ सकता है। ऐसा होने पर कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। अल-काबी के मुताबिक अगर युद्ध तुरंत समाप्त भी हो जाए तब भी ऊर्जा आपूर्ति को सामान्य स्थिति में लौटने में लंबा वक्त लग सकता है। ये कई हफ्तों से लेकर महीनों तक का समय हो सकता है। मतलब ये कि किसी भी परिस्थिति में संकट कम नहीं होता दिख रहा है।

### भारतीय बाजार पर असर

इस चेतावनी का असर भारतीय शेयर बाजार पर तुरंत देखने को मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,097 अंक यानी 1.37 प्रतिशत टूटकर 78,918.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,203.72 अंक लुढ़ककर 78,812.18 अंक तक आ गया था। इसी तरह, एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी 315.45 अंक यानी 1.27 प्रतिशत के नुकसान के साथ 24,450.45 अंक पर बंद हुआ। इस बीच, भारत सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश देने के लिए एस्मा कानून के तहत आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया है। इसका मकसद पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण संभावित व्यवधानों से निपटने के लिए घरेलू रसोई गैस की उपलब्धता बढ़ाना है। भारत की एलपीजी खपत वित्त वर्ष 2024-25 में 3.13 करोड़ टन थी।

# सोने, चांदी की कीमतों में फिर से उछाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक तनाव के बीच सोने का भाव 104 डॉलर प्रति ट्रॉय आउंस बढ़कर 5182 डॉलर प्रति आउंस पर पहुंच गया है। वहीं, सिल्वर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स का रेट 3.15 डॉलर प्रति ट्रॉय आउंस 85.33 डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है।

गोल्ड और सिल्वर की कीमतों में तेजी का सिलसिला जारी है। शुक्रवार को आए अमेरिकी जॉब आंकड़ों की वजह से एक बार फिर से कीमतों पर असर पड़ा है। ताजा आंकड़े अमेरिकी सेंट्रल बैंक पर ब्याज दरों में कटौती का दबाव बनाएंगे। बता दें, वैश्विक तनाव के बीच सोने का भाव 104 डॉलर प्रति ट्रॉय आउंस बढ़कर 5182 डॉलर प्रति आउंस पर पहुंच गया है। वहीं, सिल्वर फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स का रेट 3.15 डॉलर प्रति ट्रॉय आउंस 85.33 डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। घरेलू बाजार की बात करें तो गोल्ड फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स एमसीएक्स



2839 रुपये प्रति 10 ग्राम की उछाल के बाद 162512 डॉलर पर पहुंच गया है। वहीं, सिल्वर मई फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स 8309 किलोग्राम की उछाल के बाद 270500 के स्तर पर पहुंच गया है। 92000 लोगों की गई नौकरी अमेरिका से आए ताजा आंकड़ों के अनुसार फरवरी के महीने में 92000 लोगों की नौकरी चली गई। अर्थशास्त्रियों को 50,000 नौकरियां जाने की उम्मीद थी। वहीं, बेरोजगारी दर 4.4 प्रतिशत के पहुंच गई है। कमजोर जॉब आंकड़े अमेरिकी सेंट्रल बैंक पर ब्याज दरों में कटौती का दबाव बनाते हैं।

### शुक्रवार को सर्राफा बाजार में गिरा था भाव

1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि चांदी भी फिसलकर 2.71 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,100 रुपये या लगभग एक प्रतिशत घटकर 1,64,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सर्राफा बाजार में चांदी भी 600 रुपये टूटकर 2,71,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई।

### गधे पालने के लिए 50 लाख रुपये तक दे रही सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डंकी फार्मिंग (गधा पालन) का बिजनेस आइडिया शायद आपको अजीब लगे। लेकिन, भारत सरकार का इस पर जबरदस्त फोकस है। वह डंकी फार्मिंग को बेहद आकर्षक बनाना चाहती है। और तो और इसके लिए सरकार बड़ी फाइनेंशियल मदद दे रही है। नेशनल लाइवस्टॉक मिशन (हरूरू) के तहत, एंटरप्रेन्योर और किसान डंकी ब्रीडिंग फार्म लगाने के लिए 50 लाख रुपये तक की मदद पा सकते हैं। इस स्कीम का मकसद पशुधन बिजनेस को बढ़ावा देना है।



## 3 कंपनियों को मिली आईपीओ लाने की मंजूरी, 3300 करोड़ जुटाने की तैयारी, पैसों का कर लें जुगाड़

**नई दिल्ली एजेंसी।** इन कंपनियों ने अक्टूबर और दिसंबर के बीच भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपने शुरुआती दस्तावेज जमा कराए थे, जिस पर रेगुलेटरी ने चार से पांच मार्च के दौरान अपनी टिप्पणियां जारी कीं। बाजार नियामक सेबी ने एनर्जी सेक्टर की ईस्टमैन ऑटो एंड पावर, पार्ट्स का उत्पादन करने वाली




माइलस्टोन गियर्स और आर्टिफिशियल टेक्नोलॉजी सेक्टर की कंपनी बॉनब्लॉक टेक्नोलॉजीज को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से कुल 3,300 करोड़ रुपये जुटाने की मंजूरी दे दी है। यानी आने वाले समय में इन तीनों कंपनियों का आईपीओ आएगा। इन कंपनियों ने अक्टूबर और दिसंबर के बीच भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपने शुरुआती दस्तावेज जमा कराए थे, जिस पर रेगुलेटरी ने चार से पांच मार्च के दौरान अपनी टिप्पणियां जारी कीं। मर्चेंट बैंकरों के अनुसार, ये तीनों कंपनियां मिलकर आईपीओ के जरिए 3,300 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने की तैयारी में हैं। ईस्टमैन ऑटो एंड पावर का आईपीओ 1,800 से 2,000 करोड़ रुपये का होगा। प्रस्तावित आईपीओ नए शेयर जारी करने और ऑफर फार सेल का मिश्रण होगा।

## जेब में सिर्फ 4 रुपये लेकर आए थे मुंबई, आज अंबानी, तेंदुलकर, बॉलीवुड सेलिब्रिटी पहुंचते हैं उनके रेस्टोरेंट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सपनों के शहर मुंबई के कालबादेवी की भीड़-भाड़ वाली तंग गलियों में एक रेस्टोरेंट है। श्री ठाकर भोजनालय। खाने के शौकीनों के लिए जन्नत। खासकर उन लोगों के लिए जिन्हें दिल को छू लेने वाली गुजराती थाली पसंद है। यह फैमिली रेस्टोरेंट मगनभाई पुरोहित ने 1945 में शुरू किया था। उनके नहीं रहने के बाद अब इसे मगनभाई के बेटे गौतम और कृष्ण पुरोहित चलाते हैं। अरबपति उद्योगपति धीरूभाई अंबानी, उनकी प प्रतिशती कोकिलाबेन से लेकर फिल्ममेकर अनुराग कश्यप और सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा समेत कई नामचीन हस्तियां यहां आती रही हैं। पुरोहित परिवार मूल रूप से राजस्थान का रहने वाला है। मगनभाई जेब में सिर्फ 4 रुपये लेकर मुंबई आए थे। तब शायद ही उन्होंने सोचा था कि वह एक ऐसे रेस्टोरेंट की नींव रखेंगे जहां जानी-मानी हस्तियों का तांता लगेगा। आइए, यहां इसकी पूरी कहानी जानते हैं। गौतम पुरोहित ने ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे के साथ बातचीत में अपने पिता मगनभाई की जबरदस्त कहानी शेयर की। बताया कि उन्होंने यह मशहूर रेस्टोरेंट कैसे शुरू किया जहां मिशेलिन-स्टार शेफ और फिल्ममेकर अनुराग कश्यप, सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा, त्रिप्ति डिमरी और कई दूसरी जानी-मानी हस्तियां आती रही हैं। अरबपति धीरूभाई अंबानी और



उनकी प प्रतिशती कोकिलाबेन भी इस रेस्टोरेंट में आते थे। गौतम के मुताबिक, उनके पिता राजस्थान में अपना होमटाउन छोड़कर मुंबई आए ताकि अपना गुजारा कर सकें। उस समय उनके पास सिर्फ 2-5 रुपये थे। जिंदगी में कुछ बनने का पक्का इरादा करके मगनभाई पुरोहित ने छोटे-मोटे काम किए। लेकिन, इससे भी जरूरी बात यह है कि उन्होंने महाराजाओं से खाना बनाने की कला सीखी।

# महारत्न कंपनी 33वीं बार दे रही है डिविडेंड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महारत्न कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने डिविडेंड का ऐलान किया है। कंपनी ने एक शेयर पर 2 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। इस डिविडेंड के लिए कंपनी की तरफ से रिकॉर्ड डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। महारत्न कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने डिविडेंड का ऐलान किया है। कंपनी ने एक शेयर पर 2 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। इस डिविडेंड के लिए कंपनी की तरफ से रिकॉर्ड डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। बता दें, कंपनी 33वीं बार शेयर बाजार में एक्स-डिविडेंड ट्रेड करेगी। आइए डीटेल्स में जानते हैं कंपनी के विषय में ... स्टॉक एक्सचेंज को दी जानकारी में कंपनी ने बताया है कि एक शेयर पर दो रुपये का डिविडेंड योग्य निवेशकों को दिया जाएगा। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने 12 मार्च की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। कंपनी की तरफ से डिविडेंड 5 अप्रैल 2026 या उससे पहले कर दिया जाएगा।

महारत्न कंपनी ने पहली बार निवेशकों को 2001 में डिविडेंड दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर 9.5 रुपये का डिविडेंड दिया था। इसके बाद कंपनी ने 2025 में दो बार डिविडेंड दिया था। 2025 में आखिरी बार कंपनी की तरफ से 5 रुपये का डिविडेंड एक शेयर पर बांटा गया था। इस कंपनी ने पहली बार निवेशकों को 2009 में बोनस शेयर दिया था। तब कंपनी ने एक शेयर पर एक शेयर बोनस के तौर पर दिया था। 2016 और 2018 में भी कंपनी ने एक शेयर पर एक शेयर बोनस के तौर पर दिया है।

# आपके साथ हो गया फ्रॉड तब भी नो टेंशन, 25000 रुपये तक मुआवजा देगा आरबीआई

04

नई दिल्ली एजेंसी। इसी फरवरी महीने में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने डिजिटल धोखाधड़ी में हो रही बढ़ोतरी के बीच ग्राहकों को धोखाधड़ी वाले ट्रांजैक्शन के लिए 25,000 रुपये तक की क्षतिपूर्ति देने की घोषणा की थी। बीते कुछ साल से साइबर फ्रॉड के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। स्कैमर लोगों की गाढ़ी कमाई एक झटके में उड़ा ले जाते हैं। हालांकि, ऐसे मामलों मे अब भारतीय रिजर्व बैंक ने मुआवजा देने की योजना बनाई है। मतलब जो पीड़ित है उसे शर्तों के साथ रिजर्व बैंक मुआवजा देगा। इस संबंध में आरबीआई एक प्रपोजल लेकर आया है। आइए डिटेल में इसके बारे में जान लेते हैं। दरअसल, इसी फरवरी महीने में भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल धोखाधड़ी में हो रही बढ़ोतरी के बीच ग्राहकों को धोखाधड़ी वाले ट्रांजैक्शन के लिए 25,000 रुपये तक की




क्षतिपूर्ति देने की घोषणा की थी। ग्राहक को जीवन में केवल एक बार ही क्षतिपूर्ति मिलेगी और वह भी तब जब धोखाधड़ी का कोई गलत इरादा न पाया जाए। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा था- जब तक पीड़ित के साथ धोखाधड़ी होती है, चाहे वह स्वयं की गलती से हो या किसी और की गलती से, बिना कोई सवाल पूछे 25,000 रुपये का भुगतान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्राहकों की भागीदारी सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है और धोखाधड़ी की राशि का 15 प्रतिशत खाताधारक को वहन करना होगा, भले ही धोखाधड़ी 25,000 रुपये की सीमा से कम हो।

### किसे मिलेगा मुआवजा?

इस मुआवजा योजना को पात्र होने के लिए पीड़ित को धोखाधड़ी वाले लेनदेन की रिपोर्ट बैंक को और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल या राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन के माध्यम से पांच कैलेंडर दिनों के भीतर करनी होगी।

### ग्राहक सुरक्षा नियमों में बदलाव का प्रस्ताव

आरबीआई ने डिजिटल बैंकिंग में ग्राहक सुरक्षा नियमों में व्यापक बदलाव प्रस्तावित किए हैं। ड्राफ्ट में अधिकृत इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन की परिभाषा का विस्तार किया गया है, जिसमें ओटीपी, पिन, सीवीवी, पासवर्ड या अन्य इलेक्ट्रॉनिक प्रमाणीकरण तंत्र जैसे प्रमाणीकरण विधियों के माध्यम से अनुमोदित भुगतान शामिल हैं। इस स्ट्रक्चर में उन मामलों को भी शामिल किया गया है जहां ग्राहकों को धोखे से वैध प्राप्तकर्ता बनकर धोखाधड़ी करने वालों को पैसे हस्तांतरित करने के लिए मजबूर किया जाता है या दबाव में लेनदेन को मंजूरी देने के लिए बाध्य किया जाता है। उच्च मूल्य की धोखाधड़ी के मामलों में, क्षतिपूर्ति 25,000 रुपये तक सीमित रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग ट्रांजैक्शन पर लागू होंगे।

# विदेशी मुद्रा भंडार फिर पहुंचा ऑल टाइम हाई पर

**मुंबई, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में पिछले दिनों एक बार फिर से सोना (तथ्यग्रस्त) महंगा हुआ है। साथ ही भारत का फॉरेन करेंसी एसेट या एफसीए ) भंडार भी बढ़ा है। तभी तो अपना विदेशी मुद्रा भंडार एक बार फिर से रिकॉर्ड उच्चतम स्तर, 728.494 बिलियन पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 27 फरवरी 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में 4.885 बिलियन की बढ़ोतरी हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें 2.11 बिलियन की गिरावट दर्ज की गई थी। अब अपना भंडार बढ़ कर 728.494 बिलियन के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। इससे पहले 13 फरवरी 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान अपना विदेशी मुद्रा भंडार 725.727 बिलियन का था, जो कि इससे पहले का रिकार्ड उच्चतम स्तर था। रिजर्व बैंक की तरफ से जारी साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार 27 फरवरी 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा आस्तियों में 561 मिलियन की बढ़ोतरी हुई। एक सप्ताह पहले इसमें 1.039



बिलियन की कमी हुई थी। अब अपना एफसीए भंडार बढ़ कर 573.125 बिलियन का हो गया है। उल्लेखनीय है कि देश के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में विदेशी मुद्रा आस्तियां या फॉरेन करेंसी असेट एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है।

### एसडीआर में मामूली वृद्धि


रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, बीते सप्ताह भारत के स्पेशल ड्रॉइंग राइट या विशेष आहरण अधिकार में मामूली वृद्धि हुई है। समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान एसडीआर में 26 मिलियन की वृद्धि हुई है। इससे एक सप्ताह पहले इसमें 120 मिलियन की कमी हुई थी। अब यह बढ़ कर 18.866 बिलियन का हो गया है। इसी सप्ताह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखे हुए देश के रिजर्व मुद्रा भंडार में भी 158 मिलियन डॉलर की वृद्धि हुई है।



# ‘अहान-अनीत प्यारे बच्चे हैं’, अनुभव सिन्हा ने की ‘सैयारा’ स्टार्स की तारीफ

अपनी फिल्मों में सामाजिक मुद्दों को उठाने वाले निर्देशक अनुभव सिन्हा इन दिनों अपनी हालिया फिल्म ‘अस्सी’ को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म को पसंद किया जा रहा है और क्रिटिक्स से लेकर दर्शक तक इसकी कहानी की तारीफ कर रहे हैं। हालांकि, इस बीच अनुभव सिन्हा ने दो रोमांटिक फिल्मों ‘सैयारा’ और ‘तेरे इश्क में’ को लेकर अपनी राय रखी। साथ ही उन्होंने अहान पांडे और अनीत पड्डा जैसे नए सितारों की भी जमकर तारीफ की।

## अनुभव सिन्हा ने की अहान-अनीत की तारीफ



जूम के साथ बातचीत में अनुभव सिन्हा ने ‘सैयारा’ की तारीफ करते हुए बताया कि किस बात ने उन्हें इस फिल्म के लिए आकर्षित किया। निर्देशक ने कहा कि ये दोनों बच्चे बहुत अच्छे हैं। अहान और अनीत, और उनकी फिल्म ‘सैयारा’ बहुत पसंद आई। दोनों कलाकार बेहद ईमानदार और सच्चे थे और वे दोनों एक ही फिल्म में इतना विश्वास रखते थे।

## अनुभव सिन्हा ने देखीं ‘धुरंधर’ और ‘तेरे इश्क में’

इस दौरान अनुभव सिन्हा ने बताया कि उन्होंने रणवीर सिंह की ‘धुरंधर’, कृति सैनन की ‘तेरे इश्क में’ और सनी देओल की ‘बॉर्डर 2’ सहित हाल ही में रिलीज हुई ये तीनों फिल्में देखी हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि मैं विभिन्न शहरों का दौरा कर रहा था, इसलिए मैं विभिन्न सिनेमा हॉल में जाता था और 15-20 मिनट के लिए बैठकर फिल्म देखता था। इसलिए मैंने ‘धुरंधर’ के लगभग 5-20 मिनट देखे हैं। ‘तेरे इश्क में’ मैंने इसे भोपाल के एक थिएटर में देखी और ‘बॉर्डर 2’ मैंने हैदराबाद में देखी।



# क्या अंटार्कटिका में होगी वाराणसी फिल्म की शूटिंग

## प्रियंका चोपड़ा ने दिया हिंट




फैंस फिल्म वाराणसी के बड़े स्तर पर फिल्माए जाने की बात पहले से जानते हैं, लेकिन हाल ही में प्रियंका ने जो कहा, उससे एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। अब लोग ये सोच रहे हैं कि क्या फिल्म की शूटिंग अंटार्कटिका में होगी।

जब महेश बाबू ने प्रियंका की हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द ब्लफ की तारीफ की और प्रियंका को ‘टॉप फॉर्म’ बताया, तो प्रियंका ने मजाकिया अंदाज में जवाब देते हुए लिखा, ‘जल्द ही अंटार्कटिका में मिलते हैं।’ प्रियंका की इस लाइन ने फैंस के मन में सवाल खड़े कर दिए कि क्या फिल्म की शूटिंग अंटार्कटिका में होगी।

### फैंस में बढ़ी एक्साइटमेंट

हालांकि प्रियंका ने सीधे यह नहीं कहा कि वाराणसी भारत की पहली फिल्म है जो अंटार्कटिका में शूट होगी। उन्होंने बस मजाक में ‘अंटार्कटिका में मिलते हैं’ लिखा- लेकिन इस एक लाइन ने यही कयास पैदा कर दिए हैं कि इस फिल्म का स्केल दुनिया भर में कितना बड़ा होगा और यह भारतीय सिनेमा की नई मिसाल बन सकती है।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

‘वाराणसी’ फिल्म का निर्देशन एसएस राजामौली कर रहे हैं, जिन्हें दीपिका पादुकोण ने ‘भारत के सबसे टैलेंटेड डायरेक्टर्स में से एक’ बताया है। फिल्म में महेश बाबू लीड रोल में हैं और प्रियंका फीमेल लीड के तौर पर नजर आएंगी। फिल्म को आईमैक्स फॉर्मेट में शूट किया जा रहा है, जिससे यह बड़े स्क्रीन अनुभव के लिए तैयार की जा रही है। ऐसा बताया जा रहा है कि वाराणसी अप्रैल 2027 में रिलीज होगी।

### ‘द ब्लफ’ में नजर आई प्रियंका

प्रियंका फिलहाल फिल्म ‘द ब्लफ’ में नजर आ रही हैं, जो 26 फरवरी को ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में कार्ल अर्बन, इस्माइल क्रूज कॉर्डोवा, सफिया ओकले-ग्रीन, वेदांतेन नायडू भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# ’धुरंधर’ के गाने शरारत फेम आयशा खान का छलका दर्द



फिल्म अभिनेत्री आयशा खान ने अपने बॉडी शेमिंग और उन्हें सोशल मीडिया पर मिलने वाली दुष्कर्म की धमकियों के बारे में अपना दुख बयां किया। एक्ट्रेस ने इससे जुड़े अपने कड़वे अनुभव को भी साझा किया।

### बॉडी फिगर की वजह से रिजेक्शन का सामना

अभिनेत्री आयशा खान, आदित्य धर की फिल्म ‘धुरंधर’ के गाने शरारत में नजर आई थीं। उन्होनें याद करते हुए बताया कि, जब वो बारहवीं कक्षा में थीं तब उन्हें टी-सीरीज के एक गाने में सेकेंड लीड की भूमिका निभाने का मौका मिला था। मगर शूटिंग से सिर्फ एक रात पहले उन्हें रोल के लिए ओवर वेट होने कारण हटा दिया गया। आगे ‘वी द वुमन’ कार्यक्रम में आयशा ने कहा कि उन्हें इससे उभरकर अपने लुक को लेकर आत्मविश्वास महसूस करने में काफी वक्त लगा।

### हर दिन झेलना पड़ता है लुक्स को लेकर उत्पीड़न

एक्ट्रेस आयशा खान ने कहा कि, ‘ सोशल मीडिया पर हर रोज मेरे शरीर के लेकर अभद्र कमेंट्स का सामना करना होता है। एक साधारण सा टॉप भी पहनती हूं तो लोगों के रिएक्शन का डर रहता है। स्कर्ट भी पहनती हूं तो लोगों को बुरा लगता है। इस वजह से अब कुछ भी पोस्ट करने से पहले सोचना पड़ता है कि लोग इसे किस तरह से देखेगें। इन सब की वजह से मुझे काफी डर भी लगता है कि पता नहीं वो मेरे साथ क्या करना चाहते हैं। मनचाहा पोस्ट करने पर मेरा कमेंट सेक्शन पढ़ने का मन भी नहीं करता। क्योंकि उसमें वो लिखते हैं कि उन्हें मौका मिले तो वह मेरे साथ क्या करना चाहते हैं।

### हर दिन मिलती हैं दुष्कर्म की धमकियां

शरारत फेम आयशा खान ने अपने उत्पीड़न के बारे में बताया कि, ‘अगर इन धमकियां देने वालों में इतनी ताकत होती तो वह रेपिस्ट ही बन जाते। यह सिर्फ मामूली टिप्पणियां नहीं हैं। मुझे हर रोज ऐसी धमकियां मिलती हैं। मैं उम्मीद करती हूं कि इन सब पर कड़ी कार्यवाही की जा सके। मगर में यह सोचती हूं कि अगर में सेलिब्रिटी न होती तो शायद ये धमकियां सच्चाई बन जातीं।

### टीवी से की थी शुरूआत

आयशा खान ने अपनी शुरूआत एकता कपूर द्वारा निर्मित सीरियल ‘कसौटी जिंदगी की’ से की थी। जिसके बाद ‘बालवीर रिटर्न्स’ में भी काम किया। इसके बाद तेलुगु फिल्म ‘मुखचित्रम’ में सपोर्टिंग कास्ट के रूप में नजर आयी थीं। हाल हीमें उन्हें ‘धुरंधर’ के गाने शरारत से पहचान मिली।



# सोहम शाह की ‘तुम्बाड 2’ में हुई नवाजुद्दीन की एंट्री

तुम्बाड के प्रोड्यूसर सोहम शाह ने इसके दूसरे पार्ट को लेकर बड़ा अपडेट शेयर किया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर एक खास कलाकार के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने की जानकारी दी है।

### सोहम शाह ने पोस्ट कर दी जानकारी

बता दें कि एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी अब ‘तुम्बाड 2’ में नजर आएंगे। इस बात की जानकारी खुद सोहम शाह ने दी है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें वे नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ नजर आए। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा- ‘हमें इस बात की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि हमारे समय के सबसे बेहतरीन एक्टर्स में से एक, नवाजुद्दीन सिद्दीकी ‘तुम्बाड 2’ फिल्म के साथ जुड़ गए हैं।’

### अहम रोल निभाएंगे नवाजुद्दीन सिद्दीकी

माना जा रहा है कि अपनी लेयर्ड, अनप्रेडिक्टेबल और इमोशनल एक्टिंग के लिए पहचाने जाने वाले नवाजुद्दीन फिल्म के सीक्वल में बहुत जरूरी रोल निभाएंगे। प्रोजेक्ट से जुड़ने पर नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कहा, ‘मैं ‘तुम्बाड’ की ऑरिजिनैलिटी और उसकी माहौल बनाने वाली कहानी का हमेशा से मुरीद रहा हूँ। जब सोहम ने मुझे सीक्वल का विजन बताया, तो मुझे कहानी पसंद आई और मैं इस सफर में उनके साथ जुड़ गया। इतने बड़े प्रोजेक्ट पर सोहम शाह और पेन स्टूडियो के साथ काम करना वाकई एक्साइटिंग है। मैं जो किरदार निभा रहा हूँ, उसमें कई परतें हैं, और मैं इतनी पैशनेट टीम के साथ इस इम्मर्सिव यूनिवर्स को एक्सप्लोर करने के लिए काफी एक्साइटेड हूँ।’

### जल्द शुरू होगी शूटिंग

’तुम्बाड 2’ एक मच अवेटेड फिल्म ही, जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। फिल्म को लेकर सोहम शाह ने कहा , ‘नवाज सर को ‘तुम्बाड 2’ में लाना हमारे लिए बहुत एक्साइटिंग है। वो ऐसे एक्टर हैं जो हर रोल में गजब की शिद्दत और असलियत लाते हैं। वो जो किरदार निभाएंगे, वो सीक्वल के इमोशनल और साइकोलॉजिकल माहौल को बड़ा करने में बहुत अहम है। नवाज़ सर के आने से, हमें लगता है कि कहानी गहराई और असर के मामले में एक अलग ही लेवल पर पहुंच जाएगी।’ फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी की एंट्री होने पर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है। पोस्टर रिलीज होने के बाद से ही कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। एक यूजर ने कमेंट किया- ‘बाप का...विनायक दादा का...सबका बदला लेगा रे तेरा पांडुरंग।’ वहीं एक ने लिखा- ‘अब होगा मौत का खेल।’ वहीं एक यूजर ने लिखा- ‘हस्तर के रोल में नवाज।’ साथ ही आग वाले इमोजी इस्तमाल किए। बात साफ है कि लोग अब बेसब्री से इसके सीक्वल का इंतजार कर रहे हैं।



# ‘भागम भाग 2’ की शूटिंग पर राज शांडिल्य ने दिया अपडेट

## एकता कपूर के लीगल नोटिस को बताया बेबुनियाद

**‘भागम भाग 2’ को लेकर निर्देशक राज शांडिल्य और प्रोड्यूसर एकता कपूर के बीच कानूनी विवाद पैदा हो गया है। इसके चलते फिल्म की शूटिंग टलने की खबरें हैं। अब निर्देशक ने फिल्म को लेकर बड़ी अपडेट साझा की है। साथ ही लीगल नोटिस पर भी प्रतिक्रिया दी है।**

अक्षय कुमार और परेश रावल स्टारर ‘भागम भाग 2’ को लेकर दर्शक काफी उत्साहित हैं। फिल्म की शूटिंग भी मार्च के महीने में ही शुरू होने वाली थी। लेकिन अचानक फिल्म के निर्देशक राज शांडिल्य और प्रोड्यूसर एकता कपूर के बीच लीगल टसल शुरू हो गई। जिसके चलते अब शूटिंग फिलहाल टल गई है। एकता कपूर से लीगल नोटिस मिलने के बाद अब निर्देशक राज शांडिल्य ने एक बयान जारी कर इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें उन्होंने कहा है कि उन्हें डराने-धमकाने की कोशिश की गई और उन्हें अविश्वास का सामना करना पड़ा।

### सिर्फ डराने धमकाने का प्रयास

राज शांडिल्य ने 2019 में एकता कपूर के साथ तीन फिल्मों का कॉन्ट्रैक्ट किया था। लेकिन बाद में निर्देशक ने प्रोजेक्ट छोड़ दिया, जिसके बाद एकता कपूर ने उन्हें कानूनी नोटिस भेजा। अब राज ने वैरायटी इंडिया की एक रिपोर्ट में अपना बयान साझा किया है। रिपोर्ट में इस मामले पर राज के बयान में कहा गया, ‘मैंने अपने संविदात्मक अधिकारों (कॉन्ट्रैक्चुअल राइट्स) के अनुसार, बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ अपना कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने का नोटिस जारी किया था। इस नोटिस को जारी किए हुए अब दो सप्ताह से अधिक समय हो चुका है।

अगर बालाजी टेलीफिल्म्स को लगता कि उनके पास कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने को चुनौती देने का कोई ठोस कानूनी आधार है, तो वो कोर्ट में जा सकते हैं। ऐसी कोई कार्यवाही शुरू नहीं की गई है। इसके बजाय, अब जो सामने आया है वह मामले को तूल देने और गलत क्रिमिनल आरोप लगाने का प्रयास है। ये आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं और कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने को चुनौती देने का कोई ठोस मामला न होने का एहसास होने के बाद डराने-धमकाने का एक प्रयास मात्र प्रतीत होते हैं।’

### फिल्म तय समय पर आगे बढ़ रही है

निर्देशक के बयान में आगे कहा गया, ‘मुझे अपनी कानूनी स्थिति पर पूरा भरोसा है और मैं ऐसे किसी भी आरोप का उचित कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से जवाब दूंगा। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि फिल्म ‘भागम भाग 2’ अपने तय समय पर चल रही है और प्रोजेक्ट निर्धारित समय पर आगे बढ़ेगा। फिल्म और क्रिएटिव इंडस्ट्री के मेंबर इस तरह के दबाव बनाने के तरीकों पर ध्यान दें। भविष्य में पेशेवर संबंधों का निर्णय लेते समय अपने निष्कर्ष निकालें।’ इस बीच रिपोर्ट में कहा गया है कि राज को प्रोडक्शन हाउस के साथ कम्युनिकेशन के तरीके से असहजता महसूस हुई। निर्देशक ने अपनी तीसरी फिल्म ‘सोनम बेवफा है’ की स्क्रिप्ट पहले ही पूरी कर ली थी, लेकिन प्रोडक्शन हाउस से हाल ही में मिले संचार से उन्हें लगा कि पूछताछ दखलंदाजी भरी और अविश्वासपूर्ण थी।



### ‘भागम भाग 2’ से गोविंदा की हुई छुट्टी

अक्षय कुमार और परेश रावल की प्रमुख भूमिकाओं वाली ‘भागम भाग 2’ 2006 में रिलीज हुई ‘भागम भाग’ का सीक्वल है। हालांकि, इस बार गोविंदा की फिल्म से छुट्टी हो गई है। उनकी जगह मनोज बाजपेयी फिल्म का हिस्सा बने हैं। ‘भागम भाग’ का निर्देशन जहां प्रियदर्शन ने किया था, वहीं ‘भागम भाग 2’ को राज शांडिल्य निर्देशित कर रहे हैं। इस फिल्म के इसी साल के अंत तक रिलीज होने की संभावनाएं थीं।



# भारत-न्यूजीलैंड जहां साउथ अफ्रीका से हारे, वहीं वर्ल्डकप फाइनल खेलेंगे



### इकोनॉमी, रन-रेट में दोनों बराबर, पावरप्ले में कीवी, मिडिल ओवर्स में इंडिया आगे

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप 7 फरवरी को 20 टीमों के बीच शुरू हुआ। 5 मार्च तक 2 फाइनलिस्ट टीमें मिल गईं, जिनके बीच 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। न्यूजीलैंड ने कोलकाता और भारत ने मुंबई में सेमीफाइनल जीता।

दोनों ही टीमें अहमदाबाद में 1-1 मैच साउथ अफ्रीका से हार चुकी हैं, अब इसी मैदान पर टाइटल की दावेदारी पेश करेंगी।

### हर स्टेज में 1-1 मैच हारा न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड ने ग्रुप स्टेज में अफगानिस्तान को हराकर टूर्नामेंट शुरू किया। टीम ने फिर् श्व को 10 विकेट से हरा दिया। चेन्नई में दोनों मैच खेलने के बाद टीम अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका से भिड़ने चली गई। जहां प्रोटियाज टीम ने 8 विकेट से मुकाबला जीत लिया। न्यूजीलैंड ने फिर चेन्नई में कनाडा को हराया और सुपर-8 में एंट्री कर ली। सेकेंड राउंड में न्यूजीलैंड का पाकिस्तान के खिलाफ पहला ही मैच बारिश के कारण बेनतीजा हो गया।

भारत 2007 और 2024 में चैंपियन बन चुका है, वहीं कीवी टीम 2021 के बाद अब फाइनल में पहुंची है।

### टूर्नामेंट में दोनों टीमों का प्रदर्शन

मेजबान भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत अमेरिका के खिलाफ मैच से की। पावरप्ले में 4 विकेट गंवाने के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 84 रन बनाए और टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। टीम ने फिर नामीबिया, पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ आसान मुकाबले जीते। सुपर-8 स्टेज में होम टीम का पहला मैच साउथ अफ्रीका से अहमदाबाद में हुआ। पावरप्ले में विकेट गिरने के बावजूद प्रोटियाज टीम ने 187 रन बना दिए। भारत 111 ही बना सका। इस हार के बाद भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ 256 रन बनाकर कमबैक किया। टीम ने फिर वेस्टइंडीज के खिलाफ 197 रन चेज कर सेमीफाइनल में जगह बना ली।

इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में भारत ने 253 रन बना दिए, लेकिन ये स्कोर भी जीत के लिए काफी नहीं लग रहा था। इंग्लैंड के युवा बैटर जैकब बेथेल ने शतक लगाया और टीम को जीत के करीब पहुंचाया। हालांकि, भारत ने 7 रन के करीबी अंतर से हाई-स्कोरिंग मैच जीता और फाइनल में एंट्री कर ली।

# टी-20 वर्ल्डकप का फाइनल आज

## ● अहमदाबाद की पिच भी सेमीफाइनल की तरह बैटिंग फ्रेंडली होगी

### स्पिन कम, पेस और बाउंस ज्यादा, फाइनल में रिचर्ड इलिंगवर्थ अंपायरिंग करेंगे

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आज भारत दूसरी बार अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईसीसी टी-20 टूर्नामेंट का फाइनल खेलेगी। टीम 2023 में यहां वनडे वर्ल्ड कप फाइनल हार चुकी है।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल बैटिंग फ्रेंडली पिच पर होगा। ईएसपीएन के मुताबिक अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फ्रेश पिच का ही इस्तेमाल होगा, जहां टूर्नामेंट के शुरुआत में एक मैच खेला गया था। काली और लाल मिट्टी को मिक्स कर पिच बनाई गई है। यहां गेंद बहुत कम स्पिन होगी, लेकिन पेस और बाउंस जरूर मिलेगा। हालांकि, इससे बैटर्स को ही फायदा होना है। खिताबी मुकाबला 8 मार्च को शाम 7 बजे से खेला जाएगा। आईसीसी ने बताया कि इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ अंपायरिंग करेंगे।

**दूसरे सेमीफाइनल में भी अहमदाबाद जैसी पिच थी-** वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच कोलकाता में हुआ। पिच बैटिंग फ्रेंडली जरूर थी, लेकिन पहली पारी में बॉलर्स को भी मदद मिली। साउथ अफ्रीका 169 रन ही बना सका, न्यूजीलैंड ने 12.5 ओवर में 1 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया।

दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। यहां की पिच दोनों ही पारियों में बैटिंग के लिए बहुत आसान रही। जहां टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने 253 रन बना दिए। इंग्लैंड ने भी हार नहीं मानी और भारत के करीब पहुंचते हुए 246 रन बना दिए। 40 ओवर के मैच में 499 रन बने। अब फाइनल में भी ऐसी ही पिच मिलने वाली है।






### फाइनल की पिच पर एक ही मैच हुआ

फाइनल की पिच लगभग फ्रेश ही रहेगी, क्योंकि यहां टूर्नामेंट का इकलौता मैच करीब एक महीने पहले 9 फरवरी को हुआ था। यहां पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफ्रीका ने 4 ही विकेट खोकर 213 रन बना दिए थे। जवाब में कनाडा 156 रन ही बना सका। अहमदाबाद में कनाडा-अफ्रीका मैच के बाद भी 5 मुकाबले खेले गए, लेकिन किसी में भी फाइनल वाली पिच का इस्तेमाल नहीं हुआ। हालांकि, उन पिचों पर कभी 200 रन भी बने। 184 पहली पारी में औसत स्कोर रहा। 2 बार पहले बैटिंग और 2 ही पहले बॉलिंग करने वाली टीमों को जीत मिली। जबकि एक नतीजा सुपर ओवर में आया। टीम इंडिया अहमदाबाद में साउथ अफ्रीका के खिलाफ एक मैच हार चुकी है।

### काली और लाल मिट्टी को मिक्स किया

अहमदाबाद में काली और लाल मिट्टी को मिक्स कर फाइनल के लिए पिच बनाई गई। वानखेड़े स्टेडियम में भी सेमीफाइनल के दौरान इसी तरह की पिच थी। अब फाइनल में भी स्पिनर्स के लिए मदद कम रहेगी, पेसर्स को अच्छा बाउंस मिलेगा, लेकिन इससे बैटिंग बहुत ज्यादा आसान हो जाएगी। पहली पारी में 200 से ज्यादा रन बनाए तभी जीत के चांस हैं।

### भारत 2 मैच खेल चुका

टूर्नामेंट में अहमदाबाद के मैदान पर भारत ने 2 मैच खेले हैं। ग्रुप स्टेज में नीदरलैंड के खिलाफ पहले बैटिंग करते हुए टीम इंडिया ने 193 रन बनाए थे। हालांकि, डच टीम भी फाइट दिखाते हुए 176 तक पहुंच गई थी। सुपर-8 स्टेज में भारत का सामना फिर साउथ अफ्रीका से हुआ। पहले बैटिंग करते हुए प्रोटियाज टीम ने 187 रन बना दिए। जवाब में टीम इंडिया 111 रन ही बना सकी। दूसरी ओर न्यूजीलैंड यहां दूसरा मैच ही खेलेगा, इन्हें भी साउथ अफ्रीका से ही हार मिली।

### टीम इंडिया की प्रैक्टिस

टीम इंडिया आज ही अहमदाबाद में अपनी प्रैक्टिस करेगी। दूसरी ओर न्यूजीलैंड टीम बुधवार को सेमीफाइनल जीतने के बाद गुरुवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम पहुंची। टीम ने उसी दिन प्रैक्टिस भी की। भारत और न्यूजीलैंड लगातार दूसरे आईसीसी व्हाइट बॉल टूर्नामेंट के फाइनल में आमने-सामने हैं। पिछले साल ही 9 मार्च को भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में न्यूजीलैंड को हराया था।

### रिचर्ड इलिंगवर्थ अंपायरिंग करेंगे

आईसीसी ने फाइनल मुकाबले के लिए ऑफिशियल्स भी बता दिए हैं। इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ ऑन फील्ड अंपायर होंगे। दोनों पहले सेमीफाइनल में भी अंपायर थे। इलिंगवर्थ 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में भी क्रिस गैफनी के साथ अंपायरिंग कर रहे थे। वे पिछले वनडे वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में भी अंपायर थे।

## पॉप स्टार रिकी मार्टिन क्लोजिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगे

● 2 ग्रैमी अवॉर्ड जीते, अहमदाबाद में फाइनल से पहले टीम इंडिया ने होटल बदला

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** इंटरनेशनल पॉप सुपरस्टार रिकी मार्टिन, पंजाबी पॉप सिंगर सुखवीर और फाल्गुनी पाठक टी-20 वर्ल्ड कप की क्लोजिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगे। यह परफॉर्मेंस भारत और न्यूजीलैंड के बीच 8 मार्च को फाइनल से पहले होगी। फाइनल मैच अहमदाबाद नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।




आईसीसी ने एक सोशल पोस्ट में बताया कि मार्टिन की लाइव परफॉर्मेंस शाम 5:30 बजे से शुरू होगी। आईसीसी ने एक्स पोस्ट में लिखा- 'हमें यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि ग्लोबल आइकन और सुपरस्टार रिकी मार्टिन आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल से पहले होने वाली क्लोजिंग सेरेमनी के हेडलाइन परफॉर्मर होंगे। यह एक ऐसा शानदार जश्न होगा, जिसे आप बिल्कुल मिस नहीं करना चाहेंगे।

**जनरल हॉस्पिटल में काम कर चुके हैं मार्टिन-** रिकी मार्टिन 'लिविन' ला विडा लोका' और 'द कप ऑफ लाइफ' जैसे हिट गानों के लिए जाने जाते हैं। सिंगिंग के साथ-साथ रिकी मार्टिन टीवी और लाइव स्टेज शो भी करते हैं। उन्होंने 1994-95 में टीवी शो 'जनरल हॉस्पिटल' में काम किया था।

## कोडी रोड्स बने नए अनडिस्प्यूटेड चैंपियन!

### ड्रू मैकिन्टायर को दी पटखनी, रेसलमेनिया 42 में रैंडी ऑर्टन से होगा महा-मुकाबला

**रेसलमेनिया (एजेंसी)।** डब्ल्यूडब्ल्यूई स्मैकडाउन के 6 मार्च के एपिसोड में इतिहास रच दिया गया। एक हाई-वोल्टेज मेन इवेंट मुकाबले में कोडी रोड्स ने द स्कॉटिश वॉरियर ड्रू मैकिन्टायर को हराकर अनडिस्प्यूटेड डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप अपने नाम कर ली है। इस जीत के साथ ही कोडी रोड्स का रास्ता अब सीधे रेसलमेनिया 42 के लिए साफ हो गया है।



**मैकिन्टायर का दबदबा और कोडी का पलटवार-** मैच की शुरुआत से ही ड्रू मैकिन्टायर बेहद आक्रामक नजर आए। पिछले हफ्ते एलिमिनेशन चैंबर में कोडी रोड्स को मौका गंवाने पर मजबूर करने वाले मैकिन्टायर इस बार उन्हें पूरी तरह खत्म करने के इरादे से उतरे थे। उन्होंने रिंग के बाहर कोडी की पीठ पर जबरदस्त हमला किया और मैच के एक बड़े हिस्से में अपना नियंत्रण बनाए रखा। हालांकि, कोडी ने अपनी फुर्ती का इस्तेमाल करते हुए कोडी कटर के जरिए मैच में वापसी की।


### मैच का टर्निंग पॉइंट

मुकाबला तब और रोमांचक हो गया जब मैकिन्टायर ने कोडी को रिंग के बाहर टेबल पर पावरबॉम्ब दे दिया। मैकिन्टायर ने कोडी पर उन्हीं का दांव क्रॉस रोड्स भी आजमाया, लेकिन कोडी ने किक-आउट कर दिया। मैच के अंत में जब रेफरी गलती से नॉकआउट हो गया, तब मैकिन्टायर ने कोडी पर चेयर से हमला करने की कोशिश की। तभी जैकब फाटू ने अचानक आकर मैकिन्टायर को रोक दिया। इस दखल का फायदा उठाते हुए कोडी रोड्स ने कोडी कटर और क्रॉस रोड्स का कॉम्बो लगाकर जीत हासिल की।

**रेसलमेनिया 42, अब रैंडी ऑर्टन से होगी भिड़ंत-** इस ऐतिहासिक जीत के साथ कोडी रोड्स अब अनडिस्प्यूटेड चैंपियन के रूप में शो ऑफ शोज यानी रेसलमेनिया 42 में कदम रखेंगे।

## प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के दावेदारों की घोषणा, 4 खिलाड़ी जिनका प्रदर्शन दमदार रहा

### आईसीसी ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के दावेदारों में नहीं दी जगह



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी ने टी20 विश्व कप 2026 के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के दावेदारों की घोषणा कर दी है। इसमें इंग्लैंड के विल जैक्स, भारत के संजू सैमसन, पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान, अमेरिका के शैडली वैन शाल्कविक के साथ साउथ अफ्रीका के एडेन मार्करम और लुंगी एनगिडी शामिल हैं। न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र और टिम सिफर्ट भी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने की रेस में हैं। हालांकि आईसीसी ने कई ऐसे खिलाड़ियों को इग्नोर किया है, जिनका प्रदर्शन भी काफी दमदार रहा है।

**हार्दिक पंड्या- 8 विकेट और 199 रन-** 8 मैचों में हार्दिक पंड्या ने भारत के लिए 8 विकेट लिए हैं। सेमीफाइनल में उन्होंने भी कमाल की बॉलिंग की थी। बल्लेबाजी में हार्दिक के बल्ले से दो अर्धशतक की मदद से 199 रन निकले हैं। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की रेस में आने के लिए हार्दिक और क्या कर दें।

**फिन एलन- 289 रन-** टिम सिफर्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की रेस में हैं लेकिन फिन एलन नहीं हैं। 7 पारियों में एलेन ने 289 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 203 का है। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 20 छक्के मारने वाले बल्लेबाज भी हैं।

● ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप

**तीसरी बार टॉप-4 में एंट्री**

# लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में पहुंचे

● नंबर-1 के बाद नंबर-6 रैंक प्लेयर को हराया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के लक्ष्य सेन ने शानदार खेल दिखाते हुए ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में एंट्री कर ली। उन्होंने चीन के पूर्व चैंपियन और वर्ल्ड नंबर-6 ली शिफेंग को सीधे गेम में हराया। लक्ष्य ने तीसरी बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में एंट्री की है। उन्होंने पहले राउंड में वर्ल्ड नंबर-1 चीन के शी यूकी को हराया था। टूर्नामेंट की इनामी राशि 14,50,000 अमेरिकी डॉलर है।

**ली शिफेंग को 21-12, 21-16 से हराया-** दुनिया के नंबर-12 खिलाड़ी और 2022 के रनर-अप लक्ष्य ने दुनिया के नंबर-6 प्लेयर ली शिफेंग को एक घंटे चले मुकाबले में 21-12, 21-16 से हराया। अब उनका मुकाबला सेमीफाइनल में कनाडा के विक्टर




लाई से होगा। विक्टर ने अन्य क्वार्टरफाइनल में जापान के कोकी वतानाबे को 18-21, 21-17, 21-15 से मात दी। मुकाबला शनिवार शाम 4.30 बजे से शुरू होगा।

**लंबी रैली के बावजूद अच्छा खेल जारी रखा-** मैच के बाद लक्ष्य ने कहा, मैं दोनों गेम में अपने खेल से खुश हूं। शिफेंग ने भी अच्छा खेला। लंबी रैलियां हुईं और हम दोनों थक रहे थे, लेकिन मैंने लंबी रैलियों के बाद भी अच्छा खेल जारी रखा। उन्होंने कहा, कोच ने कहा था कि लंबी रैलियों के बाद ज्यादा तैयार रहो, क्योंकि वह भी थक रहा है, इसलिए आसान गलती मत करो।

### शिफेंग के ओवरहेड क्रॉसकोर्ट स्मैश को पढ़ने में दिक्कत हुई

मैच में लक्ष्य ने आत्मविश्वास के साथ शुरुआत करते हुए 4-1 की बढ़त बनाई और आक्रामक खेल से इसे 10-4 तक पहुंचाया। ब्रेक तक वे 11-6 से आगे थे। हालांकि, उन्हें शिफेंग के ओवरहेड क्रॉसकोर्ट स्मैश को पढ़ने में थोड़ी दिक्कत हुई, फिर भी उन्होंने 15-11 की बढ़त बना ली। शिफेंग ने लंबी रैली जीतकर स्कोर 13-15 किया, लेकिन लक्ष्य ने नेट कॉर्ड की मदद से बढ़त 18-13 कर दी और पहला गेम 24 मिनट में अपने नाम किया।

# चेस छोड़ पोकर से जीते 2.4 करोड़

### ग्रैंडमास्टर के शोषण का सच बोलने पर फेडरेशन ने किया था जलील, अब दोनों खेलों पर किताबें लिख रहीं



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अमेरिकी महिला चेस चैम्पियन रहीं जेनिफर शहाडे ने हाल ही में एक बड़े पोकर टूर्नामेंट में करीब 2.4 करोड़ रुपए जीते हैं। हालांकि अब वे चेस से पूरी तरह दूरी बना चुकी हैं। दो बार की अमेरिकी महिला चेस चैम्पियन जेनिफर शहाडे ने फरवरी 2023 में एक ऐसा खुलासा किया था, जिसने शतरंज की शांत और गंभीर मानी जाने वाली दुनिया में भूचाल ला दिया।

- **फ्रांस में 100 महिला खिलाड़ियों ने लगाए आरोप-** शहाडे की इस पहल का असर दुनिया भर में दिखा। फ्रांस में 100 से ज्यादा महिला खिलाड़ियों ने शोषण और लिंगभेद के खिलाफ ओपन लेटर लिखा। मैग्नस कार्लसन की बहन एलेन कार्लसन ने भी कहा कि शहाडे की पोस्ट के बाद वे अपने साथ हुए कथित उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करा सकीं।
- **यूएस फेडरेशन ने नोटिस भेजा, धमकाया-** हालांकि शहाडे के लिए यह सच सामने लाना आसान नहीं था। उन्होंने बताया कि 2020 से 2022 के बीच उन्होंने यूएस फेडरेशन को रामिरेज के खिलाफ कई बार आगाह किया था, लेकिन उन्हें नजरअंदाज कर जलील किया गया। बाद में उन्हें फेडरेशन की तरफ से कानूनी नोटिस भी भेजा गया कि वे युवा खिलाड़ियों से संपर्क न करें। फेडरेशन के रवैये, धमकियों और अपनी साख पर उठते सवालों के कारण उन्होंने अंततः यूएस चेस छोड़ दिया।
- **चेस में महिलाओं की भागीदारी बेहद कम-** शतरंज में महिलाओं की भागीदारी हमेशा से कम रही है। अब भी क्लासिकल चेस खेलने वालों में सिर्फ 11त्न और ग्रैंडमास्टर्स में केवल 2 प्रतिशत महिलाएं हैं।

# इंडिया-ऑस्ट्रेलिया विमेंस टेस्ट

### भारतीय पारी 198 रन पर सिमटी

● जेमिमा की फिफ्टी, एनाबेल सदरलैंड ने 4 विकेट लिए, ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 98/3



**पर्थ (एजेंसी)।** पर्थ में खेले जा रहे एकमात्र महिला डे-नाइट टेस्ट के पहले दिन जेमिमा रोड्रिग्स के अर्धशतक के बावजूद भारतीय टीम 198 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड और डेब्यूटेंट लूसी हैमिल्टन की स्विंग गेंदबाजी के सामने भारतीय बल्लेबाज टिक नहीं सके। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट खोकर 96 रन बना लिए हैं। एलिस पेरी 43 रन और एनाबेल सदरलैंड 20 रन बनाकर खेल रही हैं। वह पहली पारी में भारत के स्कोर 102 रन पीछे है।

**भारत की खराब शुरुआत-** पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत खराब रही। टीम ने 18 रन के कुल स्कोर पर स्मृति मंधाना का विकेट गंवा दिया। स्मृति को लुसी हैमिल्टन ने क्लीन बोल्ड किया।

## संक्षिप्त समाचार

### एआई समिट के लिए बने फाउंटेन को तोड़ा, एमसीडी ने निजामुद्दीन थाने में दर्ज कराई एफआईआर

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली में मथुरा रोड पर निजामुद्दीन से लोधी रोड लाल



बत्ती के पास स्थित तिकोने पार्क में एआई समिट के दौरान हुआ सौंदर्यीकरण का कार्य एक माह भी नहीं चल पाया। बताया कि लाइटों के साथ ही नया लगा फाउंटेन व कई अन्य प्रकार की सजावट को तहस-नहस कर दिया गया है। इसे लेकर एमसीडी ने निजामुद्दीन थाने में एफआइआर दर्ज कराई है। शिकायत के मुताबिक, एमसीडी ने डेढ़ लाख रुपये की लागत से फाउंटेन लगाया था, जो निजामुद्दीन बस्ती के पास मल्टीलेवल पार्किंग के सामने है। एमसीडी के एक अधिकारी के मुताबिक, एआई समिट खत्म होने के बाद ही सौंदर्यीकरण के सभी स्ट्रक्चर को 20 फरवरी की रात को ही नुकसान पहुंचाया गया था। इस प्रोजेक्ट में कई जगहों पर बाउंड्री वॉल, पेडस्टल और लैंडस्केपिंग का काम शामिल था। ऐसा ही कार्य शहर के कई इलाकों जैसे भारत मंडपम, हुमायूं का मकबरा और लोधी होटल में एक बड़े ब्यूटीफिकेशन एक्सरसाइज का हिस्सा था। इसमें बाउंड्री वाल, पेडस्टल और लैंडस्केपिंग का कंस्ट्रक्शन शामिल था। बता दें कि फव्वारा और उसके आस-पास विशेष प्रकार की घास लगाने से साइट का लुक बेहतर हो गया था। नुकसान का पता 21 फरवरी की सुबह चला तो निजामुद्दीन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामला दर्ज कर पुलिस आरोपितों की पहचान में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आस-पास रहने वाले कुछ संदिग्धों से पूछताछ की गई है। वहीं एमसीडी के मुताबिक जांच पूरी होने के बाद जल्द से जल्द फव्वारे की मरम्मत का काम कराया जाएगा।

### भारत-अमेरिका के रिश्तों को मजबूत बनाने में सराहनीय रही भूमिका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विदेश सेवा (आइएफएस) के 1988 बैच के सेवानिवृत्त अधिकारी तरणजीत सिंह संधू अब दिल्ली के 23वें उपराज्यपाल की जिम्मेदारी संभालेंगे। वह विनय कुमार सक्सेना का स्थान लेंगे, जिन्हें अब लद्दाख का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। 63 वर्षीय अनुभवी राजनयिक तरणजीत सिंह संधू ने अमेरिका में भारत के राजदूत (2020-2024), श्रीलंका में उच्चायुक्त और अन्य महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। अमेरिका में भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने में उनकी भूमिका सराहनीय रही। 2024 में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली थी और अमृतसर से लोकसभा चुनाव में सक्रिय रहे। बताया जाता है कि तरणजीत सिंह संधू की छवि एक सुलझे हुए और रणनीतिक सोच रखने वाले अधिकारी की रही है। उनकी नियुक्ति से दिल्ली के प्रशासनिक कार्यों में नई ऊर्जा आने की उम्मीद है।

### जलभराव रोकने की रणनीति बनाने में जुटी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मानसून के दौरान होने वाला जलभराव दिल्ली सरकार की नींद उड़ा रहा है। सरकार अभी से जलभराव रोकने की रणनीति में बनाने में जुट गई है। जलभराव से राहत के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने नालों के लिए 177 करोड़ से अधिक की राशि को मंजूरी दे दी है। विभाग ने उत्तर व उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के कई इलाकों में बरसाती नालों के पुनर्विकास कार्य को मंजूरी दी है। इन परियोजनाओं को न्यू मास्टर ड्रेनेज प्लान के तहत प्रशासनिक स्वीकृति और व्यय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं के तहत पुराने व जर्जर बरसाती नालों को आधुनिक प्रीकास्ट आरसीसी तकनीक से दोबारा बनाया जाएगा, जिससे नालों की क्षमता बढ़ेगी, पानी के बहाव में सुधार होगा और निर्माण कार्य भी तेजी से पूरा किया जा सकेगा।

# तो भीषण गर्मी की मार झेलने वाले देशों में भारत होगा सबसे ऊपर, हालात होंगे बेकाबू

## भीषण गर्मी की मार झेलने वाले देशों में भारत सबसे ऊपर होगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जलवायु परिवर्तन और बढ़ते वैश्विक तापमान को लेकर ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के एक नए अध्ययन ने भारत के लिए खतरे की घंटी बजा दी है। अध्ययन के मुताबिक, अगर दुनिया का तापमान 2 डिग्री सेल्सियस बढ़ता है, तो भीषण गर्मी की मार झेलने वाले देशों में भारत सबसे ऊपर होगा। नेचर सस्टेनेबिलिटी जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन के अनुसार, साल 2050 तक दुनिया की लगभग 41 प्रतिशत आबादी (करीब 3.8 अरब लोग) भीषण गर्मी के साये में जीने को मजबूर होगी। साल 2010 में यह आंकड़ा महज 23 प्रतिशत था। शोधकर्ताओं का कहना है कि भारत की विशाल आबादी और पहले से ही गर्म जलवायु इसे बेहद संवेदनशील बनाती है। अध्ययन में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर तापमान बढ़ने से भारत जैसे देशों में हीट स्ट्रेस के कारण होने वाली मौतों का आंकड़ा बढ़ सकता है। अध्ययन के प्रमुख लेखक डा जीसस लिजाना के अनुसार, भारत में कूलिंग डिग्री डेज (गर्मी से बचने के लिए आवश्यक ऊर्जा) में भारी बढ़ोतरी होगी। इसका मतलब है कि आने वाले वर्षों में घरों और दफ्तरों को ठंडा रखने के लिए भारी मात्रा में बिजली और एयर कंडीशनर (एसी) की जरूरत पड़ेगी। ऑक्सफोर्ड की प्रोफेसर राधिका खोसला ने चेतावनी दी है कि तापमान में 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक की वृद्धि शिक्षा, स्वास्थ्य, खेती और विस्थापन पर



अभूतपूर्व प्रभाव डालेगी। अधिक गर्मी के कारण फसलों के नुकसान और हीट-स्ट्रेस (गर्मी का तनाव) जैसी बीमारियों के बढ़ने का खतरा है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि गर्मी का यह असर 1.5 डिग्री की सीमा पार करने से पहले ही दिखने लगेगा। अगले पांच वर्षों के भीतर ही लाखों घरों को कूलिंग सिस्टम की जरूरत पड़ सकती है, जिससे ऊर्जा की मांग और कार्बन उत्सर्जन दोनों बढ़ेंगे। भारत के अलावा नाइजीरिया, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, बांग्लादेश और फिलीपींस जैसे अधिक आबादी वाले देश इस लिस्ट में सबसे ऊपर हैं। वहीं, ब्राजील और दक्षिण सूडान जैसे देशों में तापमान में सबसे तेज उछाल आने की आशंका है। अध्ययन में जोर दिया गया है कि सरकारों को जल्द से जल्द नेट जीरो उत्सर्जन की दिशा में कदम उठाने होंगे। साथ ही, शहरों के बुनियादी ढांचे और इमारतों को इस तरह से डिजाइन करना होगा कि वे बढ़ती गर्मी को झेल सकें और ऊर्जा की खपत को कम कर सकें। विशेषज्ञों का कहना है कि यह अध्ययन भारत जैसे विकासशील देशों के लिए एक वेक-अप काल है, जहां गर्मी अब केवल मौसम नहीं बल्कि एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बनती जा रही है।

#### जज बनना चाहती थी गुनिशा

## दिल्ली डबल मर्डर केस: अपनी ही बेटियों को मां ने क्यों मार डाला, सामने आई वजह

**दक्षिणी दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली में मालवीय नगर थाना क्षेत्र स्थित एफ ब्लाक में दो बहनों की हत्या की दर्दनाक घटना ने समूचे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया। इसके पीछे एक मां का लंबे समय से चल रहा मानसिक तनाव, पारिवारिक परिस्थितियां और आर्थिक समस्या से जूझता जीवन भी सामने आ रहा है।

वहीं, पुलिस अभी तक मामले की तह तक नहीं पहुंच सकी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, वह भी कुछ सवालों की तह तक जाने का प्रयास कर रहे हैं, पर आरोपी महिला की हालत ठीक नहीं होने की वजह से उससे पूछताछ नहीं हो सकी है। संभव है कि महिला ने पहले दोनों बेटियों को नशीला पदार्थ दिया गया। फिर एक का मुंह तकिए से दबाकर तो दूसरी की गर्दन क्रेप बैंडेज से घोंट दिया। दोनों की मौत होने के बाद महिला ने भी खुदकुशी के लिए जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसकी वजह से उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। जानकारी के मुताबिक, बड़ी बेटी 32 वर्षीय राधिका दिव्यांग थी और मानसिक रूप से भी बीमार रहती थी। बीमारी के कारण वह आठवीं कक्षा से आगे पढ़ाई नहीं कर पाई। उसकी देखभाल और इलाज को लेकर मां सुनीता काफी समय से परेशान रहती थी। दिन-रात बेटी की चिंता और जिम्मेदारी ने धीरे-धीरे उस पर मानसिक दबाव बढ़ा दिया था। इसके अलावा पति सुधीर अरोड़ा के साथ भी सुनीता के रिश्ते सही नहीं चल रहे थे। वह अपने घर में ही पत्नी से अलग रहता था, जिसके चलते सुनीता मानसिक रूप से परेशान रहती थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुधीर ने अपने बयान में बताया है कि वह किसी काम से बाहर गया था। देरी होने के चलते वह बेटियों को फोन मिला रहा था। पर किसी ने उसका फोन नहीं उठाया, जिसके बाद उसने अपने घर आने वाली घरेलू सहायिका को फोन किया, जिसने बताया कि वह घर गई थी, लेकिन किसी ने गेट नहीं खोला तो वह वापस आ गई। इसके बाद सुधीर ने पहले पुलिस को फोन किया और खुद भी घर पहुंचा। जब पुलिस और सुधीर ने गेट तोड़कर घर में प्रवेश किया तो वहां दोनों बेटियों के शव थे और सुनीता बेसुध हालत में पड़ी हुई थी।

सूत्रों ने बताया कि जिस चार मंजिला इमारत में सुधीर का परिवार रहता है, उसमें पहले फ्लोर पर सुधीर की मां, दूसरे पर सुधीर का भाई अपने परिवार के साथ रहता है। जबकि सबसे ऊपर उसकी बहन अपने बेटे के साथ रहती है, वह अपने पति से अलग हो चुकी है। सुनीता की अपने ससुराल पक्ष के लोगों से संबंध ठीक नहीं थे, जिससे घर का माहौल अक्सर तनावपूर्ण बना रहता था। परिवार के लोगों के बीच बातचीत लंबे समय से बंद थी। घर की छोटी बेटी 28 वर्षीय गुनिशा ने पिछले वर्ष ही कानून में स्नातक की पढ़ाई पूरी की थी। वह एलएलएम की तैयारी कर रही थी। परिवार को उससे काफी उम्मीदें थीं और वह अपने भविष्य को लेकर भी योजनाएं बना रही थीं। गुनिशा अक्सर न्यायाधीश बनने की बात किया करती थी।

पड़ोसियों के अनुसार अरोड़ा परिवार करीब 60 वर्षों से इलाके में रह रहा था और शांत स्वभाव के लिए जाना जाता था। बड़ी बेटी राधिका विशेष जरूरतों वाली थी और घर पर ही रहती थी।

## दिल्ली पुलिस ने पकड़े पांच नाइजीरियाई नागरिक

**पश्चिमी दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी दिल्ली में द्वारका जिला पुलिस ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। फरवरी के महीने में, जिला पुलिस ने प्रभावी कदम उठाते हुए नाइजीरियाई मूल के 5 नागरिकों को पकड़ा, जिन्हें बाद में उनके देश वापस भेजने (निर्वासन) की प्रक्रिया पूरी की गई। द्वारका जिले के आपरेशन यूनिट और विभिन्न थानों का स्टाफ लगातार ऐसे विदेशी नागरिकों के बारे में खुफिया जानकारी जुटा रहा है, जो भारत में बिना वैध वीजा के रह रहे हैं। उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने बताया कि यह अभियान संसाधनों के अवैध दोहन और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। पुलिस की अलग-अलग टीमों ने क्षेत्र में औचक निरीक्षण और दस्तावेजों की जांच की, जिसके बाद उत्तम नगर पुलिस टीम ने 03 नाइजीरियाई नागरिकों को पकड़ा, जिन्हें डिपोर्ट कर दिया गया है। एंटी-नारकोटिक्स सेल ने 02 नाइजीरियाई नागरिकों को पकड़ा, जिन्हें उनके देश वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं, पकड़े गए विदेशी नागरिकों की पहचान नाइजीरिया निवासी मैथ्यू चिकवाडो ओनुवा , पाल ओन्येकाची एकवेन्ज़े , आयुगुझ एल्विस , क्रिस्टोफर उचेचुकवु कालू और जान न्नामदी ओकाफोर के रूप में हुई है। जांच में पाया गया कि ये सभी नागरिक बिना वैध वीजा के भारत में समय सीमा से अधिक रह रहे थे। इन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के समक्ष पेश किया गया, जिसके बाद इनके निर्वासन के आदेश जारी किए गए। फिलहाल, इन सभी को संबंधित डिटेंशन सेंटर भेज दिया गया है, जहां से इन्हें इनके देश भेजने की औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

## मां के बीच-बचाव का बदला, दिल्ली में बेटे के सीने पर चाकू से हमला; मौत से मचा कोहराम

**पश्चिमी दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली मे दक्षिण पश्चिमी जिला के पालम थाना क्षेत्र के महावीर एन्क्लेव में होली की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब एक मां द्वारा किया गया बीच-बचाव उनके बेटे की मौत का कारण बन गया। पुलिस ने इस हत्याकांड को सुलझाते हुए मुख्य नाबालिग आरोपी समेत तीन नाबालिगों को पकड़ा है और दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान महावीर एन्क्लेव निवासी 24 वर्षीय धर्मेंदर और 24 वर्षीय ओमकार के रूप में हुई है। इस मामले में मृतक 25 वर्षीय पुनीत यादव के पिता और मुख्य आरोपी के बयानों में अलग-अलग बातें सामने आई हैं, जिसकी पुलिस जांच कर रही है। मृतक पुनीत के पिता रामतार यादव का कहना है कि होली की शाम उनकी पत्नी प्रेम मती ने लड़कों के दो गुटों को लड़ते देख बीच-बचाव किया था। इसी बात की रंजिश रखते हुए एक गुट जिसमें आरोपित थे ने रात में हमला किया था। वहीं, पकड़े गए मुख्य आरोपित नाबालिग ने पूछताछ में अलग दावा किया है। उसने पुलिस को बयान दिया है कि कि उसकी पुनीत के साथ किसी बात को लेकर बहस हुई थी, जिसमें पुनीत ने उसे चिढ़ा दिया था। इसी चिढ़ाने का बदला लेने के लिए उसने अपने साथियों के साथ मिलकर पहले शराब पी और फिर वारदात को अंजाम दिया। मृतक के पिता का आरोप है कि रात करीब 9 बजे 15 से 20 लड़कों की भीड़ ने पुनीत के घर पर धावा बोल दिया। आरोपितों ने दरवाजा पीटकर शोर मचाना शुरू किया। मां प्रेम मती ने जैसे ही दरवाजा खोला, आरोपी उनके साथ बदतमीजी करने लगे। शोर सुनकर पिता रामोतार और उनके पीछे पुनीत भी वहां आ गया। इसी गहमागहमी और संघर्ष के दौरान आरोपियों ने पुनीत पर हमला कर दिया।

## ट्रंप की हत्या की साजिश करने वाला पाकिस्तानी व्यक्ति दोषी करार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** न्यूयॉर्क की अदालत ने एक पाकिस्तानी नागरिक को डोनाल्ड ट्रंप और अन्य अमेरिकी नेताओं की हत्या की साजिश रचने का दोषी पाया है। वह ईरानी सेना के इशारे पर काम कर रहा था। उसने कासिम सुलेमानी की मौत का बदला लेने के लिए यह योजना बनाई थी। न्यूयॉर्क में एक पाकिस्तानी व्यक्ति को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अन्य नेताओं की हत्या की साजिश रचने का दोषी पाया गया है। इस व्यक्ति के संबंध ईरान से हैं। उसने यह साजिश ईरानी कमांडर कासिम सुलेमानी की मौत का बदला लेने के लिए रची थी। सुलेमानी की मौत साल 2020 में एक अमेरिकी हमले में हुई थी। मामले में 48 साल के आसिफ रजा मर्चेंट को शुक्रवार को ब्रुकलिन की अदालत में दोषी ठहराया गया। एक फेडरल जूरी ने उसे भाड़े पर हत्या करने और आतंकवाद फैलाने की कोशिश का अपराधी माना। मर्चेंट को अब उम्रकैद की सजा हो सकती है। अमेरिकी अटॉर्नी जनरल पामेला बोंडी ने बताया कि मर्चेंट खास तौर पर ट्रंप को मारने के इरादे से अमेरिका आया था। अमेरिकी न्याय विभाग के अनुसार, मर्चेंट 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) का एक प्रशिक्षित एजेंट था। उसने अदालत में माना कि साल 2024 में आईआरजीसी ने उसे



राजनीतिक हत्याओं का इंतजाम करने के लिए अमेरिका भेजा था। उसके निशाने पर ट्रंप के अलावा पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन और निक्की हेली भी हो सकते थे। मर्चेंट ने स्वीकार किया कि उसका मुख्य लक्ष्य ट्रंप ही थे। मर्चेंट अप्रैल 2024 में अमेरिका पहुंचा था। जून में वह कुछ लोगों से मिला जिन्हें वह हत्यारा समझ रहा था। असल में वे न्यूयॉर्क पुलिस के अंडरकवर अधिकारी थे। जुलाई 2024 में देश छोड़ने से पहले ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पामेला बोंडी ने कहा कि यह आदमी ट्रंप को मारने की उम्मीद में आया था, लेकिन उसका सामना अमेरिकी कानून की ताकत से हुआ। एफबीआई के अनुसार, मर्चेंट ने ईरानी शासन के कहने पर अमेरिकी नेताओं की हत्या की योजना बनाई थी। यह लोकतंत्र पर हमला करने की एक नाकाम कोशिश थी। मर्चेंट ने 2022 के अंत में आईआरजीसी के लिए काम करना शुरू किया था। वहां उसने जासूसी और निगरानी की ट्रेनिंग ली थी। इसके बाद उसे अमेरिका में नए लोगों को भर्ती करने के लिए भेजा गया। मर्चेंट ने गवाही दी कि उसे सुलेमानी की मौत का बदला लेने का काम सौंपा गया था।

#### ● केपी शर्मा ओली और गगन थापा जैसे बड़े नेता भी चुनावी मैदान में हैं

## राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने 28 सीटें जीतीं और 90 पर बढ़त; बालेन शाह जीत के करीब

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में पांच मार्च को हुए मतदान के बाद अब मतगणना हो रही है। नेपाल के आम चुनाव के शुरुआती परिणाम सियासी समीकरण बदलने के संकेत दे रहे हैं। शुरुआती आंकड़ों में बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पारंपरिक दलों को कड़ी चुनौती देती दिख रही है। करीब 60 फीसदी मतदान के बीच केपी शर्मा ओली और गगन थापा जैसे बड़े नेता भी चुनावी मैदान में हैं। नेपाल के आम चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने बढ़त बनाई हुई है। पार्टी ने अब तक 28 सीटें जीतीं और कुल 90 सीटों पर बढ़त बनाए रखी है, जिससे पूर्व महापौर और रैपर बालेन' शाह जीत के बेहद करीब हैं। बालेंद्र शाह ने कुल 39,284 वोट हासिल किए, जो उनके प्रतिद्वंदी से 28,991 वोट अधिक हैं। काठमांडू घाटी में हुए चुनावों में पूर्व महापौर और रैपर बालेन शाह की पार्टी, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (ऋस्क) ने शानदार जीत हासिल की है। यह जानकारी नेपाल निर्वाचन आयोग ने साझा की है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के वरिष्ठ नेता और पीएम पद उम्मीदवार बालेन शाह ने सीपीएन-यूएमएल के




अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली पर अपनी बढ़त को और बढ़ा ली है। नवीनतम मतगणना के अनुसार शाह को 39,284 वोट मिले हैं, जबकि ओली को 10,293 वोट प्राप्त हुए हैं। जैसे-जैसे निर्वाचन क्षेत्र में मतगणना आगे बढ़ रही है बड़ा अंतर सामने आ रहा है।

ताजा अपडेट के अनुसार, आरसीपी 93 सीटों में आगे चल रही है, उसके बाद पूर्व प्रधानमंत्री ओली की पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनिफाइड मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट) को एक सीट पर जीत और 13 सीटों में बढ़त हासिल है। जबकि नेपाली कांग्रेस 10 सीटों में आगे है। नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) नौ इलाकों में आगे चल रही है।

काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी के पूर्व मेयर बालेन शाह, ओली के पारंपरिक राजनीतिक गढ़ में प्रधानमंत्री पद के दो उम्मीदवारों के बीच मुकाबले में हैं। वोटों की गिनती के अनुसार शाह को 39,284 वोट मिले हैं, जबकि ओली को 10,293 वोट मिले हैं।

चुनाव आयोग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, बालेन शाह की पार्टी (आरएसपी) अब तक 23 सीटें जीत चुकी है, जबकि 93 अन्य सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। वहीं, पारंपरिक दलों में नेपाली कांग्रेस को 5 सीटें, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी को 2 सीटें औरनेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) को 1 सीट मिली है। बालेन शाह की पार्टी (आरएसपी) अब तक 18 सीटें जीत चुकी है।

## अब पश्चिम एशिया में मेरोप्स सिस्टम तैनात करेगा अमेरिका, ईरानी ड्रोन से बचाव की तैयारी तेज

**लंदन, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में ईरानी ड्रोन खतरे को देखते हुए अमेरिका जल्द मेरोप्स एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात करेगा। यूक्रेन में सफल रहे इस एआई आधारित सिस्टम से ड्रोन को पहचानकर उन्हें हवा में ही नष्ट किया जा सकेगा। पश्चिम एशिया में ईरान के ड्रोन खतरे को देखते हुए अमेरिका अपनी रक्षा क्षमता को मजबूत करने जा रहा है। इसके लिए अमेरिका जल्द ही मेरोप्स नामक एंटी-ड्रोन सिस्टम क्षेत्र में तैनात करेगा। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार यह वही सिस्टम है जिसने यूक्रेन में रूसी ड्रोन के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन किया है। दो अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में अभी ड्रोन हमलों से निपटने के लिए पर्याप्त तकनीक मौजूद नहीं है। हालांकि अमेरिका ने ईरानी मिसाइलों को गिराने के लिए पैट्रियट और थाड जैसे मिसाइल सिस्टम का इस्तेमाल किया है, लेकिन छोटे और सस्ते ड्रोन को रोकना अभी भी बड़ी चुनौती बना हुआ है। अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि ईरान द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे शाहेद ड्रोन तकनीकी रूप से बहुत जटिल नहीं हैं, लेकिन बड़ी संख्या में छोड़े जाने के कारण ये खतरनाक साबित होते हैं। रूस भी यूक्रेन युद्ध में इसी प्रकार के ड्रोन का लगातार इस्तेमाल कर रहा है और उन्हें लगातार अपग्रेड कर रहा है। यही कारण है कि अमेरिका अब सस्ते और तेज समाधान तलाश रहा है। अमेरिकी कांग्रेस की इंटेलिजेंस कमेटी के वरिष्ठ डेमोक्रेटिक सदस्य जिम हाइम्स के मुताबिक अमेरिका मिसाइल हमलों को रोकने में तो काफी सक्षम है, लेकिन ड्रोन से निपटना कहीं ज्यादा मुश्किल साबित हो रहा है। इस्तेमाल की जाने वाली मिसाइल की कीमत लाखों डॉलर तक पहुंच जाती है। ऐसे में सस्ते ड्रोन के खिलाफ लगातार महंगे इंटरसेप्टर मिसाइलों का उपयोग करना व्यावहारिक नहीं है। हाइम्स ने इसे गणित की समस्या बताते हुए कहा कि लागत और संसाधनों के इस असंतुलन के कारण नई और सस्ती एंटी-ड्रोन तकनीक विकसित करना बेहद जरूरी हो गया है।

## भारत को इस वजह से मिली रूस से तेल खरीद की छूट

#### अमेरिकी वित्त सचिव ने दिया बड़ा बयान

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत को रूसी तेल खरीदने की छूट मिली है। इस पर बोलते हुए अमेरिकी वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव और समुद्री रास्तों में रुकावट के कारण यह फैसला लिया गया। अमेरिकी वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट ने फिर कहा है कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने भारत को रूसी तेल खरीदने की इजाजत दी है। यह अनुमति पश्चिम एशिया में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर दी गई है। उन्होंने फॉक्स बिजनेस के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि भारत ने पहले रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया था। अब वैश्विक तेल आपूर्ति में अस्थायी कमी को दूर करने के लिए यह छूट दी गई है। खाड़ी देशों में संकट की वजह से होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले समुद्री रास्ते बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इस कारण अमेरिका ने गुरुवार को भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतें पूरी करने के लिए रूसी तेल खरीदने के लिए 30 दिन की छूट दी। बेसेंट ने कहा कि यह एक छोटा और अस्थायी कदम है। इससे रूसी सरकार को कोई बड़ा आर्थिक फायदा नहीं होगा क्योंकि यह सिर्फ समुद्र में फंसे तेल के लेनदेन से जुड़ा है। भारत अमेरिका का एक जरूरी पार्टनर है और अमेरिका को उम्मीद



है कि भारत उससे तेल की खरीद बढ़ाएगा। ईरान की वजह से दुनिया की ऊर्जा सप्लाई पर जो दबाव बढ़ रहा है, यह फैसला उसे कम करेगा। भारत अपनी जरूरत का लगभग 40 फीसदी तेल मध्य पूर्व से लेता है। इसका एक बड़ा हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर आता है। सूत्रों के मुताबिक, भारत दिन में दो बार अपनी ऊर्जा स्थिति की समीक्षा कर रहा है। देश अपनी ऊर्जा सुरक्षा को लेकर बहुत मजबूत स्थिति में है। भारत के पास तेल का पर्याप्त भंडार है और इसकी हर दिन भरपाई की जा रही है। दुनिया में एलपीजी, एलएनजी और कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने शुक्रवार को कहा कि भारत में ऊर्जा की कोई कमी नहीं है। सरकार नागरिकों के लिए सस्ता और टिकाऊ ईंधन सुनिश्चित करने को प्राथमिकता दे रही है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में कई अलग-अलग देशों से तेल खरीदना शुरू किया है। साल 2022 में रूस से सिर्फ 0.2 फीसदी तेल आता था, जो अब काफी बढ़ गया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, फरवरी में भारत ने अपनी जरूरत का लगभग 20 फीसदी तेल रूस से मंगाया। यह हर दिन लगभग 10.4 लाख बैरल था। अब भारत के पास कई स्रोतों से ऊर्जा सप्लाई के विकल्प मौजूद हैं। अमेरिकी ऊर्जा सचिव क्रिस राइट ने बताया कि इस 30 दिन की छूट का मकसद दुनिया में तेल की कीमतों को काबू में रखना है। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया के पास समुद्र में टैंकरों में काफी रूसी तेल जमा है। अमेरिका चाहता है कि यह तेल जल्द से जल्द बाजार में आए।

## संक्षिप्त समाचार

### अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने किया मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह की अगुवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में आज मासिक अपराध गोष्ठी आयोजन किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने बताया कि अपराध गोष्ठी जो माह मार्च का अपराध समीक्षा बैठक है। जिसमें विगत माह जितने भी मामलों का निष्पादन किया गया है, उस पर चर्चा की गई। साथ ही पुलिस अधीक्षक महोदय बोकारो, जोनल आईजी महोदय से जो भी निर्देश प्राप्त होती है उसका अनुपालन करने के लिए सभी को बताया गया। साथ ही जो भी पूरे जो आपराधिक मामला घटी है उसमें बहुत सारे मामलों का निष्पादन किया जा चुका है और बहुत जल्द ही अन्य मामलों का भी निष्पादन हो जाएगा। आगामी ईद रामनवमी पर्व पर शांति पूर्ण माहौल में त्योहार सम्पन्न कराने के लिए कई दिशा निर्देश दिया गया। साथ में अपराधियों की गिरफ्तारी की जाएगी। गोष्ठी में क्षेत्र में शांति व्यवस्था व्यवस्था बनाये रखने और अपराधिक गतिविधि पर नजर बनाए रखने की बात कही गई। गोष्ठी में उपस्थित सभी पुलिस पदाधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा गया कि सभी लंबित कांडों को शीघ्र निष्पादन तय समय में करें। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंह ने अनुमंडल अंतर्गत सभी पुलिस निरीक्षक, थाना प्रभारी एवं ओपी प्रभारी को उनके कार्य के प्रति की गई मेहनत पर हौसला बढ़ाते हुए सराहना की और निष्ठा पूर्वक कार्य करने की सलाह दी। बैठक में पुलिस निरीक्षक जीतेंद्र कुमार, शैलेन्द्र कुमार सिंह, रोहित कुमार, पिंकू कुमार यादव, प्रफुल्ल महतो, राजू कुमार मुंडा, भजन लाल महतो, श्रीनिवास कुमार सिंह, राजेश कुमार प्रजापति, रवि कुमार, धनंजय कुमार सिंह, अमित कुमार सोनी, शशि शेखर कुमार, अजय कुमार सिंह, कृष्ण कुमार कुशवाहा सहित अनुमंडल के पुलिस इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी उपस्थित थे।

### 9 मार्च को पीएमएनएएम अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड सरकार के श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत अवर प्रादेशिक नियोजनालय द्वारा 9 मार्च 2026 को आईटीआई धनबाद परिसर में प्रधान मंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला (पीएमएनएएम) का आयोजन किया जाएगा। मेला सुबह 10:00 बजे से शुरू होगा। नियोजन पदाधिकारी पद्मा कुमारी ने बताया कि इसमें धनबाद जिले के तकनीकी प्रशिक्षित अभ्यर्थी जैसे आईटीआई, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग तथा शॉर्ट टर्म स्किल कोर्स किए हुए युवक-युवतियां भाग ले सकेंगे। इसके अलावा गैर-तकनीकी छात्र-छात्राएं, जो 5वीं से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई कर चुके हैं, वे भी इसमें शामिल हो सकते हैं। मेले में एमएसएमई, मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस सेक्टर, होटल, रेस्टोरेंट, शॉपिंग मॉल, हॉस्पिटल, कोचिंग सेंटर, बैंक आदि क्षेत्रों से जुड़े नियोक्ता भी भाग लेंगे और योग्य अभ्यर्थियों को अप्रेंटिसशिप के अवसर प्रदान करेंगे। अभ्यर्थियों अपने सभी शैक्षणिक एवं तकनीकी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी और पासपोर्ट साइज फोटो के साथ 9 मार्च को सुबह 10 बजे आईटीआई धनबाद परिसर में पहुंचकर मेले में भाग ले सकते हैं।

### कार और ऑटो की टक्कर में दो की मौत

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के गोविंदपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। गहरा मोड़ के समीप स्विफ्ट कार और ऑटो के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें एक बच्ची और एक महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों का इलाज धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) में चल रहा है। मृतका के परिजन गुजरा महली ने बताया कि यह घटना गोविंदपुर थाना क्षेत्र के गहरा मोड़ के पास हुई, जहां तेज रफ्तार स्विफ्ट कार और ऑटो के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो सवार मुगार्बानी निवासी वंदना (10) और फूलमती देवी (35) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे में दो से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही गोविंदपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमएमसीएच भेजा गया। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। वहीं इस हादसे के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### चंदनकियारी के प्रेम कुमार ने 'इंस्पायर मानक' में लहराया परचम

**चंदनकियारी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र से आज बोकारो के लिए एक गौरवशाली खबर सामने आ रही है। आर.पी.पी.एस. स्कूल के कक्षा आठवीं के छात्र प्रेम कुमार ने भारत सरकार के प्रतिष्ठित 'इंस्पायर-मानक' पुरस्कार में अपनी जगह बनाकर जिले और स्कूल का नाम रोशन किया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रेम कुमार के नवाचार को भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने सराहा है। प्रेम को उनके इनोवेटिव आईडिया के लिए



10,000 रुपये का वित्तीय अनुदान और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। आपको बता दें कि प्रेम कुमार का यह प्रोजेक्ट न केवल वैज्ञानिक है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं से भी जुड़ा है। जिससे उनका आवागमन सुरक्षित हो सकेगा इस राशि का उपयोग प्रेम अब अपने मॉडल को और एडवांस बनाने में करेंगे, ताकि आगामी जिला स्तरीय प्रदर्शनी और परियोजना प्रतियोगिता में वे अपने स्कूल का प्रतिनिधित्व कर सकें। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार ने प्रेम की इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रेम ने अपने आस-पास की एक वास्तविक समस्या को समझा और उसका समाधान खोजा। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य छात्रों को एक ऐसा परिवेश देना है जहाँ वे 'लीक से हटकर' सोच सकें। प्रेम का यह प्रोजेक्ट समाज के लिए एक सार्थक समाधान है। निश्चित रूप से, प्रेम कुमार जैसे युवा वैज्ञानिक ही भारत के डिजिटल और तकनीकी भविष्य की नींव रख रहे हैं।

# नगरपालिका चुनाव : 17 मार्च को होगा शपथ ग्रहण एवं उपमहापौर/उपाध्यक्ष का अप्रत्यक्ष निर्वाचन





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के तहत आगामी 17 मार्च 2026 को प्रस्तावित महापौर (मेयर) एवं अध्यक्ष के शपथ ग्रहण तथा उपमहापौर एवं उपाध्यक्ष के अप्रत्यक्ष निर्वाचन को लेकर संबंधित निवार्ची पदाधिकारी - सहायक निवार्ची पदाधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारियों के साथ तैयारियों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी एवं विधि-सम्मत तरीके से संपन्न कराने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा - निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करें।

**09 मार्च को निर्गत होगी बैठक की सूचना**

निर्देशानुसार 09 मार्च 2026 को जिला दण्डाधिकारी/निवार्ची पदाधिकारी द्वारा बैठक की सूचना निर्गत की जाएगी। इसके तहत 17 मार्च 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे चास नगर निगम एवं फुसरो नगर परिषद में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक का आयोजन निम्नलिखित स्थानों पर किया जाएगा:-

- चास नगर निगम (वर्ग-ख) : चास नगर निगम कार्यालय सभागार, चास
- फुसरो नगर परिषद (वर्ग-ख) : फुसरो नगर परिषद कार्यालय सभागार, फुसरो

**महापौर/अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों का होगा शपथ ग्रहण:-**

बैठक के दौरान सर्वप्रथम निर्वाचित महापौर एवं अध्यक्ष का शपथ ग्रहण कराया जाएगा, इसके पश्चात वार्ड पार्षदों को शपथ दिलाई जाएगी। चास नगर निगम में शपथ ग्रहण प्रमंडलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, हजारीबाग द्वारा कराया जाएगा। वहीं, फुसरो नगर परिषद में शपथ ग्रहण उपायुक्त, बोकारो द्वारा कराया जाएगा। शपथ ग्रहण का समय पूर्वाह्न 11:15 बजे निर्धारित किया गया है।

**उपमहापौर एवं उपाध्यक्ष का होगा अप्रत्यक्ष निर्वाचन**

शपथ ग्रहण कार्यक्रम के पश्चात उपमहापौर (चास नगर निगम) एवं उपाध्यक्ष (फुसरो नगर परिषद) पद के लिए अप्रत्यक्ष निर्वाचन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कराया जाएगा। निर्वाचन की प्रक्रिया निम्न समय-सारिणी के अनुसार संपन्न होगी:-

- नाम निर्देशन पत्र दाखिल - पूर्वाह्न 11:30 बजे से 11:45 बजे तक
- नामांकन पत्रों की संवीक्षा - 11:45 बजे से 12:00 बजे तक
- वैध अभ्यर्थियों की सूची तैयार - 12:00 बजे से 12:15 बजे तक
- अभ्यर्थिता से नाम वापसी - 12:15 बजे से 12:30 बजे तक
- मतपत्र की तैयारी - 12:30 बजे से 12:45 बजे तक
- मतदान - 12:45 बजे से 01:15 बजे तक
- मतगणना - 01:15 बजे से 01:45 बजे तक
- परिणाम की घोषणा एवं निर्वाचन प्रमाण पत्र वितरण - 01:45 बजे से 02:00 बजे तक

**मतपत्र एवं वैध मतों को लेकर एसओपी तैयार करने का दिया निर्देश**

बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह डीपीआरओ मो. सफीक आलम को निर्देश दिया कि उपमहापौर एवं उपाध्यक्ष के निर्वाचन को लेकर मतपत्र की तैयारी, वैध मतों की गणना तथा मतदान की प्रक्रिया के लिए विस्तृत स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तैयार किया जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

**समान मत मिलने पर लॉटरी से होगा निर्णय**

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान यदि किसी अभ्यर्थी को समान मत (टाई) प्राप्त होते हैं, तो नियमानुसार लॉटरी (ड्रा ऑफ लॉट्स) के माध्यम से विजेता का निर्णय किया जाएगा।

**निर्वाचित उपमहापौर/उपाध्यक्ष का शपथ ग्रहण**

निर्वाचन परिणाम घोषित होने के पश्चात उपमहापौर एवं उपाध्यक्ष का शपथ ग्रहण अपराह्न 2:10 बजे कराया जाएगा। चास नगर निगम में नव निर्वाचित उपमहापौर को महापौर द्वारा शपथ दिलाई जाएगी। वहीं, फुसरो नगर परिषद में उपाध्यक्ष को अध्यक्ष द्वारा शपथ दिलाई जाएगी। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन से जुड़ी सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं तथा पूरी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत तरीके से संपन्न कराएं। बैठक में उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता (एसी) मो. मुमताज अंसारी, निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ चास प्रांजल ढांडा, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ बेरमो मुकेश मछुआ,जिला भू अर्जन पदाधिकारी द्वारिका बैठा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी शालिनी खालखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, डीएसडब्ल्यूओ डा. सुमन गुप्ता,बीडीओ चास डा. प्रदीप कुमार, बीडीओ बेरमो मुकेश कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, डीपीओ यूआइडी शैलेंद्र मिश्रा, एडीआइओ आदि उपस्थित थे।

## नापोखुर्द डबल मर्डर केस का खुलासाः स्कॉर्पियो चढ़ाकर 2 की हत्या, 7 आरोपी गिरफ्तार



**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र के नापोखुर्द गांव में हुए दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में मुख्य आरोपी समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 5 मार्च 2026 को सूचना मिली थी कि स्कॉर्पियो वाहन से आठ लोगों को टक्कर मार दी गई, जिसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद वाहन पलट गया और आरोपी फरार हो गए थे। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि नापोखुर्द निवासी विकास कुमार का ईंट भट्ठा व्यवसाय को लेकर विनोद साव, संजय साव और रोहित साव से पुराना विवाद चल रहा था। होली के अवसर पर 4 मार्च को विकास कुमार रांची से अपने गांव आया था और उसी दिन दोनों पक्षों के बीच फिर से विवाद हुआ। 5 मार्च को विकास कुमार अपने साथियों के साथ स्कॉर्पियो से विनोद साव और उसके दोस्तों से बदला लेने पहुंचा। उस समय वे लोग होली के मौके पर डीजे बजाकर नाच रहे थे। इसी दौरान विकास कुमार ने तेज गति से स्कॉर्पियो उन पर चढ़ा दी और बाद में गाड़ी में रखे लाठी, लोहे की रॉड और पाइप से मारपीट की। इस हमले में रोहित कुमार और प्रदीप कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी स्कॉर्पियो से भागने लगे, लेकिन गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकराकर पलट गई। इसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने एसआईटी गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए 7 मार्च को मुख्य आरोपी विकास कुमार समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटनास्थल से स्कॉर्पियो वाहन, तीन मोबाइल फोन, लोहे की रॉड, लोहे का पाइप और दो लाठियां बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपियों में विकास कुमार, प्रभात कुमार महतो, कुलदीप कुमार गंझू, दीपक तिवारी, पारसनाथ महतो उर्फ सिटन, घनश्याम कुमार और नागेन्द्र गंझू शामिल हैं। सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

## बड़कागांव में तुलसी महतो हत्याकांड का खुलासा, जमीन विवाद में 3 आरोपी गिरफ्तार



**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत सिकरी ओपी इलाके में हुई तुलसी महतो की निर्मम हत्या का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने हत्या में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है तथा घटना में प्रयुक्त लोहे का हथियार चिल्होठी (बैठी) और एक मोबाइल भी बरामद किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 मार्च 2026 को तुलसी महतो की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी और साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को तालाब किनारे फेंक दिया गया था। घटना के बाद मृतक की पत्नी के लिखित आवेदन के आधार पर बड़कागांव (सिकरी ओपी) थाना में कांड संख्या 35/26 दिनांक 4 मार्च 2026 को बीएनएस 2023 की धारा 103(1), 238 एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव पवन कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अल्प समय में ही घटना का खुलासा कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि उनका तुलसी महतो से लंबे समय से आपसी रंजिश और जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। करीब तीन माह पूर्व तुलसी महतो के पिता की मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद वह घर का अकेला सदस्य रह गया था। इसी का फायदा उठाकर आरोपियों ने उसकी हत्या कर जमीन हड़पने की योजना बनाई। योजना के तहत आरोपियों ने तुलसी महतो को मीना महतो के घर छठियारी खाने के बहाने बुलाया और उसे अत्यधिक शराब पिलाई। देर रात घर लौटने के दौरान रास्ते में उसे धक्का देकर गिरा दिया गया और तीनों आरोपियों ने उसे पकड़कर लोहे के हथियार चिल्होठी से गला रेतकर हत्या कर दी। बाद में शव को तालाब किनारे फेंक दिया गया ताकि घटना को छिपाया जा सके। गिरफ्तार आरोपियों में पारनदी सिकरी निवासी सुरेंद्र महतो, मीना महतो और बासुदेव महतो शामिल हैं। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार, पुलिस निरीक्षक ललित कुमार, सिकरी ओपी प्रभारी रामकुमार राम, अजय कुमार, इन्द्रजीत उपाध्याय समेत तकनीकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## चौपारण में टेम्पू चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश, 24 घंटे में टोटो बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

**चौपारण हजारीबाग /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र में टेम्पू (टोटो) चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी किया गया टोटो रांची जिले के ओरमांझी थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 6 मार्च 2026 को सुरेंद्र यादव (पिता-महेंद्र यादव), निवासी बरहमोरिया, थाना चौपारण ने आवेदन देकर बताया कि उनका तीन पहिया वाहन टोटो/टेम्पू (रजिस्ट्रेशन संख्या खल02-इ-4189) चोरी हो गया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपना टोटो चलाने के लिए मचला निवासी गेंदों पासवान को दिया था, जिसने रोज की तरह वाहन चलाकर अपने घर के पास खड़ा किया था। इसी दौरान रात में अज्ञात चोरों ने वाहन चोरी कर लिया। आवेदन के आधार पर चौपारण थाना में कांड संख्या 56/26, दिनांक 6 मार्च 2026 को धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक हजारीबाग को दी गई, जिसके निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस ने मानवीय और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर दिया। छापेमारी के दौरान चोरी किया गया टोटो रांची जिले के ओरमांझी थाना क्षेत्र से बरामद किया गया तथा चोरी में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में प्रकाश कुमार (20 वर्ष), राजा कुमार (19 वर्ष) और गौतम कुमार (20 वर्ष) शामिल हैं। तीनों आरोपी कोडरमा जिले के रहने वाले हैं और इनके खिलाफ पूर्व में भी विभिन्न थाना क्षेत्रों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## बाल विवाह मुक्ति रथ ने बोकारो मे दी बाल विवाह के खात्मे को रफ्तार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत सरकार के केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पहल पर संचालित '100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' के तहत बोकारो जिले में बाल विवाह के विरुद्ध माहौल बनाने में 'बाल विवाह मुक्ति रथ' ने निर्णायक भूमिका निभाई है। बोकारो जिले के सुदूर गांवों और कस्बों तक पहुंचे इस रथ ने न केवल लोगों को जागरूक किया, बल्कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से मिटाने के संकल्प को भी मजबूती दी। बोकारो जिले में इस अभियान का नेतृत्व कर रही बोकारो की सहयोगिनी संस्था ने रथ यात्रा के समापन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उत्साहजनक आंकड़े साझा किए। इस दौरान बोकारो उपायुक्त कार्यालय में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता सहित अभिषेक कुमार, आफताब आलम, महादेव महतो, नम्रता जोशी एवं सीओ नरेंद्र कुमार सिंह, अशोक राम, बीडीओ सीमा कुमारी,बेरमो में एसडीएम मुकेश मछुआ,चास में बीडीओ प्रदीप कुमार के अलावा बीडीओ अजय कुमार शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के प्रस्तावित दौरे को लेकर डीसी ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रश्नावली प्रारूप में जानकारी 10 मार्च तक उपलब्ध कराने का निर्देश**



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के प्रस्तावित दौरे को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त अजय नाथ झा ने संबंधित विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रश्नावली प्रारूप के आधार पर अनुसूचित जनजातियों के लिए कार्यान्वित संवैधानिक संरक्षोपाय, कल्याण एवं विकास योजनाओं से संबंधित सूचनाओं के संकलन और तैयारी की समीक्षा की गई।

**14 मार्च को आयोग अध्यक्ष का प्रस्तावित दौरा**

उपायुक्त ने बताया कि आयोग के अध्यक्ष का बोकारो दौरा आगामी 14 मार्च को प्रस्तावित है। इस दौरे के दौरान जिले में अनुसूचित जनजाति समुदाय के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों तथा संवैधानिक प्रावधानों के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। इसे देखते हुए सभी विभागों को आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

**प्रश्नावली प्रारूप में तैयार होगी समेकित रिपोर्ट**

बैठक में उपायुक्त ने कहा कि आयोग की ओर से उपलब्ध कराए गए प्रश्नावली प्रारूप में जिले से संबंधित सभी आवश्यक सूचनाएं संकलित की जानी हैं। इन सूचनाओं के आधार पर एक समेकित रिपोर्ट तैयार कर आयोग को भेजी जाएगी। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित आंकड़े और विवरण निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराएं, ताकि रिपोर्ट सटीक और व्यापक रूप से तैयार की जा सके।

**10 मार्च तक जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश**

उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आयोग द्वारा मांगी गई सूचनाएं 10 मार्च तक हर हाल में उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ जानकारी भरें, ताकि जिले में अनुसूचित जनजातियों के लिए चल रही योजनाओं और कार्यक्रमों की वास्तविक स्थिति आयोग के समक्ष प्रस्तुत की जा सके।

**विशेष पहल और योजनाओं का करें उल्लेख**

उपायुक्त ने कहा कि यदि किसी विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति समुदाय के लिए कोई विशेष योजना, नवाचार या अलग पहल की जा रही है, तो उसका स्पष्ट रूप से उल्लेख रिपोर्ट में किया जाए। इससे आयोग के समक्ष जिले की सकारात्मक पहल और कार्यों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जा सकेगा।

## जल शोधन प्रणाली में सुरक्षा और आधुनिकता का समावेशः बीएसएल में हाइपोक्लोराइड डोज़िंग स्टेशन का उद्घाटन





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के जल प्रबंधन विभाग (डब्ल्यूएमडी) में पेयजल उपचार की प्रक्रिया को अधिक सुदृढ़, सुरक्षित और आधुनिक बनाने की दिशा में आज दिनांक 07 मार्च 2026 को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की गई. संयंत्र में नवनिर्मित हाइपोक्लोराइड डोज़िंग स्टेशन का औपचारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व निदेशक प्रभारी (राउरकेला इस्पात संयंत्र) अतानु भौमिक एवं अधिशासी निदेशक (संकार्य) अनुप कुमार दत्त द्वारा संयुक्त रूप से किया गया. इस नई प्रणाली के क्रियान्वयन से अब जल शोधन की प्रक्रिया न केवल सरल और प्रभावी हो जाएगी, बल्कि सुरक्षा के मानकों में भी उल्लेखनीय सुधार होगा. इस आधुनिक डोज़िंग स्टेशन के माध्यम से पेयजल में कीटाणुनाशक की सटीक मात्रा बनाए रखना संभव होगा, जिससे आपूर्ति किए जाने वाले जल की गुणवत्ता निरंतर उच्च बनी रहेगी. गौरतलब है कि पूर्व में पेयजल के उपचार के लिए क्लोरीन गैस का उपयोग किया जाता था. यद्यपि यह विधि कीटाणुशोधन में प्रभावी थी, परंतु सुरक्षा के दृष्टिकोण से क्लोरीन गैस का भंडारण और उसका उपयोग अत्यंत जोखिमपूर्ण एवं चुनौतीपूर्ण कार्य था. नवीन हाइपोक्लोराइड प्रणाली ने इस सुरक्षा जोखिम को पूरी तरह समाप्त कर दिया है, जिससे कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित हुई है. इस परियोजना का सफल क्रियान्वयन मुख्य महाप्रबंधक (उपयोगिताएं) संजीव रंजन सिंह के कुशल नेतृत्व में जल प्रबंधन विभाग की टीम द्वारा किया गया. इस कार्य में महाप्रबंधक अनुपम कुमार, महाप्रबंधक के. भट्टाचार्या, उप महाप्रबंधक ई. मिंज, सहायक महाप्रबंधक एच. शेखर, सहायक महाप्रबंधक एस. गंगवार, सहायक महाप्रबंधक अंकित कुमार, सहायक महाप्रबंधक मनोज कुमार, सहायक महाप्रबंधक बी. राम तथा विभाग के अन्य कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा. उद्घाटन समारोह के दौरान अतिथियों ने टीम डब्ल्यूएमडी के प्रयासों की सराहना की और इसे तकनीकी उन्नयन की दिशा में एक बड़ा कदम बताया. हाइपोक्लोराइड डोज़िंग स्टेशन की यह पहल बोकारो इस्पात संयंत्र की अपने कर्मियों और नगरवासियों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है. जोखिमपूर्ण प्रणाली के स्थान पर इस सुरक्षित विकल्प को अपनाना न केवल संयंत्र की सुरक्षा संस्कृति को मजबूती प्रदान करता है, बल्कि परिचालन दक्षता और जल की गुणवत्ता सुनिश्चित कर 'शून्य क्षति' के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी सहायक सिद्ध होगा.

**बीएसएल में महिला संविदा कर्मियों के लिए 'निष्ठा' कार्यशाला का आयोजन**

बोकारो इस्पात संयंत्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अंतर्गत 'निष्ठा' पहल के माध्यम से दिनांक 07 मार्च 2026 को अधिशासी निदेशक (संकार्य) सेमिनार हॉल में महिला संविदा कर्मियों के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में संयंत्र के विभिन्न विभागों से कुल 141 महिला संविदा कर्मियों ने भाग लिया. कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को कार्यस्थल पर सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इनमें कार्यस्थल पर महिलाओं के प्रति लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, विशाखा दिशा-निर्देश, POSH समिति की भूमिका एवं कार्यप्रणाली, तथा संविदा श्रम प्रबंधन से जुड़े प्रावधानों जैसे विषय शामिल थे. सत्र के दौरान प्रतिभागियों को उनके अधिकारों तथा सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं के बारे में भी जागरूक किया गया. इस कार्यशाला के सफल आयोजन में संयंत्र के विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक तथा विभागाध्यक्ष का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ, जिनके द्वारा विभिन्न विभागों से महिला संविदा कर्मियों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित हुई. उल्लेखनीय है कि ह्यनिष्ठाह्न पहल के माध्यम से बोकारो इस्पात संयंत्र एक सुरक्षित, समावेशी एवं गरिमापूर्ण कार्यस्थल के निर्माण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ कर रहा है तथा महिलाओं की सक्रिय एवं सशक्त भागीदारी को प्रोत्साहित कर रहा है.

**'नन्ही चिट्ठियां, बड़ी मुस्कान' बीएसएल में महिला सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करने की अनूठी पहल**

बोकारो इस्पात संयंत्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के समारोहों की श्रृंखला में दिनांक 06 मार्च 2026 को "लिटिल नोट्स, बिग स्माइल्स" (नन्ही चिट्ठियाँ, बड़ी मुस्कान) नामक एक हृदयस्पर्शी पहल का आयोजन किया गया. यह एक अनूठा मंच था जहाँ संयंत्र के कार्मिकों ने अपनी महिला सहयोगियों के प्रति संक्षिप्त हस्तलिखित पत्रों के माध्यम से अपना आभार और सम्मान व्यक्त किया.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK